YouTube kanwhizztimes
Facebook @kanwhizztimes lucknow
Twitter @kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-323 | सोमवार, 23 दिसम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।

योगी आदित्यनाथ

राष्ट्र भूभाग नहीं सनातन मूल्य से जुड़ा विचार और संस्कृति : बागड़े 11

जालंधर में चार ड्रग तस्करों की 84.52 लाख की संपत्ति जब्त 12

संक्षेप

राहुल गांधी सात जनवरी को बरेली कोर्ट में तलब

बरेली। कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी के आर्थिक सर्वेक्षण संबंधी बयान को लेकर बरेली जिला एवं सत्र न्यायालय ने उन्हें नोटिस जारी किया। कोर्ट सुनवाई के लिए 7 जनवरी 2025 तारीख तय हुई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के विरुद्ध फौजदारी निगरानी स्वीकार कर सुनवाई करते नोटिस भेजकर तलब किया है। बरेली सुभाषनगर निवासी अखिल भारतीय हिंदू महासंघ मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक ने अधिवक्ता वीरेंद्र पाल गुप्ता और अनिल द्विवेदी माध्यम से राहुल गांधी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एमएलए –एमपी कोर्ट /सीजेएम कोर्ट में अर्जी दी थी। इसे कोर्ट ने 27 अगस्त को निरस्त कर दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए सेशन कोर्ट में रिवीजन फाइल की गई। अधिवक्ता वीरेंद्र पाल गुप्ता ने बताया कि राहुल गांधी राजनीतिक लाभ के लिए वर्ग विद्वेष की भावना पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस को सत्ता में लाने की ललक में जानबूझकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मन में शत्रुता, घृणा और वैमनस्य की भावना फैलाने का प्रयास किया है। राहुल के भाषण के हिस्से आपत्तिजनक हैं।

मोदी रोजगार मेले में 71 हजार कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को रोजगार मेले में केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों तथा संगठनों में नवनियुक्त कर्मियों को आभासी माध्यम से 71,000 से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। वह इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म–सशक्तिकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। रोजगार मेला देश भर में 45 स्थलों पर आयोजित किया जाएगा।

डा. अंबेडकर के अपमान पर कांग्रेस का उतावलापन विशुद्ध छलावा : मायावती

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने डा. भीमराव अंबेडकर के अपमान को लेकर कांग्रेस का उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है। बसपा सुप्रीमो ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखते हुए कहा है कि डा. भीमराव अंबेडकर का अमित शाह द्वारा संसद में किए अनादर को लेकर देश भर में लोगों में भारी आक्रोश है। उनकी उपेक्षा व देशहित में उनके संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस पार्टी का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है। उन्होंने कहा है कि बाबा साहेब का नाम लेकर उनके अनुयाइयों के वोट के स्वार्थ की राजनीति करने में कांग्रेस व भाजपा आदि पार्टियां एक ही थैली के चट्टे–बट्टे हैं।

भारत-कुवैत संबंधों का विस्तार

रक्षा, संस्कृति और खेल के क्षेत्रों में व्यापक सहयोग के समझौतों पर हस्ताक्षर

एजेंसी

कुवैत सिटी। भारत एवं कुवैत ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर बढ़ाने के फैसले के साथ ही रक्षा, संस्कृति, खेल के क्षेत्रों में व्यापक सहयोग के समझौतों पर हस्ताक्षर किये तथा कुवैत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठजोड़ (आईएसए) में शामिल होने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कुवैत के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री शेख सबा अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा के बीच द्विपक्षीय बैठक के बाद इन चार दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए।

विदेश मंत्रालय के अनुसार रक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और कुवैत के बीच समझौता ज्ञापन रक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को संस्थागत रूप देगा। सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में प्रशिक्षण, कर्मियों और विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, संयुक्त अभ्यास, रक्षा उद्योग में सहयोग, रक्षा उपकरणों की आपूर्ति और अनुसंधान एवं विकास में सहयोग शामिल हैं।

दूसरे समझौते के तहत वर्ष 2025-2029 के लिए भारत और कुवैत के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी) कला, संगीत, नृत्य, साहित्य और रंगमंच में अधिक सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में सहयोग, संस्कृति के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और त्योहारों के आयोजन की सुविधा प्रदान की जाएगी।

तीसरा समझौता खेल के क्षेत्र में सहयोग के लिए कार्यकारी कार्यक्रम (ईपी) वर्ष (2025-2028) के दौरान अनुभव साझा करने, खेल के क्षेत्र में कार्यक्रमों और परियोजनाओं में भागीदारी, खेल चिकित्सा, खेल प्रबंधन, खेल में विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के लिए खेल मीडिया, खेल विज्ञान, अन्य क्षेत्र की हस्तियों की यात्राओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा देकर भारत और कुवैत के बीच खेल के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करेगा।

चौथे दस्तावेज में अंतराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में कुवैत की सदस्यता की पुष्टि की गई है, जो आईएसए की सामूहिक रूप से सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ा कर सदस्य देशों को कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में चुनौतियों के समाधान में मददगार सिद्ध होगी।

मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च सम्मान, 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से हुए सम्मानित

नई दिल्ली। कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया है। यह किसी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया गया 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का एक नाइटहुड ऑर्डर है।

यह ऑर्डर मित्रता के प्रतीक के रूप में राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी प्रमुखों तथा विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। इसे पहले बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे विदेशी नेताओं को प्रदान किया जा चुका है।

शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे पीएम मोदी 43 साल में खाड़ी देश का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। कुवैत का दौरा करने वाली अंतिम भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थी जिन्होंने 1981 में कुवैत का दौरा किया था। इससे पहले पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'कुवैत के महामहिम अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल सबा के साथ शानदार मुलाकात हुई।हमने फार्मास्यूटिकल्स, आईटी, फिनटेक, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।हमारे देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों के अनुरूप, हमने अपनी साझेदारी को रणनीतिक स्तर तक बढ़ाया है और मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में हमारी दोस्ती और भी मजबूत होगी। भारत कुवैत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से एक है। भारतीय समुदाय कुवैत में सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। खाड़ी देश भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से एक है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10।47 बिलियन ● शेष पेज 11 पर

सोशल मीडिया पर छाया यूपी सीएम ऑफिस का 'एक्स' हैंडल

छह मिलियन (60 लाख) हुई फॉलोअर्स की संख्या

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

उपलब्धि

- सभी सोशल मीडिया साइट्स पर काफी सक्रिय हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। यूपी की 25 करोड़ जनता के साथ ही देश में भी योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता दिनोंदिन काफी तेजी से बढ़ रही है। जनता से संवाद और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण में योगी आदित्यनाथ काफी आगे रहते हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी उनकी जबर्दस्त सक्रियता रहती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट (एख्र ग्द्धद्बदद्द, ब्ध्ठ्ठ) पर भी फॉलोअर्स की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। रविवार को यह संख्या छह मिलियन (60 लाख) पहुंच गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निजी 'एक्स' अकाउंट पर फॉलोअर्स की संख्या 30.9 मिलियन (3.09 करोड़), इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या 13.1 मिलियन (1.31 करोड़) है। इसी क्रम में रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर फॉलोअर्स की संख्या छह मिलियन (60 लाख) पहुंच गई है।

योगी आदित्यनाथ के व्हाट्सऐप चैनल पर 35.36 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 2017 में सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने जिस तरह राज्य में विकास और सुशासन के साथ-साथ कानून और व्यवस्था में व्यापक सुधार किए, उससे उनकी लोकप्रियता नए मुकाम पर पहुंच गई है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आमजन से संवाद के लिए जाने जाते हैं। वह किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में एक तरफ बच्चों से मुखातिब होकर प्यार लुटाते हैं तो दूसरी तरफ 'जनता दर्शन' में आए लोगों की समस्याओं को उनके पास जाकर सुनते भी हैं और निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी करते हैं। योगी आदित्यनाथ नियमित रूप से पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र को लेकर संवाद स्थापित करते हैं तो सोशल मीडिया के माध्यम से आई शिकायतों को भी संज्ञान में लेकर निस्तारण के लिए संबंधित अफसरों को निर्देश देते हैं।

30 लॉकर खाली, लखनऊ के बैंक में सेंधमारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। चिनहट इलाके के मटियारी में इंडियन ओवरसीज बैंक में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने बैंक की दीवार काटकर अंदर घुसे और सुरक्षा अलार्म तोड़ दिया। इसके बाद 30 लॉकर काटकर करोड़ों रुपये के गहने चुरा लिए। रविवार दिन में इस घटना खुलासा हुआ।

बैंक मैनेजर संदीप सिंह ने बताया कि बैंक के बगल में स्थित खाली प्लॉट की तरफ से दीवार काटकर बैंक के अंदर सेंध लगाई गई। फिर चोरों ने लॉकर काटकर करोड़ों रुपये के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक बैंक का अलार्म सिस्टम खराब था। जिससे वारदात के समय काम नहीं कर सका। साथ ही बैंक में सुरक्षा गार्ड भी तैनात नहीं था। जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

उधर, मामले की जानकारी होने पर आला अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे। साथ ही डॉग स्क्वायड भी घटना पर जांच के लिए भेजा गया। मामले की जांक के लिए फिलहाल 6 टीमों को लगाया गया है।

संभल में एएसआई टीम तीसरे दिन भी सर्वे में डटी

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की चार सदस्यीय टीम का सर्वे कार्य रविवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी है। लखनऊ से आई एएसआई की टीम ने शुक्रवार और शनिवार को संभल में छह तीर्थ स्थलों और 20 कुओं का सर्वे किया था। टीम शनिवार को प्राचीन कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची थी और वहां करीब 30 मिनट तक रुककर हर बिंदु की बारीकी से जांच की और साक्ष्य जुटाए। टीम ने यहां गुंबद और अन्य संरचनाओं की ऐतिहासिकता का पता लगाने के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई। बीते दिनों जनपद में चलाये गए अति?क्रमण अभियान के दौरान मुस्लिम बाहुल्य इलाके में शिव मंदिर और बंद कुएं मिले थे। इसके बाद जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने जांच के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को पत्र लिखकर जिले के प्राचीन तीर्थ स्थलों और कुओं का निरीक्षण कराने की मांग की थी। एएसआई की टीम ने शुक्रवार और शनिवार को संभल में कुल 19 कुओं और पांच तीर्थ स्थलों का सर्वे किया। इस दौरान टीम ने खग्गू सराय स्थित प्राचीन शिव मंदिर और वहां परिसर में ● शेष पेज 11 पर

चुनाव नियम बदलना सरकार की सोची–समझी साजिश : खरगे

एजेंसी

निशाना

- सरकार ने चुनाव के इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर लगाई रोक
- खरगे ने केंद्र पर आयोग की संस्थागत शुचिता को नष्ट करने की साजिश का आरोप लगाया

नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण को रोकने के लिए चुनाव नियम में बदलाव करने को लेकर रविवार को सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह चुनाव आयोग की संस्थागत शुचिता को नष्ट करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की 'व्यवस्थित साजिश' का हिस्सा है। खरगे ने यह भी कहा कि मोदी सरकार द्वारा चुनाव आयोग की निष्ठा को जानबूझकर खत्म किया जाना संविधान और लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

सरकार ने चुनाव नियमों में बदलाव करते हुए सीसीटीवी कैमरा और वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण को रोक दिया है, ताकि उनका दुरुपयोग रोका जा सके। चुनाव आयोग की सिफारिश के आधार पर, केंद्रीय कानून मंत्रालय ने सार्वजनिक निरीक्षण के लिए रखे गये कागजात या दस्तावेजों के प्रकार को प्रतिबंधित करने के लिए चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93(2)(ए) में संशोधन किया है।

खरगे ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया जताते हुए कहा, 'चुनाव संचालन नियमों में मोदी सरकार का दुस्साहसिक संशोधन भारत के चुनाव आयोग की संस्थागत अखंडता को नष्ट करने की उसकी व्यवस्थित साजिश के तहत किया गया एक और हमला है।' उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'इससे पहले, उन्होंने चीफ जस्टिस को उस चयन समिति से हटा दिया था जो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करती है और अब वे हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी चुनावी जानकारी को रोकने में लगे हैं। खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने और ईवीएम में पारदर्शिता की कमी जैसी चुनाव संबंधी अनियमितताओं के बारे में जब भी चुनाव आयोग को पत्र लिखा है तो उसने इसका तिरस्कारपूर्ण लहजे में जवाब दिया है और कुछ गंभीर शिकायतों को स्वीकार भी नहीं किया है। ● शेष पेज 11 पर

15 आईपीएस के ट्रांसफर नौ जिलों के कप्तान बदले

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

विक्रांत वीर बलिया से देवरिया भेजे गए, संकल्प शर्मा का लखनऊ तबादला

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने रविवार रात 15 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। इनमें नौ जिलों के पुलिस अधीक्षक को बदल दिया गया है। इनमें जौनपुर, अंबेडकरनगर, कासगंज, अमेठी, बलिया, सिर्धार्थनगर, देवरिया, बहराइच और हाथरस के पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। वहीं लखनऊ के तीन डीसीपी रामनयन सिंह, कुमार केशव और डॉ. ओमवीर सिंह को जिलों का पुलिस मुखिया बनाया गया है।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश की ओर से जारी आदेश के मुताबिक जौनपुर के एसपी डॉ. अजय पाल को प्रयागराज का अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, अम्बेडकरनगर के एसपी डॉ. कौस्तुभ को जौनपुर, कासंगज की एसपी अपर्णा रजत कौशिक को अमेठी, कानपुर नगर की डीसीपी अंकिता शर्मा को कासगंज का एसपी बनाया गया है। इसी तरह अमेठी के एसपी डॉ. अनूप कुमार सिंह को 35वीं वाहिनी का सेनानायक नियुक्त किया गया जबकि बलिया के एसपी विक्रान्त वीर को देवरिया, बाराबंकी से चिंरजीव नाथ सिन्हा को हाथरस का एसपी बनाया गया है। इसके अलावा सिद्धार्थनगर की एसपी प्राची सिंह को 32 वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक बनाया गया। प्रतिनियुक्त से लौटे डॉ. अभिषेक महाजन को सिद्धार्थनगर का एसपी, देवरिया के एसपी संकल्प शर्मा को डीसीपी लखनऊ, बहराइच की एसपी वृन्दा शुक्ला को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की एसपी और हाथरस के एसपी निपुन अग्रवाल को डीसीपी लखनऊ पद पर तैनाती दी गई है।

इसके अलावा लखनऊ में तैनात डीसीपी उत्तरी रामनयन सिंह को बहराइच, डीसीपी दक्षिणी केशव कुमार को अम्बेडकरनगर और डीसीपी पश्चिम डॉ. ओमवीर सिंह को बलिया का एसपी बनाया गया है।

सदन के ठप होने को लेकर उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले

सांसद सोचे की वह संसद में क्यों आए थे

एजेंसी

- धनखड़ ने चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 प्रदान किए
- कृषि और ग्रामीण विकास के बिना विकसित राष्ट्र संभव नहीं: धनखड़

नई दिल्ली। शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में जबर्दस्त हंगामा हुआ। पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ के सांसदों ने इस दौरान जमकर नारेबाजी और हंगामा काटा। अब इस मामले पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि सांसदों को अपनी जवाबदेही तय करनी होगी। हम सदन की अव्यवस्था को व्यवस्था मानकर नहीं चल सकते। अगर सांसद खुद ऐसा नहीं करते तो उम्मीद है कि लोग उन्हें जल्दी ही उन्हें यह सोचने पर मजबूर कर देंगे कि उन्हें संसद में क्यों भेजा गया था।

चौधरी चरण सिंह पुरस्कार-2024 के पुरस्कार विजेताओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए बातचीत और बहस बेहद जरूरी है। यह बातचीत पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ की जिम्मेदारी के बाद ही संपन्न होती है। उन्होंने कहा कि मैं सांसदों के बारे में ही बात कर रहा हूं। देश उन्हें देखता है। सदन की कार्यवाही जिस तरीके से चलती है उससे लोगों ने अव्यवस्था को ही व्यवस्था मानना शुरू कर दिया है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुझे लगता है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो लोग इसके बारे में लिखेंगे और उनके लेख लोगों तक पहुंचेंगे और फिर लोग आपको यह सोचने पर मजबूर कर देंगे कि आप संसद में क्यों आए हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि ग्रामीण भारत और कृषि विकास के बिना विकसित राष्ट्र का स्वप्न पूरा करना संभव नहीं है। कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है। जब तक कृषि का विकास नहीं होगा, ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदल सकता और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलेगा, हम विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं रख सकते।

देश की आर्थिक प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, ल्इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस समय भारत पहले से कहीं ज़्यादा तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। निस्संदेह, हमारी अर्थव्यवस्था फल-फूल रही है। हम वैश्विक स्तर पर पांचवें सबसे बड़े देश हैं और जापान और जर्मनी से आगे निकलकर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं लेकिन वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के लिए हमारी आय में आठ गुना वृद्धि होनी चाहिए जो एक बड़ी चुनौती है।श्री धनखड़ ने गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि गांव की अर्थव्यवस्था तभी बेहतर हो सकती है, जब किसान और उनका परिवार ● शेष पेज 11 पर

टोल प्लाजा के ठेके में कम स्टांप वसूली से 39 करोड़ का नुकसान

सीएजी के रिपोर्ट में उठाई गई आपत्ति स्टांप वसूली में नियमों की हुई अनदेखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विधानसभा में रखी गई भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा के लिए ठेका देने में स्टांप शुल्क निर्धारण में नियमों की अनदेखी की है। इसके चलते सरकार को 39.61 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

सीएजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि पट्टे के अंतर्गत आने वाले टोल का ठेका देने के लिए पंजीकृत अनुबंध किया जाना अनिवार्य है। भारतीय स्टांप अधिनियम अधिनियम में दी गई व्यवस्था के अनुसार पंजीकृत पट्टे पर दो फीसदी स्टांप शुल्क लिया जाना चाहिए। सीएजी ने रिपोर्ट में कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण में कहा गया है कि सितंबर 2019 में दो प्रतिशत स्टांप शुल्क लेने को कहा गया। पट्टे की तिथि से वास्तवित भुगतान की तिथि तक गणना की गई। कम स्टांप शुल्क की धनराशि पर प्रति माह डेढ़ प्रतिशत की साधारण ब्याज लिया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त वर्ष दर वर्ष या एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए या वार्षिक किराया आरक्षित करने वाले अचल संपत्ति के पट्टो दस्तावेजों को निर्धारित दरों पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत किया जाना चाहिए। जांच में पाया गया है कि कुल निर्धारित धनराशि चार प्रतिशत दो प्रतिशत स्टांप व दो प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लिया जाना चाहिए था, लेकिन नियमों का पालन नहीं किया गया। सीएसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपीडा ने आईएस अधिनियम के अंतर्गत सार्वजनिक कार्यालय होने के बाद भी ठेकेदारों से न तो सही स्टांप शुल्क जमा कराया और न ही इन अनुबंधों को करने से पहले समय से पंजीकरण शुल्क सुनिश्चित किया गया। देरी से जमा किए जाने की वजह से स्टांप शुल्क 13.90 करोड़ और पंजीकरण शुल्क 17 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में यह भी कहा है कि यूपीडा ने अपने उत्तर में कहा है कि सराकर ने इन दस्तावेजों के पंजीकरण की आवश्यकता को इंगित नहीं किया है। स्टांप शुल्क जमा करने और विधि के अनुसार अन्य अपेक्षाओं के संबंध में लागू कानूनों का पालन करना ठेकेदार का एकमात्र दायित्व था।

कुंभ नगर में श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा ने धूमधाम से किया नगर प्रवेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महा कुम्भनगर। रविवार को श्रीपंच दशनाम आवाहन अखाड़े ने नगर प्रवेश किया। जनवरी माह से संगमनगरी में शुरू होने वाले महाकुंभ महापर्व के लिए पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा ने भी बैंड बाजा के साथ पारंपरिक तरीके से नगर प्रवेश किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अखाड़ा के स्वामी सत्यगिरी और महंत श्याम दास की अगुवाई में भारी संख्या में संतों ने नगर प्रवेश किया। इस मौके पर आचार्य महामंडलेश्वर अरुणगिरि, स्वामी कैलाशानंद, पूनम गिरि समेत सेकड़ों की संख्या में संत एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। अखाड़ा की यात्रा नवनिर्मित अखाड़ा भवन मड़ौका आश्रम से निकलकर मड़ौका मार्ग होकर पुराना रीवा मार्ग से होते हुए डांडी तिराहा पहुंची। इसके बाद रीवा मार्ग से होकर लेप्रोसी चौराहा, नये यमुना पुल से

होते हुए त्रिवेणी मार्ग के बाद फोर्ट रोड चौराहा होते हुए उत्तरी पांटून पुल पार कर अखाड़ा शिविर में प्रवेश किया।

पेशवाई में सबसे आगे अखाड़े की बड़ी धर्म ध्वजा, पीछे बैंड पर भक्ति गीत बज रहे थे । इसके ठीक पीछे अश्व पर सवार नागा साधु और उसके पीछे ऊंट की सवारियां करते संत, हाथ में भाले, तलवार और लाठियां लिए नागा संन्यासियों का दल ऐसे जा रहा था उत्साहित सेना अपने पर विजय पथ पर अग्रसर हो रही है। नए यमुना ब्रिज को जैसे ही पेशवाई ने पार किया दोनों ओर वाहनों का काफिला कुछ देर के लिए रुक गया। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे, सभी संतों का आशीर्वाद लेने के लिए आतुर दिखाई पड़े। नागा साधु तलवार, भाला और लाठियों से करतब दिखा रहे थे। पूरे समय सेल्फी लेने वालों में होड़ लगी रही। रविवार की शाम जैसे ही अखाड़ा मेला प्राधिकरण कार्यालय के सामने पहुँचा तब प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, डीएम महाकुम्भ नगर विजय किरन आनंद, एसएसपी महाकुम्भ राजेश द्विवेदी, एडीएम महाकुम्भ विवेक चतुर्वेदी ने संतों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

- नागा साधु तलवार, भाला और लाठियों से दिखाया करतब
- मेला प्रशासन ने माला पहनाकर किया स्वागत
- शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात रहा बाधित

चिल्ड्रेन्स अकादमी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस उत्सव, बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजरतगंज के माल एवेन्यू स्थित चिल्ड्रेन्स अकादमी में बड़े हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें इस समारोह में मुख्य अतिथि डिम्पल यादव सांसद तथा विशिष्ट अतिथि मन्जीत बत्रा प्रधानाचार्या सीएमएस स्कूल एक्सटेंशन गोमती नगर मौजूद रही। कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रमों का आरम्भ हील द वर्ल्ड कार्यक्रम के द्वारा हुआ, जिसमें पृथ्वी पर किस प्रकार शांति का वातावरण रखा जा सकता है की प्रस्तुति बड़े बच्चों द्वारा प्रदर्शित की गई, मार्शल आर्ट्स के अन्तर्गत भारत का कलरिपयाट्टू, चीन का कुंग-फू, जापान का कराटे एवं कोरिया का पोम्से कला का प्रदर्शन कक्षा 5 से 7 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। नर्सरी से कक्षा 1 के नन्हे-मुन्नों द्वारा प्रस्तुत लॉयन किंग दर्शकों को बहुत भाया। निन्जा कला का प्रदर्शन तथा सस्टेनेबल प्लेनेट जिसमें अलग-अलग

प्राणियों के पृथ्वी पर बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाये रहने की कला का प्रदर्शन को दर्शकों ने तालियों से सराहा। उत्सव का मुख्य आकर्षण कक्षा 7 से 11 तक की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय नृत्य जिसमें भरतनाट्यम, कत्थक, ओडिसी तथा मोहिनीअट्टम जैसी नृत्य कलाओं का प्रदर्शन रहा और

दर्शकों द्वारा छात्राओं का जोरदार तालियों से उत्साहवर्धन भी किया गया। वहीं कार्यक्रम के अन्त में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन संता क्लौज़ के द्वारा बच्चों को स्वीट्स बांटकर किया गया। इस मौके पर अन्य अतिथियों में आर.के.सिंह प्रधानाचार्य शिवा पब्लिक स्कूल, मधुकर जेटली पूर्व विधायक, ऋचा खन्ना प्रधानाचार्या एवं संयुक्त सचिव सहोदया, माला मेहरा निदेशक तथा प्रधानाचार्या हॉर्नर कॉलेज, आर.पी.मिश्रा चिल्ड्रेन्स अकादमी समिति सदस्य, नमित शर्मा सदस्य स्थाई समिति, विराज मोहन निदेशक रेड हिल, दीक्षा सिंह प्रधानाचार्या रेड हिल स्कूल, शिवानी सिंह प्रधानाचार्या सीएमएस अलीगंज, सविता सिंह प्रधानाचार्या चिल्ड्रेन पैलेस स्कूल, पूनम गौतम प्रधानाचार्या/निदेशक एवं संयुक्त सचिव सहोदया, शर्मिला सिंह प्रधानाचार्या पायनियर स्कूल एवं संयुक्त सचिव सहोदया, डॉ डेनज़िल गोडीन, हेमा कलाकोटी प्रधानाचार्या ए.पी.एस.अकादमी एवं संयुक्त सचिव सहोदया, अरविंदम भट्टाचार्य आई.एफ.एस. ऑफिसर व डा रोशन जैकब मण्डलायुक्त मौजूद रही।

प्राणी उद्यान में मछली घर पर मत्स्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान में मछली घर पर मत्स्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाई मांगुर मछली का सजीव प्रदर्शन किया गया, दर्शकों और बच्चों को इस मछली के खतरे के बारे मे जानकारी दी गई। निदेशक प्राणी उद्यान अदिति शर्मा ने जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन कर उक्त मछली के खतरे के बारे में बच्चों को बताया और निदेशक ने बहुत सारे बच्चों को रंगीन पेंसिल का उपहार स्वरूप वितरण किया। इस दौरान उप निदेशक प्राणी उद्यान डॉ उत्कर्ष शुक्ला ने भी वहां उपस्थित जिज्ञासु बच्चों और दर्शकों को पर्यावरण की जानकारी दी और रंगीन पेंसिल उपहार में दी।।कार्यक्रम का आयोजन मछली घर के संचालक इन्द्र मणि राजा ने बताया कि इस मछली को पालना प्रतिबंधित है, लेकिन चोरी से इसका पालन होता है, अगर हम लोगों को जागरूक कर दे तो इसकी बिक्री नहीं होगी और इस प्रकार ये हमारे जल क्षेत्रों तक नही पहुंच पाएगी।

जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और सीसीटीवी की मदद से मिला महिला यात्री का खोया हुआ पर्स

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ मेट्रो की सतर्क सुरक्षा व्यवस्था और स्टेशन परिसरों एवं ट्रेनों में लगे अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों की सहायता से यात्रियों का खोया हुआ सामान सही हाथों तक शीघ्रता से लौटाया जा रहा है। लखनऊ मेट्रो ने एक बार फिर महिला यात्री का खोया पर्स जीपीएस- ट्रैकिंग सिस्टम और सीसीटीवी की मदद से उन्हें सुरक्षित वापस लौटाया। बताया कि 22 वर्षीय महिला यात्री का पर्स सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन से आईटी कॉलेज मेट्रो स्टेशन तक यात्रा के दौरान ट्रेन की सीट पर छूट गया। पर्स में 2000 रुपये, चार्जर, पासपोर्ट एवं विदेश जाने संबंधी अन्य जरूरी दस्तावेज मौजूद थे। ट्रेन में महिला के बगल बैठे एक यात्री को पर्स मिला जिसे वो अपने साथ ले गए। महिला यात्री ने अपने पर्स में जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस लगा रखी थी जिससे वो लगातार अपना पर्स ट्रैक करने की कोशिश कर रही थी। जीपीएस की मदद से उन्हें पता चला की उनका पर्स बाराबंकी की दिशा में जा रहा है। जिसके बाद इंदिरा नगर मेट्रो स्टेशन जहां से अधिकांश लोग बाराबंकी की तरफ जाते हैं उसका सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। मेट्रो का हर कोना सीसीटीवी की कवरेज के दायरे में आता है और इसी से ट्रैक करने में सबसे ज्यादा मदद मिली। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग से पता चला की जिस यात्री के पास पर्स है वो इंदिरानगर मेट्रो स्टेशन पर ही उतरा है। पुलिस ने सीसीटीवी से पहचाने चेहरे और जीपीएस से प्राप्त स्थान पर यात्री की तलाश की। यात्री ने पर्स उनके पास सुरक्षित होने की बात कही। यात्री ने पर्स सुरक्षित महिला को सौंप दिया जिसमें उनके पैसे और जरूरी कागज सुरक्षित मिल गए।

मिशन शक्ति कार्यक्रम में पुलिस ने बेटियों को बताए आत्मरक्षा के गुण

बाराबंकी : प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं। बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फ़ेज- 05 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आपरेशन रक्षा के तहत अवैध स्पा सेन्टर/ होटलों में मानव तस्करी व महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक कर अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही व संदिग्ध स्थलों का चिन्हीकरण कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

लोगों को दांतों के प्रति जागरूक करना ही उद्देश्य : डा.एस. के. वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जमुनापार क्षेत्र जारी बाजार स्थित वर्मा डेंटल क्लिनिक में रविवार को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर दांतों के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से विगत दस वर्षो से लगाया जा रहा है। शिविर में दांत निकालना, दांतों की सफाई, दांतों को भरना, एक्स-रे, पायरिया का इलाज एवं दांत संबंधी सभी रोगों के इलाज के अलावा दवा- वितरण की निःशुल्क व्यवस्था की गई । क्लिनिक के संचालक डा. एस. के. वर्मा ने बताया कि इस निःशुल्क शिविर का मुख्य उद्देश्य जारी बाजार एवं उसके आस पास ग्रामीण इलाकों के लोगों को दांतों की बीमारी से संबंधित सभी इलाजों से अवगत कराना है कि कैसे दांतो को स्वस्थ रखा जाय। उन्होंने आगे बताया कि ग्रामीण इलाकों के लोग दांत संबंधित रोगों के इलाज से वंचित रह जाते हैं। इसलिए वे

विगत दस वर्षों से समय-समय पर इस तरह के निःशुल्क शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। प्रमुख जसरा अजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। बिहारी लाल जायसवाल, राजेंद्र कुशवाहा, अरुण मिश्र, आदि लोग उपस्थित रहे। शिविर में शीला कुशवाहा, रामनरेश, शिव कुमारी, मनोज कुशवाहा, प्रिया पांडेय,अनुग्रह मिश्र सहित डेढ़ सौ मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवा दी गई।

कांग्रेस के नेतृत्व में संविधान की रक्षा करेगा देश : शाहनवाज़ आलम

साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 174वीं कड़ी में बोले कांग्रेस नेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आरएसएस शुरू से ही संविधान और बाबा साहब अंबेडकर के विचारों का विरोधी रहा है। उसकी मंशा देश पर मनुस्मृति थोपना है। सिर्फ़ कांग्रेस ही संविधान की रक्षा कर सकती है। ये बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 175 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि बाबा साहब द्वारा 26 नवंबर 1949 को संविधान की प्रति राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को सौंपे जाने के 4 दिन बाद 30 नवंबर को ही आरएसएस ने अपने मुखपत्र ऑर्गनाइजर के माध्यम से संविधान को नहीं मानने की बात कह दी थी। आरएसएस मनुस्मृति को संविधान के बतौर लागू करना चाहता था। आरएसएस

और हिंदू महासभा ने तब नेहरू और डॉ अंबेडकर का पुतला भी फूँका था। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में भी आरक्षण को खत्म करने के लिए जस्टिस वेंकट चलैय्या के नेतृत्व में संविधान की समीक्षा कराने की कोशिश की थी। वहीं तत्कालीन संघ नेता के एस सुदर्शन ने सार्वजनिक तौर पर संविधान को देश की हर समस्या की जड़ बताया था।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि मोदी सरकार संविधान और बाबा साहब के समतावादी विचारों से नफ़रत करता है। इसी नफ़रत का प्रदर्शन संसद में गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों किया था। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी के नेतृत्व में देश संविधान की रक्षा के लिए संसद से सड़क तक संघर्ष कर रहा है और इस संघर्ष में जीत देश की होगी।

मनरेगा में लाखों की हेराफ़ेरी को लेकर तीन दिन से धरना-प्रदर्शन जारी

हिसाब दो जबाब दो के तहत तीन दिन से चल रहा आंदोलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मेजा प्रयागराज। मेजा ब्लाक मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन किसान के बैनर तले संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल राजीव चंदेल की अगुवाई में मनरेगा योजना में लाखों की हेराफ़ेरी के मुद्दे पर हिसाब दो, जबाव दो, सत्याग्रह एवं अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया गया है। बीते तीन दिनों से यह धरना शुरु है। चंदेल ने कहा कि ब्लाक कर्मियों के भ्रष्टाचार के खिलाफ यह आंदोलन पूरे यमुनापार में चलेगा। चंदेल ने कहा कि किसान संगठन का धरना ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए मिले सरकारी धन की लूट के खिलाफ है। ग्राम पंचायतों में मनरेगा आवास, इंटरलाकिंग सड़क, खेल मैदान, अत्येष्टि स्थल, कूड़ा घर के लिए आवंटित सरकारी

धन में भारी अनियमितता की जांच की मांग को लेकर सोमवार से मेजा ब्लाक कार्यालय पर सत्याग्रह शुरू किया गया।

भारतीय किसान यूनियन किसान संगठन के दर्जनों सदस्य एवं पदाधिकारी सोमवार को ब्लाक परिसर पहुंचे और हिसाब-दो जवाब दो' नारे के साथ ग्राम पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। किसान यूनियन के पदाधिकारी ने मेजा ब्लाक के एडीओ पंचायत से बात करने से इन्कार कर दिया। बीडीओ ने फोन पर बात करनी चाही तो चंदेल ने कहा- आप लोग इस भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं, जब तक हिसाब नहीं देंगे, बात नहीं होगी । भारतीय किसान यूनियन किसान संगठन के संरक्षक रामाशिरोमणि तिवारी ने कहा कि जब तक रोजगार सेवक द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच और कार्रवाई नहीं हो जाती तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर मंजू राज आदिवासी मण्डल अध्यक्ष प्रयागराज मण्डल, विक्रम सिंह प्रदेश महासचिव, रीना गौतम जिला अध्यक्ष प्रयागराज, जे पी यादव जिलाध्यक्ष, शिव शंकर सिंह (मुन्ना भइया) जिला संगठन मंत्री सहित कई लोग और दर्जनों लोग मौजूद रहे।

अलग-अलग हनुमान मंदिर से घंटा चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव(प्रयागराज)। कोरांव थाना क्षेत्र के रत्योरा मोड़ पर स्थित हनुमान मंदिर, व भोगन मे स्थित हनुमान जी के मंदिर मे लगा घंटा सारे अज्ञात चोरो ने अँधेरा ठंडक कोहरा का फायदा उठाते हुये सारा लगा मंदिर मे घंटा खोलकर चोर चुरा ले गए सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक थाना कोरांव नितेंद्र कुमार शुक्ला चौकी इंचार्ज बड़ोखर राज कुमार अपने सहयोगी पुलिस बल के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया घटना के बारे मे जानकारी जुटाई घटना को अनावरण करने के किए कोरांव पुलिस जोरो सें जुट गईं है वही दूसरी तरफ भगतपुर गांव के रहने वाले अखिलेश कुमार सिंह ने दान धर्म के नामपर तीन घटना भोगन हनुमान मंदिर मे दान किया जिससे पुजारियों को पूजा पाठ करने मे कोई परेशानी न उठाना पड़े साथ ही प्रभारी निरीक्षक के द्वारा पूजा पाठ विधि विधान सें घंटा लग भी गया जिससे लोगो का उत्साह बना हुआ है।

भारतीय जन सेवा समिति ने किया भव्य सम्मान समारोह, 151 विभूतियां हुई सम्मानित

हैदरगंज चौराहे पर अवैध अतिक्रमण व लगने वाली जाम को लेकर जल्द ही समिति के पदाधिकारी राजनाथ सिंह से मुलाकात कर सौपेंगे ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रविवार को राजाजीपुरम के ई ब्लाक स्थित एक निजी स्कूल में भारतीय जन सेवा समिति के द्वारा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियो व मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में कुल 151 लोगो को समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका नम्रता पाठक व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के प्रतिनिधि राघवेंद्र शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। नन्ही बच्ची आरोही नाहिल ने गणेश वंदना और उत्तर प्रदेश गीत पर नृत्य कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं इस मौके पर भारतीय जन सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश बाजपेई ने बताया कि समिति की शुरूआत महज 17 लोगो की बैठक के साथ की गई थी, जो आज लगभग 250 लोगो में बदल चुकी है। उन्होने कहा कि समिति ने हमेशा से समाजसेवा को प्राथमिकता दी है ऐसे में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 151 समाजसेवियो व मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। वहीं उन्होने यह भी कहा कि समिति के पदाधिकारी बहुत जल्द ही क्षेत्र की समस्या को लेकर लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराएगी। जिसमें हैदरगंज चौराहे पर अवैध अतिक्रमण व लगने वाली जाम का मुद्दा प्रमुखता से रखेंगे। कार्यक्रम में शैलेश बाजेपई, डीके सिंह, सुनील कुमार मिश्रा, प्रेम तिवारी, अजय तिवारी, प्रिया अस्थाना व मीना चौबे समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बीकेटी थानांतर्गत सड़क हादसे में युवक की मौत, परिजनों का हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । बख्शी का तालाब थानांतर्गत रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे बाईक सवार दो युवक हाफ डाला की चपेट में आ गए जिससे एक युवक की मौक़े पर ही मौत हो गई।जबकि दूसरा युवक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।दोनों युवक फैक्ट्री में एक साथ नौकरी करते थे, वही से वह सुबह वापस घर लौट रहे थे।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल को ईलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के संसारपुर गांव के पास बाइक सवार दो युवक हाफ डाला से टकरा गए।वहीं हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया।संसारपुर गांव निवासी मनोज रावत (25) व कमलेश रावत (28) बीकेटी स्थित मुर्गा दाना बनाने वाली फैक्ट्री में काम करते थे।रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे दोनों युवक फैक्ट्री से कामकर वापस घर लौट रहे थे।तभी गांव के पास ही दोनों युवक डाला से टकरा गए जिससे बाइक चालक मनोज रावत द्वारा हेलमेट न पहनने की वजह से सिर में गम्भीर चोट आई जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।जबकि साथी कमलेश भी बुरी तरह घायल हो गया जिसको पुलिस ने ईलाज के लिए तत्काल बीकेटी स्थित रामसागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल भिजवाया।वहीं घटना की जानकारी पाकर मौक़े पर पहुंचे मृतक के परिजन आरोपी हाफडाला चालक के विरुद्ध कठोर कार्यावाही को लेकर कई घंटो तक पहाड़पुर बेहटा मार्ग को जामकर हंगामा कांटा वहीं मामला बिगड़ता देख मौक़े पर कई थानों की फ़ोर्स मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।मृतक मनोज रावत का शव देखते ही मां बुधाना और पत्नी पूनम रावत सड़क पर ही गिरकर बेहोश हो गई।थाना प्रभारी बीकेटी संजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर हाफडाला चालक को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

दिव्यांग बच्चों की संस्था परवरिश स्कूल ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया अपना 12वां वार्षिकोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रविवार को निराला नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की संस्था परवरिश स्कूल ने बड़े हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस के मौके पर अपना 12वां वार्षिकोत्सव मनाया। गणेश वंदना के साथ वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात सक्षम ने ''इत्ती सी खुशी'' गीत गाया और न्यूज पेपर भी पढ़ा। ऋषि साहू, अंशिका और सौम्या ने ढोलक वादन प्रस्तुत किया। तो वैष्णवी, बाजिल, मैथ्यूज, अंश त्रिपाठी, आरव, लतिका, अदनान, शौर्य तिवारी, सर्वेश, शिवांश, सौम्य, आयुष, इकरा, रहनुमा, समरा, सौम्या, पंखुड़ी एवं शशांक उपाध्याय ने ग्रुप डांस एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय सिंह विधायक करनैलगंज गोंडा एवं नीरज उपाध्याय अपर जिला जज लखनऊ मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि में डॉ अंजली क्लीनिकल साइकालजिस्ट नूर-मंजिल लखनऊ, शोभित नारायण स्प्रिचुअल साइकालजिस्ट लखनऊ, प्रो अवनीश अग्रवाल साइकालजी लखनऊ, डॉ गिरीश गुप्ता मनोचिकित्सक लखनऊ, के पी मिश्रा वरिष्ठ स्वयं सेवक, प्रभात अग्निहोत्री सामाजिक कार्यकर्ता जनपद-सीतापुर, डॉ मंजु साइकालजिस्ट कानपुर, तरुण मिश्र सामाजिक कार्यकर्ता लखनऊ, सतीश दीक्षित सामाजिक कार्यकर्ता लखनऊ, संजय कुमार मिश्र प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय परशुराम परिषद उत्तर प्रदेश, धरमवीर सिंह सोलंकी अधिवक्ता राज्य विधि अधिकारी उच्च न्यायालय लखनऊ एवं सामाजिक कार्यकर्ता व दीपेश चंद्र श्रीवास्तव अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत अवध प्रांत उत्तर प्रदेश रहे। इस मौके पर स्कूल की डायरेक्टर डा कुसुम कमल व स्कूल के स्टाफ समेत अन्य मौजूद रहे।

स्टडी हॉल जूनियर स्कूल ने मनाया अपना दो दिवसीय वार्षिक संगीत कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्टडी हॉल जूनियर स्कूल ने 21 और 22 दिसंबर को दो दिवसीय अपना वार्षिक संगीत कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का थीम ''मिट्टी से आत्मा तकः एक नई जागृति'' था, जिसने सभी दर्शकों को उनके बचपन की याद दिला दी। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने संगीत, नृत्य और नाटकों का एक अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्रिंसिपल मीनाक्षी बहादुर के स्वागत भाषण से हुई। जिसके बाद हेडमिस्ट्रेस, बानी मल्होत्रा ने थीम का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में 'लोहड़ी दी रात' पर जीवंत नृत्य, नाटक 'धरती कहे पुकार के, और कई अद्भुत अंतरराष्ट्रीय और पारंपरिक नृत्य रूप शामिल थे, जिनमें कथक बिहू, जर्मन, फिलीपीन, पोलिश, थैंक्सगिविंग, बोनबिबी, चीनी और जापानी, जैसे विविध नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का एक विशेष क्षण दोस्ती के बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य था। दोस्ती, स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन की एक इकाई है, जो विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा में शामिल करने के लिए समर्पित है।

अटल काव्यांजलि का आयोजन बेंती में 25 को

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। परम श्रद्धेय, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान,लखनऊ एवं *'अक्षरा संस्था'* के संयुक्त तत्वावधान में दिनाँक 25 दिसम्बर,2024 को प्रातः 10 बजे अटल काव्यांजलि का आयोजन ग्राम – बेंती, क्षेत्र सरोजनी नगर, लखनऊ में किया जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक डॉ0 राजेश्वर सिंह के संरक्षण में होने वाले इस कार्यक्रम में शिवशंकर अवस्थी (समाजसेवी) एवं डॉ0 सुशील पाण्डेय (प्रोफ़ेसर, बाबा साहब बी0आर0 अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ) की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम में काव्यपाठ हेतु रामकिशोर तिवारी, अभिराम पाठक, विकास सिंह बौखल, मनुव्रत बाजपेयी एवं कमल कांत 'कामिल' को आमन्त्रित किया गया है। उक्त सूचना कार्यक्रम के संयोजक एवं अक्षरा संस्था के अध्यक्ष अतुल बाजपेयी द्वारा प्रदान की गई।

नगरामः ईंट भट्टे की सामग्री समेत अन्य सामान लेकर मजदूर फरार

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम क्षेत्र के एक भट्ठे पर कई महीनो से काम कर रहे हैं मजदूर शनिवार की रात भट्ठे की सामग्री लेकर फरार हो गए मामले में पुलिस ने चौकीदार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। नगराम क्षेत्र के समेसी स्थित भट्टे के चौकीदार रामचन्द्र ने बताया कि खीरी जनपद के घौरारा थाना क्षेत्र के मौली बेहवन पुरवा निवासी सूफियान उर्फ सरफुद्दीन ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूरों का ठेकेदार है । बीते 7 दिसंबर को किसी बात को लेकर ठेकेदार समेत अन्य मजदूर आक्रोशित हो गए थे , काफी देर तक समझाने के बाद मामला शांत हुआ , बताया कि रविवार की सुबह जब वह मजदूरों को मिट्टी देने के लिए वहां गया तो देखा कि मजदूरों के रहने वाले आवास खाली पड़े हैं। अंदर जाकर देखा तो फावड़ा , बाल्टी , सोलर पैनल , बैटरी , चूल्हा, सिलेंडर , समरसेबल मोटर गायब मिली। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि चौकीदार की तहरीर पर ठेकेदार सुफियान , गुड्डू , कलीम , रियाजुद्दीन, गुफरान, शहाबुद्दीन , राजू , सिराज व जलील पर मुकदमा दर्ज किया गया है तलाश की जा रही है।

डांस स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप–24 का रंगारंग शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के द्वारा दो दिवसीय द्वितीय जिला स्तरीय डांस स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का शुभारंभ रविवार को उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी में मुख्य अतिथि प्रो माण्डवी सिंह प्रथम कुलपति भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता एवं पूर्व खेल निदेशक भारतीय खेल प्राधिकरण रचना गोविल, सहायक निदेशक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के डॉ कीर्ति विक्रम सिंह, आनंद शेखर सिंह, डा. नीरज जैन एवं के बी पंत सीईओ एवं सदन यादव अध्यक्ष ने दीप प्रजवल्लित कर किया। डांस प्रतियोगिताओं में एक से एक बढ़ कर प्रस्तुतियां प्रतिभागियों द्वारा दी गयी जो देर शाम तक चली। इस चैंपियनशिप में जिले भर से विभिन्न संस्थाओं और स्कूलों के डांस प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताएं अलग-अलग आयु वर्ग के लिये रखी गयी है। सोलो डांस में प्रतिभागी आराध्या पाण्डेय ने जबरजस्त डांस से दर्शकों और आयोजको का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के आयोजक सचिव धीरज राज ने बताया कि प्रतियोगिका के विजेताओं को शील्ड व ट्राफी के साथ सर्टिफिकेट सोमवार को देकर सम्मानित किया जायेगा। मुख्य अतिथि प्रो माण्डवी सिंह ने बच्चों का हौसला बढ़ाने हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिओं का आयोजन करने से प्रतिभाओं को मंच मिलने के साथ हमारी लोक कलाओं को जीवित रखने में अहम भूमिका होती है। बच्चों का हौसला बढ़ाने हुए अर्जुन पुरस्कार विजेता एवं पूर्व खेल निदेशक भारतीय खेल प्राधिकरण रचना गोविल ने सभी का आभार जताते हुए संस्था द्वारा किये जा रहे कामों की सराहना की उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से कलाकारों को अपनी कला को निखारने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डा. नीरज जैन एवं के बी पंत सीईओ एवं सदन यादव अध्यक्ष और बड़ी तादात में प्रतिभागी और आयोजक उपस्थित रहे।

चलो अयोध्या धाम बोलो जय श्री राम : लल्ला बाबा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चिनहट में मां सिद्धिदात्री छोहरिया शक्तिपीठ के महंत लल्ला बाबा ने आगामी 25 दिसम्बर को लखनऊ से अयोध्या धाम सनातन धर्म जनजागरण पद यात्रा को लेकर छोहरिया माता मन्दिर प्रांगण के सत्संग भवन मे एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया । इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी शैलू पांडे, धावा के महंत रघुनाथ महाराज का सहयोग रहा। मीडिया से बातचीत करते हुए लल्ला बाबा ने कहा है कि मां के आदेश और सभी सनातनियों के सहयोग से द्वितीय सनातन धर्म पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य सभी सनातनियों को जागरूक करने का है। अगर हम आज जागरूक नही होंगे , अपना धर्म, अपना संस्कार, अपनी परम्परा और रीति-रिवाज को लेकर आने वाली पीढ़ी को जागरूक नही करेंगे और अगर हम एक नही होगें तो सनातन के लिए शुभ संकेत नही है। आज आप देख रहें बंग्लादेश की क्या स्थिति है । पूरे बंग्लादेश मे हिन्दुओं पर अत्याचार किया जा रहा है। हिन्दू मंदिरों को क्षतिग्रस्त किये जा रहें है।बहराइच, सम्भल जैसे घटनाक्रम ,समाज मे दोहराया जा रहा है। आज हमे नयी पीढ़ी को गुमराह करने वाले विघटन कारी और सामाजिक तत्व और सनातन विरोधियों से बचाना हमारी इस यात्रा का मकसद है। सभी सनातनियों को एकता की डोर में बांधना बहुत जरूरी है।अगर हम एक रहेंगे तभी सुरक्षित रहेंगे। देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार सबको एक होने की बात कह रहे हैं इसका हम सभी को पालन करना चाहिए। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन चरित्र के विषय मे यात्रा के माध्यम से समाज को जागरूक किया जा रहा है। पूरे सनातन पदयात्रा के दौरान सनातनी शुभचिंतकों द्वारा फूलमालाओं के साथ पैदल यात्रियों पर पुष्प वर्षा की जाएगी। मंदिर शक्तिपीठ द्वारा पद यात्रियों के लिए भोजन और विश्राम की पूरी व्यवस्था रहेगी। इस पद के दौरन मां छोहरिया की कृपा से युवा,बुजुर्ग, बच्चे और महिलायें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। उम्मीद है हजारों की संख्या में लोग इसमें शामिल होंगे। यह यात्रा 25 दिसम्बर दिन बुधवार को समय ,सुबह 08 बजे मां छोहरिया की पूजा अर्चना के साथ पंडित शैलेंद्र शास्त्री के नेतृत्व मे पांच विद्वान पंडितों के द्वारा मर्यादापुरुषोत्तम भगवान राम की स्तुति बंदन एवं शंखनाद के साथ यात्रा का शुभारंभ किया जायेगा । यात्रा का पहला विश्राम, नेता श्याम लाल यादव स्मारक इंटर कॉलेज सफदरगंज मे होगा ।

26 दिसम्बर दिन गुरूवार को रात्रि विश्राम एवं भोजन रामनरेश होटल भेलसर अयोध्या मे होगा। 27 दिसम्बर दिन शुक्रवार को रात्रि विश्राम एव? भोजन नेपाली बाबा आश्रम, बालू घाट अयोध्या बाईपास मे होगा 28 दिसम्बर दिन शनिवार को पद यात्रियों द्वारा सरयू जी मे सामूहिक स्नान, हनुमान जी एवं मर्यादापुरुषोत्तम भगवान राम लला के दर्शन कर पुन्य अर्जित करेंगे।

निगोहां : हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। निगोहां के कुर्मिन खेडा गांव में रविवार शाम को लगने वाले बड़े बाबा के मेले में टेंट व लाइट लगाने गए एक टेंट मजदूर की नीम पेड़ के ऊपर चढ़कर जनरेटर में तार खींचने के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया करंट की चपेट में आने से मजदूर गंभीर रूप से झुलसकर नीचे आ गिरा , यह देख आसपास के लोग दौड़ पड़े और उसे आनन फानन मोहनलालगंज सीएचसी लेकर पहुचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मोहनलालगंज गौरा निवासी अनीश कुमार (20) जो आठ वर्ष पूर्व पिता की मौत के बाद नगराम के छोटीखेडा निवासी अपने नाना रामभरोसे और नानी सुनीता के साथ रह कर गांव के ही टेंट व्यवसायी सुधीर के टेंट में मजदूरी करता था। वही रविवार को निगोहां के कुर्मिन खेडा गांव में लगने वाले मेले में सुधीर का टेंट तय हुआ था और टेंट लगाने के लिए रविवार सुबह ही अनीश कुर्मिन खेडा गया हुआ था।

नीम के पेड़ पर तार ऊंचाई पर बांधने गया था युवक

प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो करीब 12 बजे अनीश मेला प्राँगण में एक नीम के पेंड़ के ऊपर चढ़कर तार खींच रहा था अनीश ने पेंड़ की डाल में तार बाधकर जैसे ही पेंड़ से उतरने के लिये खड़ा हुआ कि नीम के पेंड़ के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन की लाइन की चपेट में आ गया और वह झुलसते हुए पेंड़ के नीचे आ गिरा, यह देख आसपास के लोग दौड़ पड़े और उसे आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

सेंट फ्रांसिस स्कूल के गेम में बच्चों ने मारी बाजी, ऋद्धि ने जीते दो मैडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी, लखनऊ। सेंट फ्रांसिस स्कूल में 18 दिसंबर से चल रही खेल प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। सिस्टर रोजलिन ने विजेता बच्चों को मैडल पहनाकर,सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।कक्षा 9इ की छात्रा ऋद्धि आपांशी श्रीवास्तव, नित्या यादव,अनुज्ञा सिंह राज,अनन्य शर्मा ने रिले रेस में और रस्सा खींच में ऋद्धि की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर में आमना,200 मीटर में फारिया,800 मीटर में शोएब,खोखो में ब्ल्यू हाउस गर्ल्स की टीम,कैच बॉल में गर्ल्स टीम,बास्केट बॉल में ब्लू हाउस गर्ल्स की टीम प्रथम स्थान पर रहे। गेम टीचर अभिषेक ने सभी बच्चों को बधाई देकर प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर एल्सा ग्रेस एवं टीचर्स सिस्टर प्रिंसी,जेहरा मैम,आमना मैम,गार्गी मैम,गीता मैम, श्रृष्टि मैम,शैली मैम,नीलिमा मैन दीपक सर आदि सभी ने बच्चों को बधाई देकर प्रोत्साहित किया।

बेटियों ने दिखा दिया कि हम किसी से कम नहीं

दीर्घायु होने व बुद्धि को प्रखर बनाने के लिए लगाएं ध्यान

लखनऊ। ध्यान के माध्यम से बुद्धि को शुद्ध व प्रखर बनाया जा सकता है। लम्बा जीवन जीने के लिए ध्यान अत्यंत महत्वपूर्ण साधन बताया गया है। ध्यान की अनेक विधियों में से किसी एक विधि का भी अगर व्यक्ति जीवन में अपना ले तो कई बीमारियों से बच सकता है। यह जानकारी प्रख्यात ध्यान योग विशेषज्ञ डॉ0 जीतेन्द्र आर्या पुणे ने दी। वह प्राकृतिक चिकित्सा, योग एवं नैसर्गिक चिकित्सा और इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में ध्यान योग विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार को सम्बोधित कर रहे थे। इस वेबिनार में बाबा भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के योग विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ0 दीपेश्वर सिंह ध्यान के वैज्ञानिक स्वरुप का वर्णन करते हुए बताया कि मन अत्यंत चंचल एवं गतिमान है, जिसे नियंत्रण में करना अत्यंत आवश्यक है। यदि मन को नियंत्रित नहीं किया गया तो सभी दुखों का कारण बनता है। चूँकि मानसिक विकार उत्पन्न होने से बुद्धि का नाश होने लगता है और यदि बुद्धि का नाश हो जाये तो व्यक्ति का नाश होना तय है। इसलिए ध्यान के माध्यम से बुद्धि को शुद्ध व बुद्ध बनाया जा सकता है ।

सांडा पावर हाउस संविदाकर्मियों के आगे नतमस्तक सिस्टम, गिड़गिड़ाते उपभोक्ता पर मौन उनका नियोक्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सांडा/सीतापुर । विद्युत उपकेंद्र सांडा व रेवसा में तैनात संविदा कर्मचारियों की वजह से हरेक गांव में दर्जनों उपभोक्ता सरकार को कोसते हुए मृत्यु की बाट जोह रहे।महाईमानदार विद्युत कर्मियों दीपक कुमार दीपू,कैलाश गुप्ता,पप्पू गुप्ता, लवकुश,राहुल,विष्णु से आहत उपभोक्ता आज दर दर की ठोकरें खाते हुए अपनी जर जमीन बेचने को मजबूर।हद तो तब हो गई कि अकारण समूचे गांव की विद्युत कटौती के मामले की जानकारी लेने गए पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार,बिजली बिल वसूलने के लिए तैनात किए गए राजस्व संग्रह अमीन के साथ दुर्व्यवहार, महिला उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार के साथ लाखों रुपयों के घोटालों में संलिप्तता के साथ बिजली चोरी करवाने



नियुक्ति एजेंसी के चलते रक्त के आंसू बहाने को मजबूर क्षेत्रीय गरीब, किसान, मजदूर ग्रामीण विद्युत उपभोक्ता।

वालों के खिलाफ इनकी नियुक्ति करने वाली एजेंसी की चुप्पी भी खड़े कर रही बड़े सवाल।आलम तो ये है कि नियुक्ति एजेंसी की चुप्पी के चलते ही योगी सुशासन को लग रहा पलीता जो एक बड़े राजनीतिक चाल के तहत सरकार को बदनाम करने की साजिश प्रतीत हो रहा पूर्व चुनाव में अंदुपुर पोलिंग पर 98 फीसदी वोट पाने वाले सत्तापक्ष को बदनाम करने की नीयत से नियुक्ति एजेंसी के साथ मनबढ़ धनलोलुप संविदाकर्मी व विभागीय जिम्मेदार लग रहे जिम्मेदार। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेवसा उपकेंद्र पर तैनात विष्णु गांजर क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अवैध धन उगाही के साथ सांडा उपकेंद्र पर तैनात राहुल,कैलाश व दीपू से सेटिंग कर कर रहा बड़े खेल जिसमें एक उपभोक्ता से बड़ी रकम वसूली का ऑडियो वाइरल के साथ सरकारी अमीन से वसूली के पर्याय ही दुर्व्यवहार की दे रहा दस्तक।

आखिर इन वसुलीबाज कर्मचारियों पर प्रशासन व नियुक्ति करने वाली कम्पनी का कब चलेगा हंटर।विभिन्न समाचार पत्रों में खबर प्रकाशन के उपरांत भी जिम्मेदारों का मौन रूप आखिर कब तक लुटवाता रहेगा गरीब उपभोक्ता को और करवाता रहेगा सरकार की फजीहत।

मामले को संज्ञान ले भाकियू जनमंच के प्रस्तावित कार्यक्रम के पूर्व यदि इन संविदाकर्मियों पर नहीं होती है विभागीय कार्यवाही तो सरकार के समक्ष उत्पन्न हो सकती भीषण आपदा जिसका पूर्णतः जिम्मेदार हो सकता स्थानीय विद्युत विभाग व रेवसा व सांडा में कर्मचारी आपूर्ति करने वाली कंपनी।

अधीक्षक ने दिया था क्लीनचिट, नोडल अधिकारी ने किया निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर सीतापुर । आख़िरकार डेढ़ माह पूर्व कस्बे के लाइफ केयर क्लिनिक में हुई दस वर्षीय मासूम की मौत की जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के द्वारा की जा रही जाँच ने कस्बे के अस्पतालों और स्थानीय सीएचसी अधीक्षक के बीच चल रहे घालमेल की पोल खोल कर ही रख दी। बताते चलें कि स्थानीय कस्बे के लाइफ केयर हॉस्पिटल में बीते डेढ़ माह पूर्व एक दस वर्षीय बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद परिजनों ने हंगामा करते हुए डॉ नजीमुद्दीन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी गईं थी जिसके बाद अपनी खाऊ कमाऊ नीति की लेकर काफ़ी समय से चर्चित सीएचसी अधीक्षक अरविन्द बाजपेई ने अस्पताल संचालन पर रोक लगाते हुए पूरे मामले की जाँच करने की बात कही थी

खबर का असर

पर सूत्रों की मानें तो एक मोटी रकम लेकर उन्होंने अगले ही दिन चाबी वापस कर अस्पताल संचालन से रोक हटा दी थी इस पर स्थानीय सीएचसी अधीक्षक की भ्रष्ट कार्यप्रणाली से निराश पीड़ित पिता ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई थी। इसके बाद उच्चाधिकारियों के आदेश पर जिले के नोडल अधिकारी व उप मुख्य चिकित्साधिकारी मनोज देशमणि ने कुल प्रकरण की जांच कर अपनी रिपोर्ट सीएमओ सीतापुर की सौंप दी जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने जिस लाइफ केयर क्लिनिक को सीएचसी अधीक्षक ने क्लीन चिट दे दी थी उसके

लाइफ केयर क्लिनिक में हुई मौत का प्रकरण

पंजीकरण को अग्रिम आदेशों तक के लिए रद्द करते हुए अस्पताल संचालन पर रोक लगा दी है। दिलचस्प पहलू ये है कि ये कोई इकलौता मामला नहीं है ऐसे दर्जनों अस्पताल और पैथालाजी सेंटर स्थानीय सीएचसी अधीक्षक अरविन्द बाजपेई की खाऊ कमाऊ नीति की छत्रछाया में लहरपुर क्षेत्र में फल फूल रहे हैं और दिन रात आम आदमी की जान की चिंता किये बगैर जेब पर डाका डालने में मशगूल हैं और जिले का स्वास्थ्य विभाग इक्का दुक्का मामलों को छोड़ दें तो सीएचसी अधीक्षक अरविन्द बाजपेई को अभय दान देकर चैन की बंशी बजा रहा है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप भ्रमणशील रहकर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने संयुक्त रूप भ्रमणशील रहकर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय इण्टर कालेज, आर. एम. पी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं आर.एम.पी. इण्टर कालेज आदि केंद्रों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं, सीसीटीवी कैमरों के संचालन की स्थिति, स्ट्रांग रूम, प्रवेश व्यवस्था देखने के साथ परीक्षा कक्षों का भी निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की समाप्ति पर परीक्षार्थियों को समुचित सहयोग/जानकारी भी उपलब्ध कराई जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण प्रक्रिया में आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। परीक्षा के उपरान्त की जाने वाली सीलिंग, पैकिंग एवं डिस्पैच प्रक्रिया हेतु त्रुटिरहित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु भी जिलाधिकारी ने आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

संजय मिश्रा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष मनोनीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर।उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के निर्देश पर प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी प्रदीप गुप्ता ने संगठन की जिला एवं नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया है। इसी क्रम में एक निजी रेस्टोरेंट में बैठक आयोजित कर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता समाजसेवी एवं व्यापारी संजय मिश्रा को आदर्श व्यापार मंडल सीतापुर का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया,अमित अग्रवाल को जिला महामंत्री व कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया तथा राजकुमार रस्तोगी राजू को संगठन का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है इसके अलावा वरिष्ठ व्यापारी नरेश अग्रवाल को प्रवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार अनुज सक्सेना को मीडिया प्रभारी घोषित किया गया बैठक में उपस्थित व्यापारी बंधुओ ने इन

नियुक्तियों पर हर्ष व्यक्त किया इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि सबके सहयोग से संगठन को आगे बढ़ने व व्यापारी हित में कार्य करने का पूरा प्रयास करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि आदर्श व्यापार मंडल पूरे प्रदेश में मजबूती से व्यापारी हित में हमेशा खड़ा रहा है संगठन के संरक्षक व समाजसेवी विश्वीर गुप्ता ने कहा कि आदर्श व्यापार मंडल ने हमेशा व्यापारी के कंधा से कंधा मिलाकर कार्य किया है इस अवसर पर उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी नवनियुक्त नगर अध्यक्ष राजकुमार रस्तोगी राजू ने विश्वास दिया कि नगर में हर व्यापारी के सुख दुख में वह हर समय साथ रहेंगे बैठक में महेंद्र अग्रवाल, अन्नी भैय्या , अर्जुन राठौर रामकिशोर राठौर, नरेश अग्रवाल, जितेंद्र रस्तोगी,रामकिशोर राठौर,प्रभाष अस्थाना,संजीव अग्रवाल,अमित अग्रवाल,प्रदीप अग्रवाल मुन्ना भैया,विकास रस्तोगी,शंकर रस्तोगी आदि ने हर्ष व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अमित अग्रवाल ने किया।

श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ अनुष्ठान

सिधौली सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिधौली नगर के मिश्रिख रोड पर स्थित हरियाली मैरिज लॉन में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का अनुष्ठान राम लखन शर्मा धर्मपत्नी गीता शर्मा (सपरिवार) जय अंबे फर्नीचर के सौजन्य से संपन्न कराया जा रहा है। कथा व्यास आचार्य श्री श्री 1008 महंत वीरेंद्रानंद पुरी जी महाराज के श्री मुख से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। जिसका आज विश्राम दिवस संपन्नता की ओर अग्रसर है। विश्राम दिवस के अवसर पर सुदामा चरित्र की कथा सुनकर सभी भक्त हृदय से गदगद हो गए। प्रभु सच्ची निष्ठा के वशीभूत होकर वात्सल्य के आंसुओं से सुदामा के पैरों को धोकर हृदय से लगाया। कथा विश्राम के उपरांत शास्त्रोक्त विधि विधान के अनुसार हवन विसर्जन, कुमारिका भोज, संत ब्राह्मण,भोज एवं प्रसाद वितरण, विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नैमिषारण्य से पधारे हुए संत, ब्राह्मण, एवं ग्रामवासी, नगर वासी व क्षेत्र वासी हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञ हवन का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण करते हुए अपने मानव जीवन को कृतार्थ किया।

वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय पर संगोष्ठी आयोजित

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सिख समुदाय के 10 वे गुरु गोविंद सिंह के पुत्र बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर उपस्थित रहे उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी सिख समुदाय के साथ-साथ संपूर्ण सनातन समाज के भी पूर्वज है उनके साहबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह बहादुर के बलिदान दिवस पर आज हम सब उनको नमन कर रहे हैं । मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि मुगलों द्वारा कई कुत्सित प्रयास किए जाने के बाद, भी दोनों साहबजादो ने मुगलों का कोई प्रलोभन और बात स्वीकार नहीं की अपने प्राणों की आहुति देना स्वीकार किया दोनों ने समाज के लिए एक वीरता का संदेश दिया है जिसे हमें अपने बच्चों को निरंतर बताते रहना है प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर द्वारा लॉर्ड मैकाले द्वारा इतिहास की झूठी शिक्षा दिए जाने की आलोचना की उन्होंने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सिख समुदाय के सच्चे वीर सपूतों का वर्णन निरंतर किया जा रहा है और सिख समुदाय के सम्मान के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह बहादुर सिंह का बलिदान हम सबको सदैव याद रहेगा राष्ट्र एवं धर्म के प्रति उनकी प्रेम भावना कभी मिटाई नहीं जा सकती। उन्होंने आगामी शहीदी सप्ताह पर होने वाले कार्यक्रमों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला एवं संगठन से सभी मंडलों पर वीर बाल दिवस मनाने का आवाहन भी किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक रोहित सिंह द्वारा किया गया इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष नेहा अवस्थी पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखें। साथ ही सिख समुदाय के सरदार गुरुदीप सिंह, सरदार सतनाम सिंह , सुखविंदर सिंह पद्म ,रशमीत सिंह, अमरजीत सिंह गुरु दीप सिंह , सुखवीर सिंह, कुलविंदर सिंह जी, नवनीत सिंह , ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला इंदू सिंह चौहान विष्णु मौर्य जितेंद्र मेहरोत्रा, विश्राम सागर राठौड़, विष्णु मौर्य, सुनील मिश्रा अमित मिश्रा आकाश अग्रवाल सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

मेनका गांधी को सुल्तानपुर रत्न से सम्मानित करेगी भारत भारती

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय संस्था भारत भारती इस बार अपने 45वें अलंकरण समारोह पर जिले की पूर्व सांसद मेनका गांधी को सुल्तानपुर रत्न से नवाजेगी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बहुचर्चित सर्राफा डकैती कांड का खुलासा करने के लिए एसपी सोमेन वर्मा को भी सुल्तानपुर रत्न से अलंकृत किया जाएगा। इसके अलावा गणेश पूजा समिति ठठेरीबाजार, बारावफात प्रबंध समिति को सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा टीचर सेल्फ केयर संस्था को लोकमणि रत्न, गोमती मित्र मंडल के युवा जिलाध्यक्ष अजीत शर्मा को लोकरत्न से सम्मानित किया जाएगा।

सर्द रातों में सहारा बनीं अनुप्रिया पटेल, मीरजापुर में 500 कम्बलों का वितरण

मीरजापुर। रविवार को केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जिला प्रशासन के सहयोग से 500 निराश्रित और असहाय लोगों के बीच कम्बलों का वितरण किया। जनपद प्रशासन और राज्यमंत्री के इस प्रयास ने ठंड के मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों को बड़ी राहत दी है। इसके साथ ही, जिला प्रशासन ने अब तक 4405 में से 3905 कम्बल वितरित किए हैं और पूरी प्रक्रिया की जानकारी आपदा प्रहरी ऐप पर जियोटैग फोटो सहित अपलोड की जा रही है। जनपद में 7 स्थलों पर रैन बसेरों का संचालन किया जा रहा है। जहां रजाई, गद्दा, शौचालय, पेयजल और बिजली जैसी सुविधाएं उपलब्ध है।

06 वांछित/वारण्टी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी के लिये टीम गठित कर निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण थाना लहरपुर, रामकोट, सकरन व मिश्रिख की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद व थानें पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 06 वांछित/ वारण्टियों को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है- थाना लहरपुर पुलिस द्वारा 03 वांछित/वारंटी गिरफ्तार- थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 354/2024 धारा 137(2),87 बीएनएस में वांछित अभियुक्त मोतीलाल पुत्र मुन्नालाल नि.दहेली कुसेपा थाना लहरपुर सीतापुर तथा मु.अ.सं.519/24 धारा 70(2),351(3) बीएनएस व 5ढ/6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रामगोपाल उर्फ बैठू पासी पुत्र गोविंद नि.दोस्तपुर टकेला थाना लहरपुर सीतापुर एवम् अ0सं0 06/2000 में वारण्टी दुर्योधन पुत्र गोकुल रैदास नि0 ग्राम रिछौना कोतवाली लहरपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।

थाना रामकोट पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 423/2024 धारा 137(2),87/64 उगट्ट व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित धर्मेन्द्र उर्फ धर्मू पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम सादुल्लापुर थाना हरगांव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

थाना सकरन पुलिस द्वारा 01 वारंटी गिरफ्तार- थाना सकरन पुलिस टीम द्वारा अ0सं0 45/014 में वारंटी दंगली पुत्र छोट्टन पासी निवासी ग्राम जालिमपुर थाना सकरन जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।

थाना मिश्रिख पुलिस द्वारा 01 वारंटी गिरफ्तार- थाना मिश्रिख पुलिस टीम द्वारा केस नं. 2614/11 में वारंटी राजू पुत्र पंचम नि.बिराहिमपुर थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।

दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र की रोड का बोर्ड भी साफ नहीं करवा सके क्षेत्रीय अवर अभियंता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । आजाद अधिकार सेना के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने एक पत्र लोक निर्माण विभाग सीतापुर को लिख कर मांग की है सीतापुर मधवापुर रामकोट मार्ग के मोड़ से तुलसनपुर तक दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र चिंहित है इस रोड पर करीब करीब 20 दुर्घटनाओं में चार लोगों के मारे जाने के बाद यह दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का बोर्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा लगाया गया है परंतु क्षेत्रीय अवर अभियंता द्वारा इस बोर्ड की भी साफ सफाई झाड़ियों को कटवाना मुनासिब नहीं समझते है इस रोड पर काफी मात्रा में कटीली झाड़ियां रोड पर ही उगी है जिससे वाहन क्रास कर निकलने वालों के वाहन चालकों के किनारे आने पर हाथ और मुंह में कटीली झाड़ियां लग जाती है कटीली झाड़ियां होने के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है परंतु क्षेत्रीय अवर अभियंता द्वारा जब दुर्घटना बाहुबली बोर्ड को नहीं साफ करवा रहे हैं तो कटीली झाड़ियां कहां से कटवा पाएंगे ग्रामीण नागेंद्र मिश्रा रजत शुक्ला रामगोपाल पाल राजा रामपाल

ओमप्रकाश पाल शिव प्रसाद आदि का कहना है इन झाड़ियां के होने के कारण सामने अचानक बड़ा वाहन सामने आ जाने से छोटे वाहन लड़खड़ा जाते हैं जिससे कभी-कभी गिर कर हादसे का शिकार जाते हैं। पिछले 14 माह में इस एरिया में कम से कम 20 एक्सीडेंट हो चुके हैं जिसमें चार लोग मारे जाने के बाद विभाग द्वारा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का बोर्ड लगाया गया था परंतु आज यह बोर्ड को झाड़ियों ने ढक लिया है जिसे क्षेत्रीय अवर अभियंता साफ नहीं करवा पा रहे है ।

गोवा से मधुमास मना वापस लौटे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

एजेंसी

कानपुर। कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र में गोवा से मधुमास मना वापस लौटे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक की टीम ने जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चकेरी के अहिरवां इलाके में रहने वाले 32 वर्षीय आकाश सिंह एक निजी कंपनी में कार्यरत थे, जबकि उनके बड़े भाई सात समुंदर पार ऑस्ट्रेलिया में नौकरी करते हैं। काफी समय पहले उनके माता-पिता की मौत हो चुकी थी। इसलिए परिवार में केवल दो ही भाई थे। नजदीकियों के मुताबिक बीती नौ दिसंबर को आकाश की शादी लखनऊ की रहने वाली एक लड़की के साथ हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी गोवा मधुमास पर गए थे। शुक्रवार की देर रात पत्नी

पत्नी को लखनऊ में छोड़कर शुक्रवार की रात घर पहुंचा था युवक

को मायके छोड़कर घर वापस आ गए और जब उनका दोस्त उनके घर मिलने पहुंचा तो अंदर जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए, क्योंकि युवक शव बेड पर पड़ा हुआ था।

आनन फानन में इस घटना की सूचना नाते रिश्तेदारों के साथ-साथ पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आकाश की मौत की सूचना पाकर पत्नी के पैरों तले जमीन खिसक गई। उधर भाई की मौत की खबर सुनते ही बड़ा भाई ऑस्ट्रेलिया से कानपुर के लिए रवाना हो चुका है।

थाना प्रभारी अशोक दुबे ने रविवार को बताया कि मृतक के पास से कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है। हालांकि पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टि में ऐसा लग रहा है कि आकाश की मौत दिल का दौरा पड़ने या फिर किसी बीमारी के चलते हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो पायेगी।

रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट में तेलंगाना के शतरंज खिलाड़ी ने हासिल किया शीर्ष स्थान

एजेंसी

कानपुर। कृष्ण गोपाल कपूर मेमोरियल इंटरनेशनल रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट में तेलंगाना के भरत कुमार रेड्डी पोलुरी ने नौ राउंड की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट कानपुर के आर्यनगर स्थित एक खेल एकेडमी में संपन्न हुआ। यह टूर्नामेंट 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक आयोजित किया गया था, जिसमें भारत के 12 राज्यों के 218 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में 108 अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी शामिल थे, जिनमें इंटरनेशनल मास्टर (आईएम), फिडे मास्टर (एफएम), महिला कैंडिडेट मास्टर (डब्ल्यूसीएम) और कई एरीना मास्टर जैसे खिताबधारी खिलाड़ी शामिल थे। विभिन्न श्रेणियों में 110 पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे यह आयोजन विविध पृष्ठभूमि के शतरंज उत्साहियों के लिए एक उत्सव बन गया।

भरत कुमार रेड्डी पोलुरी (तेलंगाना) बनाम अर्पण दास (पश्चिम बंगाल)

भरत ने फ्रेंच डिफेंस के एक साइड-लाइन वेरिएशन में असाधारण सामरिक कौशल दिखाया। उन्होंने अपने रानी को एक हाथी, घोड़े, और ऊंट के लिए बलिदान देकर शानदार जीत हासिल की, 8 अंकों के साथ शीर्ष स्थान को मजबूत किया। अर्पण 7 अंकों पर बने रहे। नैतिक आर मेहता (गुजरात) बनाम कमद मिश्रा (मध्य प्रदेश) नैतिक ने पिर्स डिफेंस में कमद को मात दी। इस जीत के साथ, नैतिक 8 अंकों पर पहुंचे, भरत के साथ बढ़त साझा करते हुए, जबकि कमद 7 अंकों पर ही रहे। सभी विजेताओं को रविवार के मुख्य अतिथि डॉ0 संजय कपूर प्रेसिडेंट ''फिडे '' इंडिया जोन 3.7 ने नगद पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इसके पूर्व शकार्तिक कपूर अध्यक्ष उत्तर प्रदेश चेस एंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अंत में कानपुर चेस एसोशिएशन के सचिव दिलीप श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कविता पटेल, कुसुम शर्मा, रूपा शुक्ला, आनंद सिंह, आदित्य द्विवेदी, हरीश रस्तोगी, तुषार सारस्वत, शाह फारुकी, राणा प्रताप सिंह, ललित कपूर, ओंकार सिंह आदि मौजूद थे।

वंश बहादुर तिवारी की पुण्यतिथि शिद्दत के साथ मनाई गई

कलम के सच्चे सिपाही थे वंश बहादुर तिवारी: रजनीकांत मणि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। लोकतंत्र रक्षक सेनानी, पत्रकार एवं समाजसेवी स्व. बंशबहादुर तिवारी की 18 वीं पुण्यतिथि शिद्दत के साथ मनाई गई। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों, विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि समाज की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पण करने वाले स्व. तिवारी कलम के सच्चे सिपाही थे जिन्होंने समाज के अंतिम छोर बैठे व्यक्ति के हक की लड़ाई लड़ी। पत्रकारिता जगत में अपनी बेबाक लेखनी के लिए वे हमेशा याद किये जायेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि उन्होंने समाज को हमेशा दिशा दी। पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव ने कहा कि उनका व्यक्तित्व व कृतित्व अत्यंत ही प्रेरणादायी है। लोकतंत्र सेनानी बंका सिंह ने कहा कि परिस्थितियां अनकूल रही हों या प्रतिकूल उन्होंने मूल्यों के साथ उन्होंने कभी समझौता नही किया और मुखरित होकर समाज को दिशा देने का कार्य किया। नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि स्व. तिवारी मानवता के अप्रतिम उदाहरण थे जिन्होंने समाज के सभी वर्गों के हक की आवाज उठाई। प्रधानाचार्य हनुमान इंटर कालेज पड़रौना शैलेन्द्र दत्त शुक्ला ने कहा कि स्व. तिवारी का जीवन संघर्षों में बीता लेकिन कभी समाज सेवा के कार्य में संसाधन की कमी के चलते वे विचलित नही हुए बल्कि परिस्थितियों को उन्होंने मोड़ने का कार्य किया। वक्ताओं ने अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि इमरजेंसी के दौरान उन्होंने अपनी बेबाक पत्रकारिता धर्म का निर्वहन कर एक नजीर पेश की जिसके लिए वे जेल भी गये। वे जनता के प्रेरणा के स्रोत हैं। भन्ते महेंद्र ने उनसे अपना परिवारिक नाता जोड़ते हुए कहा कि उनकी संतानों ने उन्हें याद कर प्रेरक कार्य किया है। हमें माता - पिता, गुरु का

सम्मान करना चाहिए।

लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामकृष्ण केदार सिंह, प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय, भारत तिब्बत समन्वय संघ के बृजेश मणि, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय, पत्रकार बृजबिहारी त्रिपाठी भाजपा नेता डॉ अनिल प्रताप राव, बीके स्मिता दीदी, डॉ गौरव तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ प्रियेश त्रिपाठी, सुमित त्रिपाठी, बृजेश मणि त्रिपाठी, प्रसून जायसवाल, डॉ अम्बरीष विश्वकर्मा, अनिल त्रिपाठी, राज किशोर पाण्डेय, प्रेम प्रकाश दूबे, अयोध्यालाल श्रीवास्तव, वाजिद अली, अमरचंद जायसवाल, दीनानाथ यादव ने अपने विचार रखे। कसया नगर के गाँधी घर स्थित उनके आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभी एवं भजन का शुभारंभ समाधि स्थल पर आगत अतिथियों पुष्पार्चन के साथ हुआ। संगीतकार धीरज राव, सुनील मिश्रा की टीम ने भजन प्रस्तुत किया। स्वागत एवं आभार ज्ञापन सुपुत्र एडवोकेट कृष्ण कुमार तिवारी, कवि व पत्रकार दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने किया। संचालन तिवारी ब्रदर्स ने किया। इस दौरान स्व. तिवारी की पत्नी रामायणी देवी, पौत्र व पौत्री गण, ओमप्रकाश जायसवाल, संजय जायसवाल, लव कुमार, कुश कुमार, पन्नालाल मद्देशिया, वीरेंद्र यादव, एड पंचनन्द मिश्रा, एड जितेंद्र पटेल, सभासद, राजेश मद्देशिया, हरिनारायण यादव, रोटरी क्लब के अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, दुर्गेश चतुर्वेदी, प्रभुनाथ प्रसाद, विजयकृष्ण द्विवेदी, राजू मद्धेशिया, ल हरिंदर जायसवाल, क न्हैया जायसवाल, प्रद्युम्न कुशवाहा, सोनू जायसवाल आदि मौजूद रहे।

शहीद चंद्रभान चौरसिया की पांचवीं पुण्यतिथि पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही निवासी सैनिक चंद्रभान चौरसिया 14 जनवरी 2020 को देश की सीमा की रक्षा करते हिमस्खलन की चपेट में आकर शहीद हो गए थे। उनके पैतृक गांव में प्रतिवर्ष पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा, मशाल दौड़ व अन्य विविध कार्यक्रम आयोजित होते हैं। पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आगामी 14 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के आयोजन समिति की बैठक में रुपरेखा पर चर्चा कर जिम्मेदारियां बांटी गईं। ग्राम पंचायत बरवा राजापाकड़ के सीताराम चौराहा पर स्थित खेल मैदान में रविवार को आयोजन समिति की बैठक में बताया गया कि तुर्कपट्टी सूर्यमंदिर से समाधिस्थल तक 51 धावक व धाविकाओं द्वारा 11 किमी की मशाल दौड़ आयोजित

की जाएगी तत्पश्चात श्रद्धांजलि सभा में बलिदानी के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। लोग स्व. चंद्रभान के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालेंगे। बलिदानी की स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

जिला स्काउट प्रशिक्षक अजय निगम व दलनायक अरविंद उर्फ भीम भारती के नेतृत्व में मैदान में तैयारी करने वाले युवकों व युवतियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। वीरांगना पिंकी चौरसिया, बलिदानी के पिता राजबलम चौरसिया, भाजपा नेता जितेंद्र गुप्ता, मुकेश यादव, मृत्युंजय पांडेय, धनन्जय मिश्र, धावक शिवम सिंह, पवन प्रजापति, अरविंद कुमार, आलोक कुमार गोंड, विपुल पाठक, राजा पांडेय, विकास सिंह, रोहित प्रसाद, राकेश यादव, अनूप शर्मा, प्रियांशु सिंह, कृष्णा यादव, अनूप यादव, बृजेश चौहान, कृष्णा चौहान, सोहन यादव, करन कुमार आदि मौजूद रहे।

घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

पडरौना, कुशीनगर। थाना क्षेत्र के ग्राम कोहरवालिया में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर लाखों की चोरी को अंजाम दिया। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ित त्रिभुवन नाथ तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ 19 दिसंबर को रिश्तेदार के घर गए थे। उन्होंने घर का ताला बंद कर अपने रिश्तेदार के यहां तीन दिन के लिए प्रवास किया था। रविवार को जब वह घर लौटे, तो मुख्य फाटक का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर प्रवेश करने पर उन्हें घर का ताला भी टूटा हुआ मिला और सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने अलमारी और बॉक्स तोड़कर सोने का हार, चार अंगूठियां, मांग टीका, पायजेब सहित अन्य कीमती सामान और 45,000 नकद चोरी कर लिए। बता दें कि इस घटना से पहले भी क्षेत्र में चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं। इसी महीने कस्बे की एक किराना दुकान से चोरों ने ?60,000 नकद चुरा लिए थे, जबकि एक इलेक्ट्रिक दुकान को भी निशाना बनाया गया था।

प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए मेधावी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। बोर्ड परीक्षा परिणाम की सूची में अपने मेधा के बल पर जनपद में प्रथम व प्रदेश के टापटेन में उत्कृष्ट स्थान हासिल कर चिल्ड्रेन पब्लिक इण्टरमीडिएट कालेज के छात्रों ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभाकिसी की मोहताज नहीं होती।इन प्रतिभाशालियों ने अपनी सफलता से जनपद कुशीनगर के साथ ही विद्यालय के कुशल शिक्षा व्यवस्था की प्रसिद्धि को बढ़ाकर हम सभी को गौरवान्वित किया है।

रविवार को उक्त बातें यहाँ से कसया जाने वाले मार्ग पर ग्राम छहूँ में संचालित अस्तित्व भवन स्थित चिल्ड्रेन पब्लिक इण्टरमीडिएट कालेज में गत वर्ष के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में विशिष्ट श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने के लिये प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन के अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुरेन्दर सिंह कुशवाहा ने कहीं।विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धातमक युग में विद्यार्थियों को बेहतर व

रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना प्रत्येक विद्यालय का मुख्य उद्देश्य होना चाहिये।कार्यक्रम को सेवा निवृत्त परिवहन अधिकारी अजय तिवारी,जिला देवरिया अपर विकास अधिकारी अर्जुन सिंह,चंद्रप्रकाश यादव,शक्तिप्रकाश पाठकब्लाकप्रमुख विशुनपुरा विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, व पत्रकार सुनील त्रिपाठी आदि ने भी अपने सम्बोधन के माध्यम से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा की सूची में जिले के टापटेन में स्थान हासिल करने वाले मेधावी छात्रों के साथ ही नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभय गुप्ता व आयुष गुप्ता को प्रशस्ति पत्र के साथ इक्कीस हजार रुपये नगद देकर सम्मानित किया गया।इसके पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षाप्रद प्रस्तुति देकर लोगों को मन्त्रमुग्ध कर दिया।विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने सभी अभिभावकों एवं आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।उन्होंने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए उनको और अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिये अभिभावकों से सुझाव देने का आग्रह किया।इस अवसर पर अमरनाथ तिवारी,अमित श्रीवास्तव,दिलीप राय,बासुकी गुप्ता, राजेश शाही,अमित राय सहित तमाम गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड व आंखों की जांच का आयोजन आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। हाटा सीएचसी पर आज नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड व आंखों की जांच का होगा। यह जानकारी हाटा के सीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ लोगों के उनके आधार कार्ड की जन्मतिथि के अनुसार प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। साथ ही नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत निशुल्क आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसके नोडलउ प मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राकेश गुप्ता व नेत्र परीक्षण अधिकारी बृजभान सिंह द्वारा आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु स्क्रीनिंग टेस्ट का कार्य किया जाएगा।

आयुर्वेदिक अस्पताल के लिए विधायक, पूर्व विधायक ने मंत्री को दिया ज्ञापन

वर्षों बाद अस्पताल का होगा जिर्णोद्धार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर।प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि मंत्री को ज्ञापन सौंपते तमकुहीराज विधायक असीम कुमार राय, पूर्व विधायक नंद किशोर मिश्रा सलेमगढ़ के राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के भवन के जर्जर और जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच जाने की स्थिति के संदर्भ में किराये के भवन से पीएचसी में स्थानांतरित होने की सूचना पाते ही

पूर्व विधायक और विधायक ने सलेमगढ़ आर्युवेदिक अस्पताल की स्थिति के संदर्भ में शुक्रवार को लखनऊ पहुंचकर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री डा दयाशंकर मिश्रा दयालु को ज्ञापन सौंपा और मांग किया है अस्पताल के समस्या का समाधान कराया जाय। जिसपर उन्होंने आश्वासन दिया है तत्काल ही अस्पताल के भवन का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। उसके पश्चात नये भवन के निर्माण की व्यवस्था की

जाएगी। पूर्व विधायक नंद किशोर से जानकारी लेने पर बताया कि मंत्री जी ने आश्वासन दिया है।भवन का जीर्णोद्धार शीघ्र होगा तथा प्रस्तावित भूमि पर नए भवन का निर्माण भी होगा। वहीं उक्त खबर मिलते ही सलेमगढ़ के पूर्व प्रधान विनोद पटेल,वैजु शर्मा, अमरूदीन खान समाजसेवी राजू पटेल सुधीर,मुन्ना क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर विकास खण्ड-बनीकोडर जनपद बाराबंकी

पत्रांक - मेमो0 / मनरेगा / निविदा / 2024-25 दिनांक - 23/12/24

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रामपुर विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजनान्तर्गत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2024-25 में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदभित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों/ठेकेदारो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 23/12/2024 से दिनांक 28/12/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 28/12/2024 को 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव / निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

क्र.स.	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	कार्य की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत धनराशि	कार्य पर सामग्री अंश हेतु स्वीकृत धनराशि	धरोहर राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (जीएसटी)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	सत्यनाम के खेत के पास बंधा पर पुलिया निर्माण कार्य	ईटा, गिट्टी मोरंग सीमेंट सरिया	999950	837867		500	30 दिन
2.	माझां डामर रोड से मंदिर होकर राजेंद्र के घर तक व मंदिर से जवाहर लाल के घर तक खड़ंजा कार्य	ईटा	995536.00	721733		500	30 दिन

नियम व शर्तें -

निविदादाता का पंजीकरण व्यापार कर विभाग में अवश्य होना चाहिए। 2- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण अवश्य कर लें। 3- सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर प्राप्त की जाएगी। इस हेतु पृथक से कोई भाड़ा देय नहीं होगा। 4- इच्छुक निविदादाता कार्यवार तथा सामग्रीवार पृथक-पृथक निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। 5-निविदा प्रपत्र क्रय करते समय कार्य पर वांछित सामग्री की मात्रा का विवरण निः शुल्क प्राप्त किया जा सकता है तथा कार्यवार सामग्री की मात्रा सम्बन्धी विवरण पंचायत भवन के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा है। 6- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात रु0 100 के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा। 7- ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणों से अस्वीकृत फर्मों/ठेकेदारों की निविदा मान्य नही होगी। 8- किसी भी कार्य पर शासन स्तर पर रोक या विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य पर आपूर्तित सामग्री का भुगतान संभव न होगा एवं न्यायालय में बाध्य योग्य भी नहीं होगा। 9- बिना कारण बताए किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 10- निविदा सामग्री की दर समान होने पर लॉटरी की पद्धति से निविदादाता का चयन किया जाएगा। 11-दिनांकः 28/12/24 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है, तो यह कार्य अगले दिवस में संपन्न होगा।

शिवप्यारी		अमरेंद्र सिंह
ग्राम प्रधान	तकनीकी सहायक	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-रामपुर	शिव कुमार	ग्राम पंचायत-रामपुर
वि0ख0 बनीकोडर, बाराबंकी		वि0ख0 बनीकोडर, बाराबंकी

कार्यालय ग्राम पंचायत खुशेहटी विकास खण्ड-बनीकोडर जनपद बाराबंकी

पत्रांक - मेमो0 / मनरेगा / निविदा / 2024-25 दिनांक - 23/12/24

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत खुशेहटी विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2024-25 में निम्नलिखित कार्य हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदभित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों/ठेकेदारो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 23/12/2024 से दिनांक 29/12/2024- तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 30/12/2024 को 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव / निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	सामग्री की मात्रा	कार्य की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत	कार्य पर सामग्री अंश हेतु स्वीकृत धनराशि	धरोहर राशि (लाख में) धनराशि	निविदा प्रपत्र मूल्य (जीएसटी)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	देवी स्थान से गांव के बाहर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	सीमेंट मौरंग ईंट प्रथम श्रेणी ईंट पत्थर गिट्टी ईंट गिट्टी बालू इंटरलॉकिंग ईंट लोकल बालू	396.80/बैग 2872.80/घनमीटर (150) 7.314 20mm 3468.15/घनमीटर 10mm 3132.15/घनमीटर 1431/घनमीटर 80एमएम 1155/घनमीटर 27.14/ईंट 735/घनमीटर	984518	815087	1000/-रू0	NIL	

नियम व शर्तें -

निविदादाता का पंजीकरण व्यापार कर विभाग में अवश्य होना चाहिए। 2- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण अवश्य कर लें। 3- सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर प्राप्त की जाएगी। इस हेतु पृथक से कोई भाड़ा देय नहीं होगा। 4- इच्छुक निविदादाता कार्यवार तथा सामग्रीवार पृथक-पृथक निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। 5-निविदा प्रपत्र क्रय करते समय कार्य पर वांछित सामग्री की मात्रा का विवरण निः शुल्क प्राप्त किया जा सकता है तथा कार्यवार सामग्री की मात्रा सम्बन्धी विवरण पंचायत भवन के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा है। 6- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात रु0 100 के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा। 7- ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणों से अस्वीकृत फर्मों/ठेकेदारों की निविदा मान्य नही होगी। 8- किसी भी कार्य पर शासन स्तर पर रोक या विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य पर आपूर्तित सामग्री का भुगतान संभव न होगा एवं न्यायालय में बाध्य योग्य भी नहीं होगा। 9- बिना कारण बताए किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 10- निविदा सामग्री की दर समान होने पर लॉटरी की पद्धति से निविदादाता का चयन किया जाएगा। 11-दिनांकः 30/7/24 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है, तो यह कार्य अगले दिवस में संपन्न होगा।

मंशाराम		अनुज श्रीवास्तव
ग्राम प्रधान	जय हिन्द	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-खुशेहटी	तकनीकी सहायक	ग्राम पंचायत-खुशेहटी
वि0ख0 बनीकोडर, बाराबंकी		वि0ख0 बनीकोडर, बाराबंकी

गोण्डा के आरटीओ कार्यालय में दलालों का बोल बाला, बिना रिश्वत दिए यहां नहीं बढ़ती फाइल आगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । कहने के लिए गोण्डा जिले के परिवहन विभाग में सबकुछ आनलाइन है।लेकिन सभी पटल के बाबुओं का अलग से लेनदेन तय है,जिससे उप संभागीय कार्यालय में बिना रिश्वत दिए कोई कार्य संभव नहीं हो पाता है।परिव हन विभाग के भ्रष्टाचार को लेकर गोण्डा जिले के उप संभागीय अधिकारी ने बताया कि दलालों का प्रवेश यहां वर्जित है।अंदर आने वाले दलाल जेल भेजे जाएंगे।लेकिन ड्राइविंग लाइसेंस,वाहन रजिस्ट्रेशन,फिटनेस,वाहन ट्रांसफर अनापत्ति प्रमाण-पत्र आदि कार्य बिना सुविधा शुल्क लिए नहीं होता है।ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए भी दलालों के पास जाना पड़ता हैं।सूत्रों के मुताबिक आरटीओ कार्यालय के एक कर्मचारी ने नाम न छपने कि शर्त पर बताया कि महकमे में अवैध रूप से काम करने वाले दलालों के कोड नंबर जारी किए गए हैं।पटल के जिम्मेदार बाबू पत्रावली पर दलालों का कोड नंबर देखकर काम करते हैं।बिना कोड नंबर की फाइल वापस हो जाती है।दलालों की पहचान कोड नंबर से होती है।आर टीओ कार्यालय में दलालों की लंबी फौज है।अंदर से लेकर बाहर तक इनकी संख्या दर्जनों से अधिक है।यहां तक कि दलालों के बाहर भी कार्यालय खुले हैं कुछ तो आरटीओ ऑफिस के बगल जन सेवा केंद्र खोलकर इसकी आड़ में बैठकर दलाली कर रहे हैं।वही जेल रोड़ पर स्थित आरटी ओ ऑफिस के बाहर पांच मीटर में इन्हीं की दुनिया बसी है।

सूत्रों के मुताबिक अगर कोई आम आदमी लेनदेन में दलालों से पंगा करने पर पिटकर यहां से वापस घर जाता है।इसीलिए यहां लोग दलालों के पंगे से बचते हैं।सूत्रों के मुताबिक अंदर के अधिकारी और कर्मचारी आम आदमी से बात नहीं करते हैं जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। एक स?थानीय कर्मचारी ने बताया कि वे ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता बढ़वाने के लिए चार दिन आरटीओ गए पर कंपूटर में नेटवर्क न होने की बात बताकर वापस भेज दिए जाते थे।फिर एक दिन हारकर दलाल के पास गए।दलाल को तीन हजार रुपये अलग से लेकर ड्राइविंग लाइसेंस घर भेजवा दिया।वही सूत्र बता रहे है कुछ ऐसे लोग है जो अपनी फाइल यहां सीधे जमा हो गई थी।लेकिन काम होने के बजाय फाइल गायब हो गई है।अब उनके पास कापी बची है।बाकी सुविधा शुल्क बचाने के चक्कर में मूल कागजात गायब हो गए हैं।अमूमन यह हाल गोण्डा आरटी ओ का है।

यूपी पीसीएस परीक्षा दो पालिओ में हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में आयोजित यूपी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा दोनों पालियों में सकुशल संपन्न हो गई है।जिले के सोलह परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में छह हजार सात सौ बीस परीक्षार्थियों को शामिल होना था,जिसमें से तीन ह जार तीन सौ चौदह ने परीक्षा दी।दूसरी पाली में 49.31 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया,जबकि 50. 69 प्रतिशत ने परीक्षा छोड़ दी।यूपी पीसीएस परीक्षा के दौरान जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई।प्रभारी जिला अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के नेतृत्व में कमिश्नर और डीआईजी ने लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया गया।वही जिले के अलावा देवीपाटन मंडल के चारों जिलों में भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।प्रशासन ने सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो और परीक्षार्थियों को पूरी तरह से शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न हुई है।परीक्षार्थियों के परीक्षा छोड़ने की संख्या काफी अधिक रही।जैसे कि लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में 256 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 224 ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह अन्य केंद्रों पर भी परीक्षार्थियों ने बड़ी संख्या में परीक्षा छोड़ दी।वही प्रभारी जिलाधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि पूरे जिले में यूपी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर चेकिंग की गई और पारदर्शी तरीके से परीक्षा संपन्न कराई गई।जिले परीक्षा के आयोजन के बाद जिला कोषागार में परीक्षा सामग्री को सील कर दिया गया है और पूरे जिले में हुई परीक्षा पर पूरी निगरानी रखी गई है।

अवैध अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, खाली कराया गया चकमार्ग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के सदर तहसील क्षेत्र के मोतीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत काजीदेवर ग्राम पंचायत में चकमार्ग और नवीन परती भूमि पर अवैध कब्जे की लगातार गोंडा जिला अधिकारी नेहा शर्मा को शिकायत मिल रही थी।गोंडा जिला अधिकारी नेहा शर्मा द्वारा मौके पर तहसीलदार सदर अनुराग पांडे को भेज करके अवैध अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए थे।सदर तहसीलदार अनुराग पांडेय द्वारा बुलडोजर के माध्यम से चकमार्ग पर किए गए अवैध कब्जी को हटवाया गया है।वहीं नवीन परती भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को भी हटाया गया है।लोग चकमार्ग और नवीन परती की भूमि पर अवैध रूप से फूस के मकान बना करके अवैध रूप से कब्जा किए हुए थे। जिससे आने-जाने में लोगों को दिक्कतें हो रही थी कई बार जिला प्रशासन द्वारा इन लोगों को अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिए थे।लेकिन यह लोग अवैध कब्जा नहीं हटा रहे थे तो वहीं अब बुलडोजर के माध्यम से फूस के मकानों को ढहा करके अवैध अतिक्रमण हटवाया गया है।चकमार्ग से अवैध अतिक्रमण हटाए जाने के बाद आप लोगों के आने-जाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा लोगों को चेतावनी दी गई है कि अगर दोबारा अवैध अतिक्रमण करेंगे तो कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।वहीं गोंडा सदर तहसीलदार अनुराग पांडे ने बताया कि काजीदेवर ग्राम पंचायत में चकमार्ग और नवीन परती भूमि पर कुछ लोग अवैध रूप से अतिक्रमण करके कब्जा किए हुए थे। जिससे लोगों को काफी दिक्कतें हो रही थी जिला प्रशासन द्वारा कई बार इन लोगों को नोटिस दिया गया।लेकिन यह लोग नहीं हटा रहे थे तो बुलडोजर के माध्यम से कार्रवाई की गई है।

कागजों में सिमट गया मुखबिर तंत्र तकनीक के सहारे गोंडा पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले में आए दिन पुलिस की ओर से जारी होने वाले प्रेस नोट में कहानी तो बार-बार यही दोहराई जाती है कि मुखबिर की सूचना पर शराब, असलहा,कारतूस के साथ आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। पुलिस भले ही इन गिरफ्तारियों के पीछे मुखबिर की मदद की बात करती हो,लेकिन हकीकत यही है कि आधुनिकता के इस दौर में गोण्डा पुलिस मुखबिर तंत्र का मंत्र ही भूल चुकी है।यही वजह है कि जिले में हुई कई बड़ी वारदातों का आज भी खुलासा नहीं हो सका है।बदलते दौर में पुलिसिंग के तौर तरीके तो बदलते चले गए,लेकिन इसी के साथ पुलिस महकमे की सबसे मजबूत कड़ी माने जाने वाले भरोसेमंद मुखबिरों का साथ छूटता चला गया। आधुनिकता के दौर में भले ही खाकी हाईटेक संसाधनों से लैस हो गई हो,पर बेसिक पुलिसिंग से दूर होती जा रही है। मुखबिरों की मदद नहीं मिलने से न तो बड़ी घटनाओं का पुलिस खुलासा कर पा रही है और न ही अपराधी पकड़ में आ रहे हैं।पुलिस के अफसर भी दबी जुबान ये बात स्वी कार करते हैं,लेकिन मौजूदा दौर में अब पुराने दौर को लाना मुमकिन नहीं है।जिले में पिछले कई सालों के भीतर कई जघन्य वारदातें हों या फिर हाल में हुई घटनाएं,हर मामलों में पुलिस का नेटवर्क कमजोर ही जा रहा है।इसी वजह से घटनाओं का खुलासा नहीं हो सका।

गोण्डा पुलिस के प्रेस नोट तक सिमट गए मुखबिर

गोण्डा पुलिस हर छोटे-बड़े मामले के खुलासे में जारी प्रेस नोट में यही जिक्र करती है कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई, लेकिन ऐसा होता नहीं है।सच तो यही है कि पुलिस को हाईटेक संसाधनों के नाम पर मिले सर्वि लांस की मदद से ही घटनाओं का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार करती है।ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि मुखबिर प्रेस नोट तक ही सिमट गए हैं।

इसलिए किनारा करते चले गए मुखबिर

पुलिस सूत्रों की माने तो शुरुआती दौर में मुखबिर ही पुलिस की मजबूत कड़ी थी।कोई घटना होने पर मुखबिरों को फैला दिया जाता था।मुखबिर पूरी जानकारी देते थे। इसके बाद पुलिस अपने हिसाब से काम करती थी और कामयाबी भी मिलती थी,लेकिन धीरे-धीरे पुलिस ने मुख बिरों के साथ ही खेल शुरू कर दिया।कई बड़ी घटनाएं होने पर जब कोई क्लू नहीं मिलता था तो पुलिस मुखबिरों को ही उस मामले में लपेट देती थी।कई मुखबिरों को पुलिस ने अपराधी बताकर एनकाउंटर में मार दिया।इसके कई मामले भी सामने आए।इन्हीं वजहों से मुखबिरों ने पुलिस से दूरियां बना ली और एक समय ऐसा आ चुका है अब मुखबिर बचे ही नहीं हैं।

देवीपाटन परिक्षेत्र में पीसीएस परीक्षा केंद्र का कमिश्नर और डीआईजी ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । देवीपाटन मंडल उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग आयोजित पीसीएस परीक्षा 2024 की प्रारंभिक परीक्षा के लिए देवीपाटन मण्डल में सुरक्षा और व्यवस्थाओं का निरीक्षण आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील और डीआईजी अमित पाठक ने किया।दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और परीक्षा केंद्र पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मण्डलायुक्त और डीआई जी ने गोण्डा जिले में शहीदे ए आजम भगत सिंह इंटर कॉलेज, एलबीएस डिग्री कॉलेज, फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज व बलरामपुर जिले में महारानी लाल कुंवरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय व एमपीपी इण्टर कालेज में परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम और अन्य सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया।आयुक्त ने ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को यूपी लोक सेवा आयोग द्वारा जारी गाइड लाइनों का पालन करने का निर्देश दिया।उन्होंने एग्जाम के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉ निक डिवाइस के उपयोग पर निगरानी रखने और परीक्षा कक्ष और परिसर में पूरी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की बात की। सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जा रही है ताकि परीक्षा पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

हिंदी साहित्य सुरभि संस्थान की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। रविवार को नगर के बाबू कृष्ण कुमार सभागार में कार्यवाहक अध्यक्ष आदेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में हिन्दी साहित्य सुरभि संस्थान नानपारा की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारम्भ सरस्वती मां के पूजन अर्चन व वंदे मातरम के साथ हुआ। बैठक में पूर्व में हुए कार्यक्रम सम्मान समारोह पर चर्चा हुई। बैंक ऑफ बड़ोदा के असहयोग के चलते बैंक खाते के संचालन में होने वाली समस्या पर चर्चा हुई। मासिक बैठक में प्रेमनाथ मिश्रा, डा दिनेश चन्द्रा, राजेंद्र प्रकाश मित्तल, जसवन्त मिश्रा, उमेश चन्द्र शाह, डा अशोक गुप्ता, मनोज गुप्ता एवम डी के श्रीवास्तव की उपस्थिति में मासिक बैठक सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई सपा लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में संगठन को मजबूत करने और जनता से जुड़ाव बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक ब्लॉक पर चौपाल लगाकर चौपालों के माध्यम से पार्टी की सदस्यता बढ़ाने और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में लोहिया वाहिनी के महासचिव मोबिन ख़ान, मयंक मिश्रा, अन्नू गुप्ता, शेखर यादव, राज कुमार यादव, सालिक राम चौधरी, आशीष अवस्थी, विद्याराम यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। यह बैठक सफल रही और पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी ने अपने सुझाव साझा किए।

डीआईजी अमित पाठक ने यूपी पीसीएस प्री परीक्षा केंद्रों लिया जायजा

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवीपाटन परिक्षेत्र के डीआईजी अमित पाठक ने यूपी पीसीएस प्री 2024 परीक्षा के सुचितापूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद गोण्डा व बलरामपुर के परीक्षा केंद्रों-शहीदे आजम भगत सिंह इंटर कॉलेज गोण्डा,एलबीएस कॉलेज,राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोण्डा व महारानी लाल कुंवरि स्नाकोत्तर महाविद्यालय बलरामपुर व एमपीपी इंटर कालेज बलरामपुर केंद्रों का भ्रमण कर सर्व संबंधित को सुचिता कायम रखते हुए निष्पक्ष,नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने व पुलिस कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया।परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश सर्व संबंधित को पूर्व में ही गोष्ठी,प्रशिक्षण के माध्यम से दिये जा चुके हैं।

मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा का हुआ आयोजन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले में रविवार को मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया।यह परीक्षा पूर्व सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गयी। बहराइच जनपद के परीक्षा कोऑर्डिनेटर सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह ने बताया कि परीक्षा में जनपद से कुल 7000 छात्र-छात्राओ ने पंजीकरण कराया। और 23 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया । परीक्षा के दौरान निरीक्षण करने पर 269 बच्चे अनुपस्थित पाए गए । पूर्व सांसद बृजभूषण शरण की ओर से प्रतिवर्ष मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया जाता है। परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाता है। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को गोडा स्थित नंदिनी नगर महाविद्यालय में 8 जनवरी 2024 को भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर पुरस्कार वितरित किया जायेगा। साथ ही सांत्वना पुरस्कार की श्रेणी में आने वाल छात्रों को भी सांसद की ओर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। जनपद स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को मोटर साइ?किल / स्कूटी तथा द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले को 21000 व 16000 रूपये नकद राशि प्रदान की जाएगी। इस दौरान पर्वेक्षक महेश सिंह मन्नू ,रामचरण ,मुकेश सिंह, संजय गुप्ता,अन्नू सिंह ,आकिब खान,सत्या सिंह, मुन्नू सिंह, विपिन सिंह,निशांत श्रीवास्तव, अखंड शाही ,कमलेश सिंह ,पिंकू सिंह,प्रांशु श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

23 दिसम्बर को आयोजित होगा किसान सम्मान दिवस

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद में 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक आयोजित हो रहे ''सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर'' अभियान अन्तर्गत भूतपूर्व प्रधानमन्त्री स्व. चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस 23 दिसम्बर 2024 को जिला व ब्लाक मुख्यालय पर ''किसान सम्मान दिवस'' के रूप में मनाया जायेगा। जनपद स्तर पर हरियाली रिसार्ट बहराइच में पूर्वान्ह 12:00 बजे से जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी एवं सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद एवं किसान दिवस आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह होंगे। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि ''किसान सम्मान दिवस'' के अवसर पर जनपद के सर्वोच्च उत्पादकता प्राप्त करने वाले कृषकों को सम्मानित किया जायेगा ।

महाना तरही नशिस्त का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । नगर के मोहल्ला तोपखाना में सफीर नानपारवी के मकान पर अदबी तंज़ीम अन्जुमन गुलज़ार-ए-अदब की महाना तरही नशिस्त का आयोजन किया गया। मिसरा तरह था- फिर ख़ुदा जाने कहां जाना हो मर जाने के बाद। नशिस्त की सदारत मुन्नन बेग ने की। निज़ामत शायर व साहित्यकार रोशन ज़मीर ने की। सभी शायरों ने अपने अपने कलाम पढ़ें। रोशन ज़मीर नानपारवी ने पढ़ा- जब तलक शीशे में था क्या ख़ूबतर था शख़्स वो, फिर बिखर वो भी गया शीशा बिखर जाने के बाद। शकील मकी ने पढ़ा खुद्दारज छोड़ेगा जब मतलब निकल जाने के बाद, हाथ रूसवाई लगेगी सिर्फ पछताने के बाद। सफीर नानपारवी ने पढ़ा हमें सुनाओ न अब दास्ताने ग़म अपनी अश्क आंखों से छलक जाते हैं भर जाने के बाद। कैफ़ नानपारवी ने पढ़ा-जो मिटा दे अपनी हस्ती जुस्तजू-ए-यार में, ज़िन्दगी मिलती है उसको क़ैफ़ मर जाने के बाद।शम्स नानपारवी ने पढ़ा-फातिहा को आएंगे सब ही ये मुंह देखे की बात, कौन किसको पूछने आता है मर जाने के बाद। फड़फड़ाते ही रहोगे दाम में आने के बाद, उड़ न पाओगे कभी फिर पर कतर जाने के बाद। इनके अलावा तमाम शोरा ने अपने-अपने कलाम पेश किए। नशिस्त में हलीम अंसारी, लल्लन अंसारी, ओसामा खान, सनी खान, सलीम खान, अबरार एवं तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की समाप्ति पर कन्वीनर रोशन ज़मीर व सफीर नानपारवी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा पर संचालित फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ, जिसके अंतर्गत कृषकों को बताया गया कि केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. शशिकांत बरगाह एवं परियोजना के नोडल अधिकारी सुनील कुमार बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन मिट्टी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक बहुत छोटा लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रत्येक किसान को उठाना अत्यन्त आवश्यक है । इस कार्य को गति देने के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित कर रही है । कारण लाभदायक कीट व सूक्ष्मजीवों की संख्या में गिरावट आती है । केंद्र के उद्यान विशेषज्ञ श्री उमेश कुमार ने बताया कि फसल अवशेष भारत में पशुधन के आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। किसानों के स्तर पर समय की कमी और लागत के बोझ के कारण खेतों में काफी मात्रा में फसल अवशेषों को जला दिया जाता है। इसी क्रम में केंद्र के फसल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉक्टर पी के सिंह ने बताया कि कटाई की उपयुक्त मशीनों के उपयोग से अधिक मात्रा में फसल अवशेषों की प्राप्ति सुनिश्चित हो सकती है और फसल अवशेषों की बर्बादी को कम किया जा सकता है। उन्होने बताया कि फसल कटाई के बाद बचे पुआल को जलाने का एक तरीका यह है कि खेतों को अगले वसंत में बीज बोने के लिए तैयार किया जा सके । हालांकि, कुछ किसानों को सामान्य तरीकों से पुआल से निपटना मुश्किल लगता है। खेतों में फसल अवशेष को जलाने के बदले खेत की सफाई के लिए बेलर मशीन का प्रयोग, फसल के अवशेष को खेतों में जलाने के बदले वर्मी कंपोस्ट बनाने, मिट्टी में मिलाने, पलवार (मल्चिग) विधि से खेती आदि में व्यवहार कर मिट्टी को बचाना आदि, हैप्पी सीडर से गेहूं की बोआई की जानी चाहिए ।

अमेठी में पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा में 4612 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य,प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा जनपद में नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी तथा सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। जिसका परिणाम रहा कि जनपद में पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मुसाफिरखाना, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जामों, उमारमण राजकीय इंटर कालेज जामों, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज, रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों व केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिये अनुक्रमांक के अनुसार निर्धारित स्थानों पर बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे व कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा केन्द्रों पर तैनात प्रशासनिक,पुलिस अधि0/कर्म0गण को आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने व सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। बताते चलें कि जनपद अमेठी में पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को लेकर बारह परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जिनमें श्री रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सोनारी कला, राजकीय इंटर कॉलेज टीकरमाफी, राजकीय बालिका इंटर

डीएम व एसपी ने भ्रमणशील रहकर कई परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

कॉलेज जामों, श्री रणवीर इंटर कॉलेज अमेठी, इंटर कॉलेज कालीकन, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी, रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी, उमारमण राजकीय इंटर कॉलेज जामों, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मुसाफिरखाना, रणवीर इंटर कॉलेज अमेठी को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा जनपद में दो पालियों में आयोजित हुई जिसमे कुल 4823 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में दो हजार तीन सौ ग्यारह तथा द्वितीय पाली में दो हजार तीन सौ एक परीक्षार्थी उपस्थित रहे। पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा जनपद के सभी बारह केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई, सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सघन जांच के उपरांत प्रवेश दिया गया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। आज उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुल्तानपुर (अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध) की मासिक बैठक अध्यापक भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने की। इस अवसर पर संगठन की मजबूती और शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मांडलिक मंत्री शमीम अहमद ने संगठन में निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर जोर देते हुए पारदर्शिता बनाए रखने की बात कही। जिला मंत्री दिनेश उपाध्याय ने एरियर, ग्रेच्युटी, रिटायरमेंट और शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि अगले माह से चयन वेतनमान पोर्टल लागू होने जा रहा है और प्रोन्नत वेतनमान की प्रक्रिया गतिशील है। कोटा मनी और डेलीगेट सूची पर भी गहन चर्चा हुई। संयुक्त जिला मंत्री डॉ. विनय प्रजापति ने एसीपी, एरियर और जीपीएफ से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। जिला कोषाध्यक्ष रामाशीष मौर्य ने रिटायरमेंट सत्यापन पर जोर दिया और कहा कि जिन शिक्षकों का सत्यापन लंबित है, उसे शीघ्र पूरा कराया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष दूबेपुर एवं जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने वेतन भुगतान से जुड़ी समस्याओं को उठाया तथा जनपद में एक दिन अनुपस्थिति पर शिक्षकों द्वारा दिए गए मेडिकल के आधार पर अवरुद्ध वेतन अविलंब बहाल कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता की बात कही क्योंकि कुछ शिक्षकों के चयन वेतनमान भी ड्यू हैं। लंबित चयन वेतनमान एरियर आनलाइन पोर्टल पर, को वित्त एवं लेखाधिकारी से अविलंब भुगतान कराया जाए। बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार रखे और अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों को साझा किया। इस अवसर पर मंत्री द्वारिका प्रसाद यादव, डॉव हीरालाल यादव, वैभव भटनागर शिव सहाय पाण्डेय, संगठन मंत्री महताब हुसैन, चन्द्रपाल राजभर ब्लॉक अध्यक्ष कादीपुर अरुण कुमार सिंह, मंत्री दोस्तपुर शिवकुमार मौर्य, प्रचार मंत्री सुरेश सिंह एवं विनोद शर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने बैठक के अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षकों के हित में संगठन को और सशक्त बनाने के संकल्प दोहराया।

सम्मान समारोह (कंबल बितरण) कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक संगठन जयसिंहपुर ब्लॉक के माध्यम से आज सरैया हरदो ग्राम सभा के अन्दर कंबल बितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष पं अमित कुमार तिवारी के नेतृव मे जिसकी अध्यक्षयता राम भवन तिवारी ने किया और मुख्य अतिथि हर्ष नारायण मिश्रा ने भगवान श्री परशुराम जी के प्रतिमा पे पुष्प एवं दीप प्रज्वालित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगो को कंबल देकर सम्मान किया गया और समाज को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा हुयी। इस कार्यक्रम के मुख्य व्यस्थापक संरक्षक पं घनश्याम तिवारी ने कार्यक्रम की पूरी तैयारी की और संरक्षक पं संजय मिश्रा के घर पे कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष पं अंकुर पाण्डेय ने मुख्य अतिथि को माला पहना के कार्यक्रम की आगे बढ़ाया इस अवसर पे अनंत तिवारी, राघवेंद्र मिश्रा, टाइगर मिश्रा, गोकरन तिवारी, संदीप मिश्रा , विनीत मिश्रा, शीतला प्रसाद मिश्रा, पंकज तिवारी, प्रमोद मिश्रा, छोटेलाल तिवारी, राजेश ओझा, विजय कुमार तिवारी, राम उजागिर तिवारी, भानुप्रताप तिवारी, आदर्श पाण्डेय जिलाजीत तिवारी, विजय कुमार तिवारी, कामता प्रसाद, प्रमोद मिश्र, राम केवल मिश्र, गया प्रसाद तिवारी, ओम प्रकाश मिश्र, जग रूप, ताड़क नाथ तिवारी, राम अवतार तिवारी, दानबहादुर तिवारी, शिवराम तिवारी, प्रदीप पाण्डेय, बिद्याधर मिश्रा आदि कई ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे।

गुरु गोविन्द सिंह के बेटों की सहादत दृढ़ संकल्प एवं साहस का प्रमाण : मयंकेश्वर शरण सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर वीर बाल दिवस की शहादत की विषयक गोष्ठी का आयोजन जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में तिलोई के विधायक व प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह रहे।राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि साहिबजादे के ऊपर धर्म परिवर्तन के लिये कहा गया लेकिन साहिबजादे ने गरज कर जवाब देते थे कि हम अपने गुरु पिताजी के आगे सिर झुकाते हैं किसी को सलाम नही करते हमारी लड़ाई अन्याय धर्म और जुल्म के खिलाफ है हम तुम्हारे जुल्म के खिलाफ प्राण दे देंगे लेकिन झुकेंगे नहीं।मुगलों के पास लाखों की सी थी तो गुरु के वीर साहब जड़ों के पास साहस था वह अकेले होते हुये भी मुगलों के सामने झुके नहीं तभी मुगलों ने दोनों को दीवार में जीवित चुनवाने ने का आदेश दिया। छब्बीस दिसम्बर को बच्चों को खड़ा करके दीवार में चुनवा दिया था। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादे द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प एक प्रमाण के रूप में खड़ा है जो औरंगजेब और उसके अनुयायियों को एक शक्तिशाली संदेश देता है कि युवा पीढ़ी कुर्ता के आगे झुकने से इंकार करती है और देश के मनोबल को बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित रहती है भारतीय इतिहास में इस घटना को बाद में साहब ज्यादा जोरावर सिंह और साहब ज्यादा फतेह सिंह द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान के रूप में याद किया गया। भारत की आने वाली पीढियां का भविष्य उनके प्रेरणा स्रोतों पर निर्भर है हमारी सांस्कृतिक विरासत भरत, भक्त प्रहलाद, नचिकेता, ध्रुव, बलराम, लव कुश और बालकृष्ण जैसे प्रेरक बच्चों

अमेठी में बीर बाल दिवस में संगोष्ठी को लेकर बैठक आयोजित की गई

के उदाहरण से समृद्ध है प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक वीर बालक बालिकाओं ने निरंतर भारत की वीरता को मूर्त रूप दिया है। भाजपा के जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि गोष्ठी के अंत में शाहिद ज्यादा जोरावर सिंह और साहिबज़ादा फतेह सिंह के बलिदान पर दो मिनट का मौन रखा गया।गोष्ठी को जिला महामंत्री केशव सिंह ने सम्बोधित किया।संचालन सुधांशु शुक्ला ने किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, उमेश प्रताप सिंह सहित अन्य तमाम भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

साफ करने से नहीं गन्दगी न करने से होगी स्वच्छता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। समझनी होगी कीमत जल की, कीजिए चिंता आने वाले कल की, कुछ ऐसा ही संदेश दे रहे थे गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह। रविवार साप्ताहिक स्वच्छता जागरूकता श्रमदान के दिन धाम पर पहुंचे श्रद्धालुओं को और निवेदन कर रहे थे गोमती मित्रों का स्वच्छ सीता कुंड धाम-निर्मल गोमती की धारा का संकल्प और स्वप्न साकार करने के लिये सहयोग का। प्रबंधक राजेंद्र शर्मा ने उनकी बातों को आगे बढ़ते हुए कहा कि स्वच्छता सफाई करने से नहीं होगी बल्कि गंदगी ना करने से होगी। उपस्थित गोमती मित्रों ने गोमती नदी के किनारे-किनारे सफाई करते हुए एकत्रित कूड़े को दूर एक चिन्हित स्थान पर जाकर इकट्ठा किया उसके बाद पूरे परिसर में झाड़ू लगाते हुए सायंकाल होने वाली आरती के लिए तैयारी की। श्रमदान कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, राजेंद्र शर्मा, मुन्ना पाठक, दाऊ जी, मुन्ना सोनी, आलोक तिवारी, राकेश मिश्रा, राकेश सिंह दद्दू, महेश प्रताप, अमित पंडा, राम कुमार मौर्य, रोहित यादव, आयुष, अर्पित आदि उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन पर जीआरपी सिपाहियों पर बंधक बनाने व रिश्वत मांगने का आरोप वीडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला की रहने वाली फूल बी पत्नी नजरुद्दीन ने रविवार 12 बजे बताया। उसके रिस्तेदार सरफराज, शादाब, फिरोज अहमद परिवार के लोगों के साथ 21 दिसंबर को गोरखपुर से शादी के रिस्ते के लिए पूरनपुर आ रहे थे। इस दौरान उनके पास चार कार्टून डिब्बे गिफ्ट थे। आरोप है समय लगभग दो बजे ट्रेन पहुंची तभी स्टेशन पर मौजूद जीआरपी सिपाही गौरव बाजपेई व अनिल कुमार ने उनको पकड़ लिया और दो घंटे तक बंधक बनाकर स्टेशन पर रखा इस दौरान जब पीड़िता को जानकारी लगी तो वह स्टेशन पर पहुंच गई। जानकारी करने पर सिपाही गौरव बाजपेई ने चार कार्टून के बदले व मेहमानों को छोड़ने के बदले में दो हजार रुपए की मांग की। इस पर महिला ने रुपए देने से इंकार कर दिया और वीडियो बनाने का प्रयास किया तो उक्त सिपाहियों ने महेमान व महिला के साथ भी अभद्रता की। महिला ने मामले में पीलीभीत जीआरपी व आरपीएफ थानाध्यक्ष से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

अतिक्रमण को लेकर हुई बैठक, उपस्थित रहे चेयरमैन एव कोतवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सड़कों पर अतिक्रमण से नगर क्षेत्र में लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए पुलिस और व्यापारियों ने कमर कस ली है। इसके लिए व्यापारियों और प्रशासन

शहर में अतिक्रमण की गंभीर समस्या है। इसके लिए पालिका में 24 दिसंबर को बैठक बुलाई गई : शैलेंद्र गुप्ता चेयरमैन

की बैठक 24 दिसंबर को नगरपालिका सभागार में बुलाई गई है।नगर में जाम की समस्या भयंकर रूप ले चुकी है। स्टेशन रोड पर पुरानी स्टेट बैंक और तहसील के समीप अतिक्रमण व ईको रिक्शा के चलते प्रतिदिन लंबा जाम लगा रहता है। बताते हैं कि व्यापारियों ने दोनों ओर मार्ग को घेर रखा है। बाहर तक दुकान सजाया जाता है। इसके अलावा कुछ दुकानदार अपनी दुकानों के आगे पैसे लेकर ठेले भी लगवाते हैं जिससे जाम की स्थिति और विकराल हो जाती है। जाम को खत्म करने के लिए बीतीरात उत्तर प्रदेशउद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के प्रतिष्ठान पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता,पूरनपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश त्यागी आदि मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया कि पहले नाली से नाली तक अतिक्रमण हटाने के लिए व्यापारियों को एक मौका दिया जाएगा इसके बाद उनका सामान जब्त किया जाएगा और चालान किए जाएंगे। इसके लिए 24 दिसंबर को शाम 4 बजे नगर पालिका सभागार में पुलिस प्रशासन एवं व्यापारियों की बैठक बुलाई गई है। जिसमें एसडीएम,सीओ कोतवाल सहित व्यापारी मौजूद रहेंगे।

आइलेट्स संचालक ने लाखों रुपए की धोखाधड़ी पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर।पलिया सुभाष नगर निवासी अमर सिंह पुत्र साधु सिंह ने रविवार एक बजे बताया। पूरनपुर सुपर मार्केट में स्थित राइट वन एमीग्रीसन के मैनेजर पलविंदर सिंह व गुरजीत सिंह से उसकी मालटा यूरोप जाने की बात हुई थी। जिसपर उसने 27 मई को पाँच हजार रुपए दिए। 19 सितंबर एक लाख बीस हजार व 26 सितंबर एक लाख रुपए दिए। फिर आठ अक्टूबर को एक लाख बीस हजार व आठ नवंबर को एक लाख 15 हजार और 16 नवंबर को 1 लाख रुपये दिये थे। टोटल रुपए 5 लाख 60 हजार रुपए दिए थे। आरोप है आइलेट्स संचालक ने उसको फर्जी बीजा देकर जार्जिया भेज दिया था। वहां एयरपोर्ट पर पकड़कर फर्जी बीजा बताकर उसको बापस भारत भेज दिया गया। पीड़ित इस संबंध में आइलेट्स संचालक से मिलने पहुंचा तो उसने गाली गलौज कर उसको भगा दिया। पीड़ित युवक ने मामले में कोतवाली पुलिस से शिकायत कर धोखाधड़ी करने वाले आइलेट्स संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस के रोकने के बावजूद भी दंबग कर रहा है दूसरे की जमीन पर कब्जा

बल्दीराय/सुलतानपुर। थाना क्षेत्र बल्दीराय की पुलिस चौकी बल्लीपुर के ग्राम लहुरेपुर मजरे दरियापुर में दंबग द्वारा पुलिस के रोकने के बावजूद भी दूसरे की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहा है। पीडित ने थाना बल्दीराय तहसील समाधान दिवस सहित पुलिस अधीक्षक को जरिए प्रार्थना पत्र न्याय की गुहार की है। गांव निवासी कमला प्रसाद ने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसके पडोसी श्रीनाथ का दरवाजा उत्तर दिशा की ओर है जबकि उसका दरवाजा पूरब दिशा में है। पीडित कमला प्रसाद ने बताया कि पूरब में स्थित जमीन उसकी पुस्तैनी है व अभी तक उस पर वह काबिज भी है गांव के ही पड़ोसी श्रीनाथ ने अपने दो बेटो के साथ मिल कर पीडित के सहन पर जबरन दरवाजा खोल कर जमीन को कब्जा कर रहे है। पीडित ने इसकी शिकायत पुलिस से की तो स्थानीय डायल 112 की पुलिस मौके पर जाकर विपक्षी को निर्माण करने से रोक दिया लेकिन पुलिस की रोक के बावजूद भी दंबग श्रीनाथ अवैध कब्जा करने से बाज नही आ रहा है। पीडित ने उच्चाधिकारियो से जरिए प्रार्थना पत्र न्याय की गुहार की है।

पुलिस ने गुमशुदा को तलाश कर परिजनों को सौंपा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्ति को तलाश कर एवं सकुशल परिजनों को सुपुर्द कर परिजनों की मुस्कान लौटाई गई। थाना क्षेत्र के गांव नहरराय भादर निवासिनी कमला देवी पत्नी मोती लाल ने बीस दिसम्बर को थाना रामगंज पर लिखित सूचना दी कि उनका पुत्र सावन कुमार उम्र करीब उन्नीस वर्ष रात्रि में बिना बताये घर से कहीं चला गया है काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। उक्त सूचना पर थाना रामगंज पर गुमशुदगी दर्ज की गयी थी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त गुमशुदा की सकुशल बरामदी हेतु प्रभारी निरीक्षक रामगंज को आवश्यक निर्देश दिये गये थे। उप निरीक्षक भीम सेन सिंह मय हमराही द्वारा उक्त गुमशुदा व्यक्ति सावन कुमार उपरोक्त को ढेमा बाजार से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।परिजनों एवं ग्राम वासियों द्वारा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफ़िरखाना पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत रविवार को उप निरीक्षक घनश्याम यादव मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मोहम्मद नासिर पुत्र स्वर्गीय नसीम निवासी ग्राम तकिया जमुवारी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब तेइस वर्ष को नगेशरगंज नहर पुलिया के पास से समय करीब दो बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

हरसिंहपुर गुरुद्वारे के पास में दिव्यांग ई रिक्शा और बाइक की भिड़ंत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बरखेड़ा झबरा कल्याणपुर के रहने वाले दंपति वीरेंद्र अपनी पत्नी प्रेम देवी के साथ बाइक से पूरनपुर किसी काम से आ रहा था। वही चार्ट फिरोजपुर निवासी दिव्यांग छोटेलाल ने रविवार एक बजे बताया कि अपने दिव्यांग ई रिक्शा से पूरनपुर आ रहा था। जैसे ही हरसिंहपुर गुरुद्वारे के पास पहुंचे तभी बाइक और दिव्यांग ई रिक्शा में भिड़ंत हो गई। हादसे में तीनों लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों को दिखा बाघ वीडियो सोशल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर में बताया जा रहा है कि ग्रामीण खेत पर गेहूं की बुवाई कर रहे थे। इस दौरान गन्ने के खेत से एक बाघ निकल आया। यह देख ग्रामीणों के होश उड़ गए और मौके से काम छोड़कर खिसक लिए। बताया जा रहा है कि कुछ देर के बाद बाघ चकमार्ग पर चहलकदमी करता हुआ जंगल की ओर चला गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने चैन की सांस ली। फिलहाल बाघ की चहलकदमी को लेकर ग्रामीणों में अभी भी दहशत का माहौल है और रविवार 12 बजे वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है

तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद शाहजहांपुर के खुटार के रहने वाले सरवन कुमार पुत्र नवल किशोर उम्र 25 वर्ष किसी कार्य से बाइक से आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार युवक कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पेट्रोल पंप के पास रविवार समय लगभग 10:00 बजे पहुंचा तभी तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी।

असंसदीय कृत्य

जब देश की नई संसद में सदन की कार्रवाई शुरू हुई, तो विश्वास था कि देश में संसदीय मर्यादाओं को नई गरिमा मिलेगी। लेकिन हाल ही में संपन्न शीतकालीन सत्र के दौरान हुए हंगामे ने देश के आम जनमानस को गहरे तक निराश ही किया। सड़क पर सांसदों की धक्का-मुक्की और आरोप-प्रत्यारोपों ने उन मतदाताओं को ठेस पहुंचायी, जिन्होंने उन्हें अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना था। आरोप-प्रत्यारोप तो सांसदों की पुरानी परंपरा रही है, लेकिन इस बार तो बात धक्का-मुक्की से लेकर थाने तक जा पहुंची। ऐसे में सवाल किया जा सकता है कि जब हमारे माननीयों का व्यवहार ऐसा होगा तो आम आदमी से क्या उम्मीद की जा सकती है। दरअसल, महाराष्ट्र चुनाव में करारी शिकस्त से पस्त विपक्ष सरकार पर हमले के लिये मुद्दे की तलाश में था। उन्हें मुद्दा खुद गृहमंत्री अमित शाह ने दे दिया। संविधान के रचयिताओं में अग्रणी डॉ. बी.आर. अंबेडकर के बारे में शाह की टिप्पणी के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन के सांसदों के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला कालांतर टकराव में बदल गया। निश्चय ही राजनेताओं के व्यवहार से देश-विदेश में कोई अच्छा संदेश नहीं गया। जिन सांसदों के हाथ में कानून की गरिमा बनाये रखने की जिम्मेदारी है, वे हाथ ही धक्का-मुक्की में लिप्त होने लगे। जो जनप्रतिनिधियों की कथनी-करनी के अंतर को ही दर्शाता है। सही मायनों में यह मतदाताओं का भी अपमान है जिन्होंने उन्हें चुनकर संसद में भेजा है। निस्संदेह, जब अमित शाह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का नाम जपना एक फैशन बन गया तो ऐसा करके उन्होंने अपना कद कदापि नहीं बढ़ाया। इस तरह उन्होंने संविधान के जनक को एक अनावश्यक विवाद में घसीट लिया। महाराष्ट्र चुनाव में पराजय के बाद खस्ता हाल में आये विपक्ष को इस विवाद ने राजग पर एकजुट हो हमलावर होने का अवसर दे दिया है। विपक्ष ने भी मुद्दे को तुरंत लपक लिया। लेकिन इस तरह के विवाद को असंसदीय ही कहा जाएगा। कालांतर में स्थिति यहां तक पहुंच गई कि शाह की बयानबाजी के बचाव में खुद प्रधानमंत्री को उतरना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक स्वार्थ के लिये दुर्भावनापूर्ण झूठ का सहारा लेने का आरोप भी लगाया। निस्संदेह, डॉ. बी.आर. अंबेडकर एक ऐसे राष्ट्रीय प्रतीक हैं, जिनकी गरिमा को कोई भी राजनीतिक पार्टी नजरअंदाज नहीं कर सकती। यह स्पष्ट ही है कि राजनीतिक लाभ के लिए दोनों प्रमुख पार्टियां उनकी विरासत पर कब्जा करने को यह खेल खेल रही हैं। उनका अमर्यादित व्यवहार इस स्थिति को और गंभीर बना देता है। विडंबना ही है कि ये स्थितियां तब पैदा हुईं जब देश संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी समारोह आयोजित कर रहा था। दुनिया को यह बताने का प्रयास कर रहा था कि लोकतंत्र, न्याय और समानता की कसौटी पर यह जीवंत दस्तावेज खरा उतरा है। निस्संदेह, इस बात में दो राय नहीं हो सकती कि संविधान के आदर्शों को बनाये रखना सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उनकी प्राथमिकता सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की होनी चाहिए, न कि आरोप-प्रत्यारोप व टकराव की सीमाएं लांघने की। वे कम से कम लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा और गरिमा को बनाये रखने का दायित्व तो निभा ही सकते हैं। यदि ऐसा न हुआ तो लोकतंत्र का यह मंदिर प्रहसन के रंगमंच में बदल जाएगा। साथ ही भारत के विश्व गुरु व विश्व बंधुत्व के नारे में भी कोई तार्किकता नहीं रह जाएगी। आज देश बेरोजगारी, महंगाई तथा विकास से जुड़ी तमाम समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे विवादों से तो मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकता है। जबकि जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता जन कल्याण के रास्ते तलाशना होना चाहिए। निश्चित रूप से देश-दुनिया में इस विशालतम लोकतंत्र की कारगुजारियों का अच्छा संदेश तो कदापि नहीं जाएगा। हमारे जनप्रतिनिधियों को सोचना चाहिए कि जनता के करों के पैसे से चलने वाले सदन ने शीतकालीन सत्र में क्या हासिल किया। निश्चित रूप से इस सत्र के दौरान होने वाले अप्रिय विवादों से देश-दुनिया में कोई अच्छा संदेश तो कदापि नहीं गया है।

तस्करी के लिए हाइटेक ड्रोन्स और तकनीक का इस्तेमाल कर रहा पाकिस्तान

उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सुरक्षा चौकी पर बड़ा आतंकवादी हमला हुआ, मीडिया के हवाले से खबरें आईं हैं कि आतंकवादियों की ओर से किए गए इस भीषण हमले में 16 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। मीडिया से यह भी सूचना मिली है कि पिछले कुछ महीनों में सुरक्षा बलों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकवादी हमला है।न केवल आतंकवाद बल्कि पाकिस्तान अपने यहां से नशा व हथियारों की तस्करी का भी आज एक बड़ा गढ़ ही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पाकिस्तान ड्रग्स व हथियारों की स्मगलिंग के लिए ऐसे हाईटेक ड्रोनों का इस्तेमाल कर रहा है, जो आसानी से पकड़ में नहीं आते। गौरतलब है कि जहां नशीली दवाओं की तस्करी अक्सर अपराध के अन्य रूपों जैसे-आतंकवाद, मनी लॉन्ड्रिंग अथवा भ्रष्टाचार से जुड़ी होती है, वहीं दूसरी ओर हथियारों की तस्करी आतंकवाद व आतंकी घटनाओं को जन्म देती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी से राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा है। नशा व हथियार तस्करी ही नहीं धार्मिक शिक्षा के नाम पर भी पाकिस्तान आज एक खतरनाक खेल, खेल रहा है।

सभी जानते हैं कि पाकिस्तान दुनिया में आतंकवाद का गढ़ है। पाकिस्तान न केवल आज दुनिया में आतंकवाद फैला रहा है बल्कि वह स्वयं भी इससे बहुत त्रस्त है। हाल ही में उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सुरक्षा चौकी पर बड़ा आतंकवादी हमला हुआ, मीडिया के हवाले से खबरें आईं हैं कि आतंकवादियों की ओर से किए गए इस भीषण हमले में 16 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। मीडिया से यह भी सूचना मिली है कि पिछले कुछ महीनों में सुरक्षा बलों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकवादी हमला है।न केवल आतंकवाद बल्कि पाकिस्तान अपने यहां से नशा व हथियारों की तस्करी का भी आज एक बड़ा गढ़ ही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पाकिस्तान ड्रग्स व हथियारों की स्मगलिंग के लिए ऐसे हाईटेक ड्रोनों का इस्तेमाल कर रहा है, जो आसानी से पकड़ में नहीं आते। गौरतलब है कि जहां नशीली दवाओं की तस्करी अक्सर अपराध के अन्य रूपों जैसे-आतंकवाद, मनी लॉन्ड्रिंग अथवा भ्रष्टाचार से जुड़ी होती है, वहीं दूसरी ओर हथियारों की तस्करी आतंकवाद व आतंकी घटनाओं को जन्म देती है।कहना ग़लत नहीं होगा कि आज नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी से राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा है। नशा व हथियार तस्करी ही नहीं धार्मिक शिक्षा के नाम पर भी पाकिस्तान आज एक खतरनाक खेल, खेल रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और खुफिया एजेंसी आइएसआइ के गठजोड़ का भी एक फ्रांसीसी पत्रिका 'ले स्पेक्टेकल डू मोंड' द्वारा यह खुलासा किया गया है कि पाकिस्तान जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को सेना की तरह प्रशिक्षित कर रहा है और धार्मिक शिक्षा के नाम पर साज़िश रच रहा है। यह बहुत ही खतरनाक है कि आज जैश धार्मिक शिक्षा की आड़ में आतंकी तैयार कर रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पाकिस्तान धार्मिक शिक्षा की आड़ में आतंकी ही तैयार नहीं कर रहा है अपितु वह भारत में हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी के नये-नये तरीके खोज रहा है और उन्हें इस्तेमाल में ला रहा है। सच तो यह है कि पाकिस्तान स्थित विभिन्न आतंकवादी समूह आज डिजिटल यानी कि विभिन्न आनलाइन गतिविधियों के जरिए भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने में लिप्त है। हालांकि, भारतीय सुरक्षा एजेंसियां, हमारे देश की साइबर टीम और हमारे तमाम सुरक्षा बिल इसको लेकर पहले से ही बहुत सतर्क और मुस्तैद हैं। बावजूद इसके भारत को पाकिस्तान द्वारा की जा रही डिजिटल घुसपैठ को रोकने के लिए और बड़े कदम उठाने की जरूरत इसलिए है क्योंकि आज का जमाना सूचना क्रांति का है।हम सभी जानते हैं कि आज आनलाइन माध्यमों से पलों में भारत विरोधी कंटेंट को इधर से उधर पहुंचाया जा सकता है। आज तस्कर और आतंकी लगातार तकनीक और मोबाइल क्रांति का सहारा ले रहे हैं। सच तो यह है कि मोबाइल और तकनीक के इस्तेमाल ने आतंकियों/तस्करों/ माफियाओं के लिए तस्करी के तरीके, रास्ते सटीक और आसान बना दिए हैं। आलम यह है कि अब सरहद के पास कोई स्थान विशेष को निर्दिष्ट करके हथियार और हेरोइन, अफीम, गांजा ,चरस, नशीली दवाएं आदि मादक पदार्थ तथा हथियार तक गिराए जाते हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान, भारत समेत विश्व के अनेक देशों में हथियारों और नशीले पदार्थों की खपत करता है। आंकड़े बताते हैं कि पाकिस्तान में सालाना 44 टन तक संसाधित हेरोइन की खपत होती है। पड़ोसी अफ़गानिस्तान से 110 टन हेरोइन और मॉर्फिन की तस्करी पाकिस्तान के ज़रिए अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में की जाती है। इसके अलावा, माना जाता है कि पाकिस्तान का अवैध ड्रग व्यापार सालाना 2 बिलियन डॉलर तक कमाता है। आज पाकिस्तान ड्रोन से अवैध रूप से ड्रग्स कारोबार में लिप्त है।आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2024 के दस महीनों में ही पाकिस्तान से पंजाब सीमा पर भेजे गए 177 ड्रोन बरामद किए गए हैं। यह बरामदगी 2023 में पकड़े गए ड्रोन की संख्या से 107 अधिक है। गत वर्ष 60 ड्रोन बरामद हुए थे। वर्ष 2022 में जून के महीने में यह सामने आया था कि पाक के तस्कर पंजाब सीमा से सटे खेतों व बॉर्डर फेंसिंग के पास नशे से भरी ईंटें फेंक रहे हैं। उस वक्त यह भी सामने आया था कि पानी की मोटरों में इस्तेमाल होने वाले होलो पंप में भी नशा भरकर सीमा पार से भेजा जा रहा है और कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलों का भी इस्तेमाल नशा तस्करी में किया जा रहा है। पिछले कुछ समय पहले यह भी सामने आया था कि अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट भारत में नशे की खेप लाने के लिए अलग-अलग रास्तों का फायदा उठा रहे हैं। मसलन, गुजरात का मुंद्रा पोर्ट, पंजाब बॉर्डर, नेपाल और म्यामांर के रास्ते भारत में ड्रग्स लाई जा रही है। वाकई यह बहुत ही संवेदनशील है कि आज भारतीय तस्कर पाकिस्तानी तस्करों को लोकेशन भेज ड्रोन के माध्यम हेरोइन,गांजा, चरस और असलहा आदि की खेप मंगवा रहे हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि पाक तस्करों का समर्थन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ भी करती है। आइएसआइ इन्हीं तस्करों की मदद से भारत में विस्फोटक सामग्री, हथियार व नशीले पदार्थों तक को भिजवाती है। सच तो यह है कि पाकिस्तान भारत में शांति व सौहार्द को भंग करने के उद्देश्य से चोरी-छुपे हथियारों की सप्लाई के साथ नशा तस्करी को भी अंजाम दे रहा है और यही कारण है कि भारत में तस्करी आज एक बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आ रही है, जो सिर्फ कानून व्यवस्था पर ही नहीं, बल्कि देश की आर्थिक स्थिति, हमारे समाज और पर्यावरण, स्वास्थ्य पर भी कहीं न कहीं बुरा असर डाल रही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि तस्करी का प्रभाव केवल कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रहता। यह पूरे देश की सुरक्षा, स्वास्थ्य, समाज और पर्यावरण तक को प्रभावित करता है। पाकिस्तान अपनी धरती से भारत विरोधी गतिविधियों का संचालन करता रहा है और आज भी वह लगातार ऐसी गतिविधियों में संलिप्त है। तस्करी की बात करें तो हाल ही में पंजाब के अमृतसर (ग्रामीण) में पुलिस ने 4 किलो हेरोइन के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इस हेरोइन को पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए तस्करी करके लाया गया था। हेरोइन ही नहीं पुलिस ने एक 9 एमएम पिस्तौल भी बरामद की है। आज भी नेपाल और पंजाब के रास्ते पाकिस्तान से हेरोइन और अफीम जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती है और इस आशय की खबरें मीडिया के माध्यम से आतीं रहतीं हैं। दो साल पहले एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक के हवाले से यह खबरें आईं थीं कि पाकिस्तान, अपने हितैषी चीन में बने नये ड्रोन के स्थान पर अब पाकिस्तान में ही बनाए गए पुराने ड्रोन तस्करी के लिए इस्तेमाल कर रहा है।सूत्रों के मुताबिक भारतीय सुरक्षा बलों की पाकिस्तानी तस्करों पर लगातार कार्रवाई और महंगे चीनी ड्रोन से होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करने के लिए पाकिस्तान द्वारा ऐसा किया जा रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान से भारतीय सीमा में आने वाले ज्यादातर ड्रोन चीन में ही बने होते हैं, जिनमें हेक्साकॉप्टर और क्वाडकॉप्टर ड्रोन भी शामिल हैं। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि पाकिस्तान आज ज्यादातर अपने देश में बने ड्रोन से ही हथियार और नशा भारत में सप्लाई कर रहा है। आज हमारे देश की सीमा सुरक्षा एजेंसियाँ, सीमा सुरक्षा बल और सीमा शुल्क अधिकारी, पाकिस्तानी तस्करों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई करते हैं, अनेक ड्रोनों को उन्होंने मार गिराये हैं और तस्करों को पकड़ा भी हैं,जिसके परिणामस्वरूप अवैध व्यापार अस्थायी रूप से रुका भी है। हालाँकि, यह बात अलग है कि तस्करी में शामिल लोग अपने अवैध व्यापार(नशीले पदार्थों, हथियारों की सप्लाई) को जारी रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों के साथ ही तस्करी के अन्य विकल्पों की तलाश करते हैं। आज पाकिस्तान आतंकियों, तस्करों की सहायता से देश के अंदरूनी इलाकों में अव्यवस्थाओं को फैलाने की कोशिश करता है और इसके लिए वह सूचना क्रांति के इस दौर में नये-नये हथकंडे अपना रहा है। यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि आज पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकियों और नशा माफिया/तस्करों ने अपनी गतिविधियों के पुराने तरीकों को छोड़कर नये तरीके अपना लिए हैं। आज पाकिस्तान से पाकिस्तानी सिम कार्ड की रेंज बढ़ा दी गई है। पाकिस्तानी आतंकी और तस्कर आज वाट्सएप व पाकिस्तानी सिमकार्ड से भारतीय तस्करों से संपर्क साधते हैं, क्योंकि अब रेंज बढ़ाये जाने से पाक मोबाइल कंपनियों का सिग्नल सीमावर्ती भारतीय गांवों तक पहुंचने लगा है। अब सीमा पर पूरे षड्यंत्र के साथ तस्करी (हेरोइन, गांजा,चरस, नशीली दवाओं और असलहा की खेप)और आतंकी गतिविधियां हो रही हैं। अक्सर तस्कर आपस में कोड वर्ड देकर एक दूसरे से मादक पदार्थ व हथियार मंगवाते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि तस्करी के काम में ज्यादातर बेरोजगार युवा जुड़े हुए हैं। यहां तक कि इस कारोबार में आजकल युवतियां भी शामिल हो गई हैं। अमूमन होता यह है कि लड़कियों/महिलाओं पर पुलिस, सेना, सुरक्षा बल शक नहीं करते हैं और वे इनकी गिरफ्त में आने से अक्सर बच जाते हैं। आज भारतीय सरहद में ऐसे बहुत से गांव हैं, जिनमें खेत आधे भारतीय सरहद में और आधे पाकिस्तानी सरहद में है, तस्कर विभिन्न कृषि गतिविधियों के ज़रिए इसका फायदा उठाते हैं। यह संवेदनशील और गंभीर है कि आज नशा तस्करी के लिए अब ऑनलाइन प्लेटफार्म का भी इस्तेमाल हो रहा है।बहरहाल, भारत ड्रोन व सूचना क्षेत्र में क्रांति के मार्ग पर अग्रसर हो गया है। भारत में आज सुरक्षा व्यवस्था भी बहुत पुख्ता और सख्त है।बावजूद इसके पाकिस्तान की ओर से नशे व हथियारों की तस्करी का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा। अतः इसका मुकाबला करने के लिए हमें नई रणनीतियों को बनाने की जरूरत है। -सुनील कुमार महला

किसानों की बुलंद आवाज़ थे चौधरी चरण सिंह

किसान दिवस पर विशेष

रमेश सर्राफ धमोरा

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। वे कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोड़ने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हें 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है। चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे-से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे। उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितों, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे। चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी। किसानों में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है।

सेहत मंत्र

ठंड में भी पीएं नींबू पानी, वजन को कम करने में है सहायक

जब भी नींबू पानी की बात होती है तो लोग अधिकतर गर्मी के मौसम में ही नींबू पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन सर्दी के मौसम में भी नींबू पानी पीना सेहत के लिए बेहद लाभदायक है। हालांकि अधिकतर लोग ठंड के मौसम में नींबू पानी नहीं पीते। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ठंड के मौसम में नींबू पानी पीने के फायदो के बारे में बता रहे हैं। इस लेख को पढ़ने के बाद आप भी ठंड के मौसम में भी नींबू पानी पीना शुरू कर देंगे? ठंड के मौसम में व्यक्ति को अधिकतर मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी?खांसी व जुकाम होने की संभावना अधिक होती है। लेकिन अगर आप ठंड के मौसम में नींबू पानी का सेवन करते हैं तो इससे आपका इम्युन सिस्टम मजबूत होता है। दरअसल, नींबू में विटामिन सी पाया जाता है तो आपके इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाता है। जिससे आप स्वयं को मौसमी बीमारियों से बचा सकते हैं। ठंड के मौसम में वजन का बढ़ जाना एक सामान्य समस्या है। दरअसल, इस दौरान व्यक्ति का मेटाबॉलिज्म हाई होता है, जिसके कारण लोग हैवी फूड भी आसानी से खा लेते हैं। इससे वजन बढ़ने लगता है। लेकिन नींबू पानी आपके वजन को मेंटेन करने में सहायक है। दरअसल, नींबू में पेक्टिन फाइबर पाया जाता है, जो हंगर क्रेविंग को कम करने में मदद करता है। इस तरह सर्दियों के मौसम में नींबू पानी आपके लिए काफी फायदेमंद होता है। अमूमन देखने में आता है कि सर्दियों में लोग पानी कम पीते हैं। दरअसल, इस मौसम में पसीना नहीं आता और इसलिए प्यास कम लगती है। लेकिन अगर आप ठंड के मौसम में नींबू पानी पीते हैं तो इससे शरीर में पानी का लेवल बना रहता है और आपकी बॉडी डिहाइडेट नहीं होती। कई बार लोगों को ठंड के मौसम में सिरदर्द, चक्कर आना व थकान की शिकायत होती है। इसका करण शरीर में पानी की कमी भी होती है। लेकिन अगर आप नींबू पानी पीते हैं तो आप इन स्वास्थ्य समस्याओं से आसानी से बच सकते हैं।

धर्म मंत्र

भगवान पार्श्वनाथ को सिर्फ शास्त्रों में ही न पढ़ें, उनकी ज्ञान-राशि को जीवन में उतारें

जिन महापुरुषों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास होता है वे ही वास्तविक धर्म के संस्थापक एवं सूत्रधार होते हैं। इसी वास्तविक और विशुद्ध धर्म को जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ ने स्थापित कर उपदेश दिया कि यदि धर्म इस जन्म में शांति और सुख नहीं देता है तो उससे पारलौकिक शांति की कल्पना व्यर्थ है। उन्होंने हमारी आस्था को नये आयाम दिये और कहा कि हमारे भीतर अनंत शक्ति है, असीम क्षमता है। इसलिए उन्होंने उपासनापरक और क्रियाकाण्डयुक्त धर्म को महत्व न देकर जीवंत धर्म की प्रतिस्थापना की। उन्होंने जिस धर्म का उपदेश दिया, वह न ब्राह्मण धर्म था, न क्षत्रिय धर्म, न वैश्य धर्म और न ही शूद्र धर्म। वह विशुद्ध धर्म था, जो किसी कुल, जाति या वर्ण की परिधि में सिमटा नहीं था। भगवान पार्श्वनाथ की जयन्ती मनाते हुए हमें पार्श्वनाथ के जीवनदर्शन को जीवनशैली बनाने का संकल्प लेना होगा। भगवान पार्श्वनाथ एक क्रांतिकारी युगपुरुष थे, उनकी क्रांति का अर्थ रक्तपात नहीं ! क्रांति का अर्थ है परिवर्तन। क्रांति का अर्थ है जागृति ! क्रांति अर्थात् स्वस्थ विचारों की ज्योति ! क्रांति का अर्थ आग नहीं। क्रांति का अर्थ है सत्य की ओर अभियान। पूर्णता की ओर बढ़ना क्रांति है। वे अज्ञान-अंधकार-आडम्बर एवं क्रियाकाण्ड के मध्य में क्रांति का बीज बन कर पृथ्वी पर जन्मे। तब तापस परम्परा में वे क्रांति-ज्वाला की तरह ऐसे प्रकट हुए, जैसे वर्षों तप में लीन रहने के बाद सहसा ज्ञान का तीसरा नेत्र खुल जाता है।

पर्यटन

चले आइए पहाड़ियों पर बसे भोपाल में तहज़ीब भरे इस शहर में बहुत कुछ है

खुले वन्य परिक्षेत्र में घूमते सफ़ेद शेर और मुगल काल की पुरानी तहजीबों से रूबरू होने का नाम है भोपाल। भोपाल एक शांत, ऐतिहासिक व सहज शहर है, जहां खूबसूरत झीलों का नजारा है। शहर का अधिकांश क्षेत्र हरीभरी पहाड़ियों से घिरा है। पूरे देश से कहीं से भी सरलता से यहां पहुंचा जा सकता है। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई व चेन्नई से सीधी रेल यात्रा की सुविधा भोपाल तक आने के लिए है। राजा भोज के बसाए इस खूबसूरत शहर का नाम पहले भोजपाल था। फिर अपभ्रंश में इसे भोपाल कहा जाने लगा। भोजपुर का विश्व प्रसिद्ध शिव मंदिर व एशिया की सबसे बड़ी मस्जिद ताजउल मस्जिद भोपाल में ही है। भोपाल की पुरानी गलियों में घूमते सूरमा भोपाली चूना चाटते हुए, आपसे आज भी टकरा जाएंगे। परदे लगे तांगों में बुरका पहने हुए महिलाएं आज भी पुराने भोपाल में नजर आती हैं। आदिम युगीन भीम बैठकों की गुफाएं और विश्व प्रसिद्ध सांची के स्तूप भोपाल के नजदीक ही हैं। आज भी आप भोपाल की तीन खासियतों जरदा, परदा व गरदा, को भी वैसा ही पाएंगे। पर्यटकों के लिए एक खास तोहफ़े के रूप में मौजूद है, शान-ए-भोपाल 'मेरीन ड्राइव'। लाल घाटी से कमला पार्क तक का तालाब के किनारे-किनारे खूबसूरत रास्ता, जहां तीन किलोमीटर तक बड़ी झील के किनारे पैदल चलने व ड्राइविंग का आनंद लेने रोज शाम हजारों लोग इकट्ठा होते हैं। शाम होते ही भोपाल के इस मेरीन ड्राइव पर तालाब में झिलमिलाती हजारों विद्युत लड़ियों का अपना अलग ही आनंद है। ताजउल मस्जिद देखने योग्य है। यह मस्जिद एशिया की सबसे बड़ी मस्जिद मानी जाती है। इसके पास ही दिसंबर माह में विश्व मुस्लिम शांति सम्मेलन 'इस्तिमा' का मेला लगता है जिसमें दुनिया भर के मुसलमान शरीक होते हैं। इस विशाल मस्जिद के निर्माण की शुरुआत शाहजहां बेगम ने 1868 में की थी। निर्माण कार्य उसकी मृत्यु के बाद संपन्न हुआ। भोपाल की जामा मस्जिद भी आप देखने जा सकते हैं। स्वर्ण शिखर से मंडित भोपाल के चौक में स्थित यह आकर्षक मस्जिद कुदेसिया बेगम द्वारा निर्मित है। इसके बारे में कहा जाता है कि यहां पहले परमार वंशीय राजा उपादित्य द्वारा 1059 में निर्मित सभा मंडप था।

सुशासन सप्ताह : एसडीएम पूजा ने हाथ में उठाई झाड़ू, ग्रामीणों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी । स्वच्छता हमारी नैतिक जिम्मेदारी है इसके प्रति हमें गंभीर होने की जरूरत है क्योंकि भारत ग्रामीण अंचलों में बसता है , जब हमारा गांव स्वच्छ होगा तभी हम स्वच्छ भारत मिशन को सफल बना पाएंगे उक्त बात खंड विकास अधिकारी उपजिलाधिकारी सुश्री पूजा गुप्ता ने स्वच्छता के मद्देनजर अमृत सरोवर की सफाई के दौरान कही उन्होंने न केवल स्वच्छता को लेकर जागरूक किया बल्कि स्वयं झाड़ू हाथ में उठाकर लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया । सुश्री पूजा ने बताया कि हम स्वच्छता को लेकर औरो पर निर्भर रहते है पर अपनी जिम्मेदारी खुद नहीं समझते । जिस प्रकार हम अपने घर की सफाई करते है ठीक उसी प्रकार हम अपने गांव वार्ड को भी स्वच्छ रखे ये किसी और का काम नहीं हमारी नैतिक जिम्मेदारी है । गीला

कूड़ा , सूखा कूड़ा अलग अलग एकत्र करे और फिर उसे सफाई कर्मी को दे । आपकी थोड़ी सी जागरूकता स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी । जानकारी के अनुसार विकास खंड सिद्धौर की तीन ग्राम पंचायत में सुशासन सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रभारी खंड विकास अधिकारी , एसडीएम सुश्री पूजा गुप्ता ने पंचायत भेड़िया और भुनई रुद्र के अमृत सरोवर का निरीक्षण किया फिर स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई अभियान की शुरुआत की साथ ही वृक्षारोपण किया। इसी क्रम में सादुल्लापुर में सुश्री पूजा ने पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ सरकार की

सुशासन सप्ताह की शुरुआत स्वच्छता अभियान के साथ साथ की गई लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया । इसके अलावा ग्रामीणों को उनके पंचायत भवन पर उनकी अवश्यकता संबंधित दस्तावेज (प्रमाण पत्र) उपलब्ध हो उन्हें ब्लाक के चक्कर न लगाने पढ़े इसके लिए सचिवों को निर्देश दिए गए है ।

सुश्री पूजा गुप्ता
एसडीएम / प्रभारी बीडीओ
सिद्धौर बाराबंकी

योजनाओं को लेकर जानकारी साझा की व ग्रामीणों को पंचायत संबंधित किसी भी समस्या को लेकर पंचायत भवन पर ही प्रकरण का निस्तारण करने हेतु सचिव को निर्देशित किया । इस मौके पर एडीओ सहकारिता शैलेंद्र , जेई सोमवीर सिंह,एपीओ अमित ,तकनीकी सहायक महेंद्र ,मोहसिन के साथ ग्राम प्रधान रामचन्द्र ,प्रधान हकीम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

जल संरक्षण जागरूकता विषयक प्रतियोगिता, विजयी सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। नगर पंचायत रामसनेहीघाट के सुमेरगंज में प्रयास जल जीवन सेवा समिति द्वारा जल संरक्षण जागरूकता विषयक एक चित्रकला प्रदर्शनी रविवार को आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने पूर्ण लगन से हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आधुनिक भारतीय शिक्षा निकेतन की प्रियंका को चुना गया। द्वितीय स्थान इसी विद्यालय से मंतशा बानो,तृतीय स्थान कृति पब्लिक स्कूल की अश्मि साहू, चतुर्थ स्थान पब्लिक स्कूल की पायल गुप्ता, पंचम स्थान आधुनिक इंटर कॉलेज की फिज़ा बानो ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रदर्शनी में सफल छात्र छात्राओं को शील्ड और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में 2024 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों छात्र छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में हाईस्कूल में आराध्या सोनी, अक्षरा कौशल, मोहम्मद फैज़, रज़त सोनी, कृष्णा यादव, सतीश कुमार, आशीष कुमार, आयुष साहू, स्वप्निल श्रीवास्तव, अर्जुन यादव, भास्कर पांडे, सुबी बानो, साबिया बानो प्रतिभा, शरद तिवारी तथा इंटरमीडिएट में दिव्यांशु, अखिलेश, अर्चना मौर्या, कंचन पाल सुधीर वर्मा को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। संस्थापक अजय कृष्ण गुप्त और अध्यक्ष अंजनी कुमार साहू ने कार्यक्रम में सफ़ल छात्रों को बधाई दिया। कार्यक्रम में राष्ट्र सेवा संकल्प संघ के अध्यक्ष इन्द्र प्रताप सिंह,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सहजिला कार्यवाह संजय सिंह, पत्रकार राकेश श्रीवास्तव, तथा शिक्षक प्रमोद यादव,कोतवाली रामसनेहीघाट के उपनिरीक्षक आदित्यपाल सिंह ने जल संरक्षण के महत्व के बारे में बच्चों को समझाते हुए भविष्य के लिए आगाह किया। कार्यक्रम में अरविंद तिवारी, शिवा तिवारी, बालाजी, जतिन, संभव, सक्षम उपस्थित रहे।

तहसील के समीप बंजर भूमि पर दबंगों का कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। तहसील रामसनेहीघाट में बंजर,झील व तालाब भूमि भी सुरक्षित नहीं रही। राजस्व कर्मियों की मिली भगत से जमीन कारोबारी न सिर्फ सरकारी जमीन की खरीद बिक्री कर रहे हैं, झील और तालाब देश कीमती भूमि पर प्लाटिंग कर बेच रहे हैं। पुराना अयोध्या लखनऊ लिंक मार्ग स्थित भिटरिया वार्ड को जाने वाले रास्ते के पूर्वी छोर पर स्थित गाटा संख्या 47 रकबा 00.659 बंजर भूमि पर स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के चलते अवैध आवास बनकर खड़े हैं।जो पूरी तरह अवैध है सूत्रों की माने तो यह भिटरिया निवासी अवैध कब्जा जुग्गी झोपड़ी रखकर काबिज रहे और प्रशासन की नजर इस पर नहीं पड़ी आज स्थिति यह है कि प्रशासन अगर अपने दायित्व कर्तव्यों का निर्वहन शासन के

बंजर पशुचर व तालाब झील भूमि असुरक्षित

मंशाअनुरुप करें तो यह आवास तीनों ध्वस्त कराए जा सकते हैं।नियमानुसार ग्राम समाज की भूमि पर कोई भी निर्माण नहीं किया जा सकता है।अगर किसी के द्वारा किया भी गया है तो उसे तत्काल प्रशासन द्वारा ध्वस्त कर जमीं को सुरक्षित किया जाना चाहिए। अवैध निर्माण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। कहते हैं कि प्रशासन आखिर कहां कुंभकरण की नींद में सो रहा है। जो बंजर भूमि पर आवास बनकर खड़े हो गए। प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े स्तर पर गोलमाल की चर्चा है।जिम्मेदार हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षक सहित उच्च अधिकारियों को कोई भनक नहीं लगी और बंजर की भूमि पर आवास का धन निकाला गया। इसी तरह ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण किया? गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकारी जमीन खाली कराया जाए। भिटरिया में कई स्थानों पर ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध निर्माण हो चुके हैं हैदरगढ़ से भिटरिया मार्ग कमलेश वर्मा के सामने स्थिति आबादी साथ ही आकांक्षा नर्सिंग होम के समीप घूर गड्ढे की जमीन पर अवैध कब्जा है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि अब तक कई शिकायतें की गई फिर भी यह घूर गड्ढे की जमीन राजस्व प्रशासन द्वारा खाली नहीं कराई गई साथ ही दरियाबाद भिटरिया ओवर ब्रिज समीप लगे ट्रांसफार्मर के पास ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा हैं। इसी क्रम में यहां कई स्थान ऐसे हैं जहां पर ग्राम समाज पशुचर व तालाब की जमीनों पर लोग काबिज जमाए हैं।

बबुरी गांव चाकू कांड : न्याय न मिलने से आहट पीड़ित ने एसपी से लगाई फरियाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। बीते 8 दिसंबर को बबुरीगांव में मेले के चंदे के को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति पर धारदार हथियार चाकू से जानलेवा हमला कर उसको गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस की निगरानी में मेडिकल हुआ। पीड़ित पक्ष का कहना है कि असंदरा थाने पर आरोपियों पर कार्रवाई के नाम पर हल्की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया। जिससे मन बढ़ हमलावर बार-बार धमकी दे रहे हैं। थाना क्षेत्र की बबुरी गांव निवासी चंद्र कुमार मिश्रा पुत्र दुर्गेश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक बाराबंकी को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 8 दिसंबर को शाम करीब 6 बजे गांव के बाहर स्थित सती माता के मंदिर पर मेले के दौरान उसपर व उसके भाई पर गांव के ही कुछ लोगों ने चंदा देने की बात को लेकर भद्दी- भद्दी गालियां दी थी व उनके भाई राहुल पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे राहुल को गंभीर चोटे आई जिनका मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। पीड़ित पक्ष का कहना पुलिस ने हल्की फुल्की धारा में मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले को निपटा रही है, पीड़ित पक्ष के अनुसार हमलावर उनको बार बार जान से मारने की धमकी के एस सी एस टी एक्ट में फ़साने की धमकी देते हैं।जिससे उनका पूरा परिवार डरा हुआ है।इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट को जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है।

विधायक गौरव ने किया पत्रकारों को सम्मानित

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे मसौली पत्रकार संघ के पदाधिकारियों को अंगवस्त्र डायरी पेन भेंट कर सम्मानित किया । विधायक गौरव रावत ने पत्रकार सम्मान समारोह के आयोजक पत्रकार संघ के अध्यक्ष एव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद को धन्यवाद देते हुए कहा कि आगामी नववर्ष 2025 के आगमन से पूर्व पत्रकारों के सम्मान मे जो कार्यक्रम आयोजित किया है उसी को ध्यान मे रखते हुए वर्ष 2025 की विधायक निधि से बड़ागांव ग्राम पंचायत मे 25 लाख रुपये की धनराशि से विकास कार्य कराने का वादा करता हूं। विधायक प्रतिनिधि रिजवान संजय के संचालन मे आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह मे क्षेत्रीय पत्रकारों को विधायक गौरव रावत ने शाल एवं पेन डायरी भेंट किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने सम्मानित पत्रकार साथियों, विधायक गौरव रावत सहित गाँव वासियों का आभार व्यक्त किया। इस मौक़ेपर वरिष्ठ समाजसेवी राम प्रताप वर्मा, मुल्ला हलीम अंसारी, सपा ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश यादव, मतीन अंसारी, डा0 मायाराम यादव, सुरज यादव, मो. सफी, अजीज़ शाह, कृष्ण कुमार गुप्ता, अंगद गौतम, परशुराम यादव, राजेंद्र यादव, मो0 आरिफ राइन, मो0 गुफ़रान, पप्पू गौतम, शुभम वर्मा, फुरकान खान सहित मसौली पत्रकार संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला

सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन की मंशा के अनुरूप सीएचसी सिरौलीगौसपुर अधीक्षक के नेतृत्व में तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया । जहां पर मरीजों की जांचें करके उनमें दवाओं का वितरण किया गया ।मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कस्बा बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्रा वार्ड बॉय त्रिभुवन सिंह एलटी , शुभम अवस्थी की मौजूदगी में कुल 44 मरीजों देखकर टाइफाइड 4 शुगर 2 मलेरिया 6 हीमोग्लोबिन की 4 जांचे करके उनमें सर्दी जुकाम बुखार से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया । इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में डॉ अन्विता पाण्डेय वार्ड बॉय राजबहादुर की मौजूदगी में 32 मरीज देख कर के उनमें दवाओं का वितरण हुआ।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में डॉक्टर जगदीश फार्मासिस्ट वीरेन्द्र कुमार श्री वास्तव वार्ड ब्वाय शिवाकान्त सिंह स्वास्थ्य सलाहकार अनूप कुमार जायसवाल की मौजूदगी में 60 मरीज देखे गए तथा 35 मरीजों की जांचे की गयी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटवाधाम डाक्टर तबस्सुम की अध्यक्षता एंव फार्मासिस्ट आशीष त्रिपाठी के संयोजन में हुआ। जिसमें कुल 26 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण करए दवायें दी गई है।

दरिंदे ने मासूम को बनाया हवश का शिकार

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास एक कॉलोनी में शनिवार को शाम करीब चार बजे विजय ने घर में घुसकर नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म किया। मां ने अंदर लहूलुहान बच्ची को बेसुध देखा, तो उसके होश उड़ गए। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने 3 घंटे में आरोपी युवक क गिरफ्तार कर लिया था। 1111 पुलिस के अनुसार बच्ची उसकी मां व करीब 14 साल का भाई साथ में रहते हैं। बच्ची के पिता का मां से संबंध विच्छेद हो चुका है। शनिवार की दोपहर बाद बच्ची की मां व भाई किसी काम से घर से बाहर गए थे। इसी दौरान पिछले कई साल से पड़ोस में ही रहने वाला 30 वर्ष का विजय घर में घुस गया और बच्ची से दुष्कर्म किया। मां घर में पहुंची तो विजय घर से बाहर निकल रहा था। अंदर घर में खून बिखरा पड़ा था और बच्ची बेसुध पड़ी थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दरिंदे को खोज निकाला। दरिंदा इतना शातिर था कि मौका पाकर उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जानकी परिवार के बिना पुलिसकर्मियों ने उसे जवाबी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

शिविर में जमा कराया बकाया धनराशि, समाधान योजना

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा बदोसराय में रविवार को अधिशासी अभियंता डी.के यादव के निर्देश पर बदोसराय पंचायत भवन में उपखंड अधिकारी अभिषेक मल्ल और अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृत्व में एकमुश्त समाधान योजना का कैंप लगाया गया। कैम्प में 1 लाख 45 हजार का बकाया जमा किया गया तथा बकाय न जमा करने पर 16 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। कैम्प में 22 उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना में लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। 43 रसीदें काटी गई।कई उपभोक्ताओं का बिल संसोधन किया गया। टीजी टू सत्यवान पंकज,अतुल, मिथिलेश सविंदा कर्मी अंशु त्रिवेदी ,पप्पू लवलेश लालजी राजकुमार आदि विद्युत विभाग के कर्मियों ने उपभोक्ताओं को छूट से संबंधित जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से अपील किया कि सरकार द्वारा लाई गई एक मुश्त समाधान (ओटीएस) योजना का लाभ ले।और अपना बकाया जमा करें। इस संबंध में अवर अभियंता राज मौर्य ने उपभोक्ताओं से कहा पहले आये ज्यादा लाभ पाए 15 दिसम्बर से सरकार के द्वारा ओटीएस योजना शुरू की गई है। जिसमें उपभोक्ताओं को भारी छूट दी जा रही है।

गणित दिवस प्रतियोगिता का आयोजन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गणित दिवस के अवसर पर विकास खंड सिद्धौर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जमलापुर में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन कर छात्रों को गणित लेखन के बारे में विस्तृत रुप से बताया गया। तथा परीक्षा ,प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें प्रथम,दिबतीय ,व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया।प्रथम एजूकेशन फाउंडेशन के तत्वावधान में जिला समन्वयक संदीप पाठक के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जमलापुर ग्राम प्रधान जितेन्द्र कुमार उर्फ मीनू वर्मा ने फीता काट कर किया। इस अवसर आर.के. धीमान, चंद्रेश कुमार शैलेंद्र , रामरुप धीमान, आशाबहू स्वाती, आंगनबाड़ी सहायका सरिता देवी, व सावित्री देवी,विवेक कुमार, समेत ग्रामीण व छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।आयोजित कार्यक्रम में सी.एम .आई. पंकज वर्मा, मनमोहन त्रिवेदी, द्वारा गणित लेखक रामानुजन के बारे में विस्तार से बताया गया। तथा गणित परीक्षा, प्रतियोगिता कराई गयी । जिसमें प्रथम दिबतीय , व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मोहिनी, खुशबू, साधना, सुलोचना,शिखा समेत अन्य ग्रामीण जन मौजूद रहे।

मैथ के टेंशन से बच्चे हुए भय मुक्त

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वाधान में ब्लॉक हरख के गाँव मचौची दो, अतरौली, वजीउद्दीनपुर एवं तेजवापुर व ब्लॉक सिद्धौर के गाँव रसूलपुर, छोटा मुरलीगंज,भिटौरालखन,मोहब्बतपुर में राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें सबसे पहले ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में श्रीनिवास रामानुजन के जयंती पर जिला समन्वयक विकास उपाध्याय व तेजप्रताप और लाइवलीहुड से अरुन कुमार पाण्डेय हिमांशु त्रिवेदी ने गणित के महत्व के बारे में बच्चों को जानकारी दी।

तत्पश्चात इवेंट में अभिभावक एवं स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।जिसमें स्वयंसेवी एवं बच्चों द्वारा रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रथम के जिला समन्वयक विकास उपाध्याय अरुन कुमार पाण्डेय प्रथम टीम सदस्य राकेश कुमार, राकेश कुमार , शोएब खान, भागीरथी, नेहा,राजमती, प्रियंका, नेहा देवी एवं समस्त टीम गांव के युवा अभिभावक व स्वयंसेवी रोहिनी देवी,सलोनी व गाँव के बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया। और राष्ट्रीय गणित दिवस को सफल बनाया गया।

पूर्ण भव्यता से होगा राम कथा का आयोजन 26 दिसंबर से सर्व समाज सहयोगी : त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । श्री राम कथा सर्व मंगलकारी एवं सर्व समाज को एकता के सूत्र में जोड़ने की कड़ी साबित होगी।यही इस कथा का ध्येय है। जो मानस मर्मज्ञ सुप्रसिद्ध कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज की मौजूदगी में पूरी भव्यता से होगी । जिसका शुभारंभ कलश यात्रा से होगा । श्री राम कथा आयोजन समिति की ओर से संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष सिंह ने उक्त विचार विकास भवन रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता में व्यक्त किये। श्री सिंह ने बताया कि श्री राम कथा में सभी वर्गों का सहयोग प्राप्त हो रहा है और जनपद के प्रत्येक क्षेत्र से श्रद्धालु कथा में भाग लेंगे। भारी भीड़ की संभावना देखते हुए कई टीमे व्यवस्था में लगाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था के भी सुचार प्रबंध किए गए हैं ।कलश शोभा यात्रा नागेश्वर नाथ मन्दिर से सुबह 11बजे दिन में शुरू होगी।जो जी आई सी ऑडिटोरियम कथा स्थल पर पंहुचेगी।श्री राम कथा 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगी। जो 26 दिसंबर से शुरू होकर 1 जनवरी तक चलेगी। इसके पश्चात आरती व प्रसाद वितरण होगा तथा उसी दिन कवि सम्मेलन के साथ ही प्रसाद वितरण के बाद श्रीराम कथा उत्सव का समापन होगा ।जिसमें भारी संख्या में भक्त शामिल होंगे।इस दौरानअधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी ,जिला बार महामंत्री अशोक वर्मा तथा डॉक्टर आर एस गुप्ता सुधीर तिवारी ,आलोक वर्मा ,डॉक्टर छत्रसाल सिंह समेत कई लोग उपस्थित रहे।

चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण, रत्नेश ने दिखाई झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बनीकोंडर शिक्षा क्षेत्र के ग्राम छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र छात्राओं का आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। संस्था के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने शैक्षिक भ्रमण की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों को विज्ञान नगरी में विज्ञान के अनेकानेक प्रयोग एवं प्रागैतिहासिक काल के जीव जंतुओं के बारे में जानकारी दी गई। विज्ञान नगरी में स्थापित झूलों पर बच्चों ने खूब मौज मस्ती की तो वहीं थ्रीडी शो, जुरासिक शो,विज्ञान के प्रयोगों का शो, द्रव विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, वायु विज्ञान, हमारा जीवन, मनोरंजक विज्ञान, मानव आचरण, जलीय दुनिया आदि विज्ञान की तमाम जानकारी प्राप्त की। साइंस सिटी के रेस्टोरेंट में लजीज छोला भटूरा एवं फ्रूटी का आनंद लिया तो बच्चों ने मनपसंद वस्तुएं ली।

चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने सभी का निर्देशन किया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, प्रिया मौर्य, अनिता, अर्चना सरस्वती सहित जयपुरिया इंस्टीट्यूट के प्रबंधन छात्र सौरभ सिंह, आकृति सिंह, वैष्णवी शर्मा, प्रियंका खंडेलवाल, ऋतिविका विशाल, कीर्तिका सिंह, कशिश जायसवाल, प्रीति यादव, स्पर्श सिन्हा, अभिषेक सिंह, रिजा नबाब, प्रेक्षा जैन, प्रतीक्षा सिंह, राज शुक्ल सहित अनेक प्रबंधन छात्रों ने बच्चों को गाइड किया और पश्चात मूल्यांकन कर बच्चों के अनुभवों को जाना। जस शैक्षणिक भ्रमण में चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के 125 छात्र सम्मिलित हुए।

छात्रा से छेड़छाड़, पुलिस को दी तहरीर

निंदूरा बाराबंकी। कालेज में आयोजित वार्षिक उत्सव में शामिल होने के बाद भाई के साथ घर लौट रही छात्रा से युवकों ने छेड़छाड़ की।भाई के विरोध करने पर आरोपित युवकों ने उसकी पिटाई कर दी।छात्रा के शोर मचाने पर आस-पास के लोगों के पहुंचने पर आरोपित भाग निकले। छात्रा के चाचा ने स्थानीय चौकी पर चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।वही पुलिस आरोपित युवकों की गिरफ्तारी तो दूर ,मुकदमा तक दर्ज नहीं किया है। कुर्सी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शनिवार को अनवारी स्थित कालेज में आयोजित वार्षिक उत्सव में शामिल होने गई थी।जहां से रात्रि में कार्यक्रम समापन पर अपने भाई के साथ बाइक से घर लौट रही थी।उमरा चौकी से मात्र 500 मीटर की दूर रेठ नदी पुल पर पहले से बैठे गांव के युवकों ने बाइक को रोक लिया।जबतक छात्रा कुछ समझ पाती आरोपित युवकों ने उसका दुपट्टा खींच लिया और उससे छेड़छाड़ करने लगे।

बालाजी ग्रुप,स्पोर्ट्स मीट उड़ान का रंगारंग यादगार समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।नगर के के.डी सिंह बाबू स्टेडियम मे चल रही दस दिवसीय स्पोर्ट्स मीट ''*उड़ान*'' *2024* का भव्य समापन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बाराबंकी के बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आए हुए सभी अभिभावकों, बच्चों एवं विद्यालय प्रशासन को स्पोर्ट्स मीट के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी एवं अभिभावकों को प्रेरित किया की बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी प्रतिभाग कराया करें।तत्पश्चात

बालाजी ग्रुप आफ स्कूल के अध्यक्ष रविन्द्र माथुर ने संतोष देव पांडेय को शॉल पहनाकर उनका स्वागत किया।विद्यालय की कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रिया माथुर एवं प्रबंधक चंद्रशेखर कांडपाल ने पुष्प का एक पेड़ देकर उनका सम्मान किया। भव्य समापन का शुभारंभ सर्वप्रथम बालाजी के बचपन के बच्चों ने ''गणेश वंदना'' से किया।इसमें बच्चों ने गणेश जी की अलग-अलग आकृति बनाकर दर्शकों का मन मोह लिया। बालाजी एकेडमी के बच्चों ने फौजी के ऊपर आधारित एक जीवनी को नृत्य के माध्यम से अभिभावकों के सामने प्रस्तुत किया जिसमें अलग-अलग प्रकार के पिरामिड बनाए गए बालाजी ग्रुप आफ स्कूल का डायरेक्टर अंकुर माथुर ने अभिभावकों को प्रेरित किया कि वह बच्चों को मोबाइल से दूर रखें एवं बच्चों को देश की मिट्टी से जुड़ने दीजिये ''बालाजी ग्रुप ऑफ़ स्कूल'' के सभी नन्हे मुन्ने बच्चों ने ''है ठान लिया हमने'' गाने पर-नृत्य प्रस्तुत करके अभिभावकों की तालियां बटोरी इस अवसर पर ''बालाजी का बचपन'' स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती सविता कौर निखत परवीन एना खान नाजिया परवीन अल्पना कौर रिचा अग्निहोत्री शगुन रस्तोगी समीरा खान अहमर शाहबाज पियूष मौर्य नजरुल हसन गौरव तिवारी फजल तकवी आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल आयोजन अलीशा ज़ैदी ने किया।

भारतीय टीम ने जीता महिला अंडर 19 एशिया कप 2024 का खिताब, फाइनल में बांग्लादेश को दी मात

एजेंसी

क्वालालंपुर। जी तृषा (52) की अर्धशतकीय पारी के बाद आयुशी शुक्ला (तीन विकेट), पारुनिका सिसोदिया और सोनम यादव (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर रविवार को भारतीय महिला टीम ने अंडर -19 एशिया कप ने बंगलादेश को 41 रनों से हरा दिया है।

भारत के 117 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की महिला टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और 24 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। मोसम्मत एवा (शून्य) और सुमैया अख्तर (आठ) रन बनाकर आउट हुई। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश के बल्लेबाज पस्त दिखे। फहमिदा छोया (18) और जुयैरिया फिरदौस (22) के अलावा

बंगलादेश का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। भारतीय गेंदबाजों ने बंगलादेश की पूरी टीम को 18.3 ओवर में 76 रन पर ढ़ेरकर मुकाबला 41 रनों से जीत लिया। भारत की ओर से आयुशी शुक्ला ने तीन विकेट लिये। पारुनिका सिसोदिया और सोनम यादव को दो-दो विकेट मिले। वीजे जोशिता ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां बंगलादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे 66 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। जी कमालिनी (5), सनिका चलके (शून्य) को फरजाना यासमीन ने आउट किया। 12वें ओवर में कप्तान निकी प्रसाद (12) को हबीबा इस्लाम ने बोल्ड आउट किया। मिथिला विनोद ने 12 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (17) रन बनाये। जी तृषा ने 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (52) रनों की पारी खेली। आयुशी शुक्ला (10) रन बनाकर आउट हुई। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 117 रनों का स्कोर खड़ा किया। बंगलादेश की ओर से फरजाना यासमीन ने चार विकेट लिये। निशिता ए निशी को दो विकेट मिले। हबीबा इस्लाम ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग' को मांडविया ने दिखाई हरी झंड़ी

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ने के कार्यक्रम 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग' की पहल को केंद्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने रविवार सुबह मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से हरी झंडी दिखाई। आज यहां आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय सुरक्षा पुलिस बल (सीआरपीएफ), मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम मेंभारत तिब्बत सिमा पुलिस (आईटीबीपी), खेल प्राधिकरण के कैम्पर्स , इंदिरा गाँधी स्टेडियम के युवा जिम्नास्ट , वरिष्ठ अधिकारी और दिल्ली के विभिन्न साइकिलिंग क्लबों के 500 से अधिक राइडर्स पूर्व डब्ल्यू डब्ल्यू ई स्टार शंकी ने शिरकत की। इस अवसर पर श्री मांडविया ने कहा कि'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग' पहल पूरे भारत में 1100 से अधिक स्थानों पर आयोजित की जा रही है। इस साइकिलिंग अभियान की शुरुआत ने साइकिलिंग के प्रति जागरूकता को बेहद तेजी से फैलाया है। उन्होंने कहा , साइकलिंग आज की आवश्यकता है। विकसित भारत का सपना एक व्यक्ति की आवश्यकता पर आधारित है, जो एक स्वस्थ समाज बनाता है और अंततः यह एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करता है। साइकिलिंग के लाभ फिट इण्डिया आंदोलन के सन्देश को भी मजबूत करते हैं जिसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में लांच किया था। इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ और आईटीबीपी के कई साइकिलिस्ट भी शामिल हुए जिन्होंने इस पहल में भाग लेकर फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए खुशी व्यक्त की। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने कहा ह्लसीआरपीएफ अपने बल की शरीक फिटनेस को सर्वोपरि मानता है , क्योंकि एक फिट बल ही हमारे महान देश की सबसे अच्छी सेवा कर सकता है। साइकिलिंग व्यक्ति के स्वास्थ और पर्यावरण के लिए लाभकारी है। हम 'फिट इण्डिया संडे ऑन साइकिलिंग' अभियान का हिस्सा बनकर देश में फिटनेस और स्थिरता का सन्देश फैलाने के लिए उत्साहित हैं। पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई प्रो रेसलर शंकी सिंह ने कहा , जहां भी मैं अब से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाऊंगा वहां साइकिलिंग को बढ़ावा दूंगा , चाहे वह ऑफलाइन हो या सोशल मीडिया पर । फिट इंडिया संडे आन साइकिल कार्यक्रम में हिस्सा लेकर मुझे एक अलग प्रकार की ऊर्जा मिली है। मैं चाहता हूं कि और अधिक लोग इस अनोखी पहल से जुड़ें।

रोहित शर्मा और आकाश दीप चोटिल, तेज गेंदबाज ने कहा- चोट गंभीर नहीं

एजेंसी

मेलबर्न। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बाएं घुटने जबकि तेज गेंदबाज आकाशदीप के हाथ पर यहां अभ्यास सत्र के दौरान चोट लग गई। आकाशदीप ने हालांकि बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है तथा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम फिटनेस की किसी समस्या से नहीं जूझ रही है। इन दोनों खिलाड़ियों पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास सत्र के दौरान थ्रो डाउन का सामना करते हुए चोट लगी। यह दोनों खिलाड़ी कुछ असहज नजर आ रहे थे। रोहित ने अपने बाएं घुटने में चोट लगने के बावजूद बल्लेबाजी का अभ्यास जारी रखा लेकिन बाद में फिजियोथेरेपिस्ट ने उनका उपचार किया। वह कुछ देर तक कुर्सी पर पैर पसारकर बैठे रहे और फिर चुपचाप चले गए। रोहित की स्थिति को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है लेकिन आकाश ने कहा कि यह अभ्यास के दौरान लगने वाली मामूली चोट है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''जब आप क्रिकेट खेलते हैं तो इस तरह की मामूली चोट लगना आम बात होती है। मुझे लगता है कि अभ्यास के लिए तैयार किया गया यह विकेट सफ़ेद गेंद की क्रिकेट के लिए है और यही वजह है कि उसमें कुछ गेंद नीची रह रही थी। आकाश ने कहा, ''अभ्यास के दौरान इस तरह की चोट लगना आम होता है। चोट को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं है।'' रोहित अपने बेटे के जन्म के कारण पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे लेकिन इसके बाद अगले दो मैच में वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। वह अभी तक तीन पारियों में केवल 19 रन बना पाए हैं। शनिवार को सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के हाथ में भी चोट लगी थी।

एमसीजी पर लोकप्रियता में भी 'किंग' हैं कोहली, प्रशंसकों को बड़ी पारी का इंतजार

एजेंसी

मेलबर्न। दो साल पहले जब उन्होंने टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंद में नाबाद 82 रन बनाकर भारत को असंभव सी जीत दिलाई तो मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर जमा 90000 से अधिक दर्शकों की जुबां पर एक ही नाम था ..विराट कोहली। क्रिकेट की किवदंतियों में शुमार इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को भी करारा जवाब दिया। दो साल बाद प्रारूप अलग है लेकिन हालात वही। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में पर्थ में शतक जमाने के बाद बाकी पांच पारियों में कोहली 26 रन ही बना सके हैं। लेकिन उनके प्रशंसकों को यकीन है कि अपने पसंदीदा मैदान एमसीजी पर उनका बल्ला जमकर चलेगा। यहां उनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि टूर गाइड से लेकर सुरक्षाकर्मियों तक सभी की जुबां पर उन्हीं का नाम है। एमसीजी पर आस्ट्रेलियाई खेल संग्रहालय के टिकट काउंटर पर पहुंचते ही कोहली की तस्वीरों से ही सामना होता है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर 2018 . 19 में पहली बार श्रृंखला जीतने के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को चूमते हुए और एमसीजी पर तीसरे टेस्ट में टीम के साथ जश्न मनाते हुए कोहली की तस्वीरें यहां लगी हैं। इसके साथ ही लिखा है ''कोहलीस कांकरर्स (कोहली की विजेता टीम)' .. आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीतने का भारत का इंतजार 2018 . 19 में खत्म हुआ।'' एमसीजी टूर कराने वाले गाइड डेविड एक घंटे के टूर में बार बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और बॉक्सिंग डे टेस्ट का जिक्र करते हुए इसे 'ब्लॉकबस्टर' मैच बताते हैं और कोहली का जिक्र उनकी बातों में बार बार आता है हालांकि उनके अपने पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर शानदार फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। डेविड ने कहा, यह आस्ट्रेलिया में सबसे बड़ा टेस्ट है और भारत आस्ट्रेलिया मुकाबले से ज्यादा रोमांचक क्या हो सकता है। मुझे इसका बेताबी से इंतजार है। उन्होंने कहा, पर्थ में पहले टेस्ट में विराट ने शानदार पारी खेली जिसकी उसे और भारतीय टीम को बहुत जरूरत थी। वह यहां काफी लोकप्रिय हैं लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि उनका बल्ला यहां नहीं चले।'' उन्होंने आगे कहा ,'' जसप्रीत बुमराह मेरा फ़ेवरिट है जिसने 2018 में एमसीजी पर ही 33 रन देकर छह विकेट लिये और भारत ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी भी जीती थी। इस श्रृंखला में भी पर्थ में शानदार गेंदबाजी के साथ बेहतरीन कप्तानी भी की। उनके फॉर्म को देखते हुए वह भारत के लिये ट्रंपकार्ड होंगे लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि वह एक बार यहां फिर पारी के पांच विकेट नहीं लें। कोहली ने पहला बॉक्सिंग डे टेस्ट अपने पदार्पण वर्ष 2011 में खेलकर सातवें नंबर पर उतरकर पहली पारी में 11 रन बनाये थे और दो कैच भी लपके थे।

इस साल आईपीओ बाजार में रही 'धूम', 90 कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए

एजेंसी

नयी दिल्ली। आर्थिक वृद्धि की रफ्तार, अनुकूल बाजार परिस्थितयों और नियामकीय ढांचे में सुधार की वजह से इस साल यानी 2024 में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के बाजार में काफी तेजी देखने को मिली है। साल के दौरान कंपनियों ने आईपीओ के जरिये रिकॉर्ड 1.6 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। माना जा रहा है कि अगला साल भी आईपीओ के लिए काफी अच्छा रहेगा। आईपीओ के लिए असाधारण रहा यह साल न केवल निर्गम लाने वाली कंपनियों के भरोसे को दर्शाता है, बल्कि इससे निवेशकों के विश्वास का भी पता चलता है। निवेशकों ने सूचीबद्धता के दिन लाभ कमाने के अलावा दीर्घावधि के लिए भी कंपनियों की क्षमताओं में भरोसा जताया है। इस साल हुंदै मोटर इंडिया का 27,870 करोड़ रुपये का आईपीओ आया। यह देश के इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ है। साल के दौरान बड़ी, मझोली और छोटी - कंपनियों ने शेयर जारी कर धन जुटाया। 2024 में आईपीओ का औसत आकार बढ़कर 1,700 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। 2023 में यह 867 करोड़ रुपये रहा था। अकेले दिसंबर में कम से कम 15 आईपीओ आए हैं। आनंद राठी एडवाइजर्स के निदेशक व प्रमुख-ईसीएम, निवेश बैंकिंग वी प्रशांत राव ने कहा, ''खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की सक्रिय हिस्सेदारी, निजी पूंजीगत व्यय में वृद्धि और बुनियादी ढांचे और प्रमुख क्षेत्रों पर सरकार के ध्यान से सामूहिक रूप से आईपीओ के जरिये धन जुटाने की गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ी। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि नए साल में भी आईपीओ के जरिये धन जुटाने की गतिविधियों में तेजी रहेगी। अगले साल यानी 2025 में आईपीओ का आंकड़ा इस साल के आंकड़े को पार कर सकता है।

सेबी ने 'फ्रंट रनिंग' मामले में नौ इकाइयों पर प्रतिबंध लगाया, 21 करोड़ रुपये की अवैध कमाई जब्त की

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के इक्विटी डीलर सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों से जुड़ी एक 'फ्रंट-रनिंग' योजना का भंडाफोड़ किया है। इन लोगों ने इस योजना के जरिये 21.16 करोड़ रुपये का अवैध लाभ कमाया था। 'फ्रंट रनिंग' से आशय अग्रिम सूचना के आधार पर शेयर बाजार में लेन-देन करना और लाभ कमाना है। उस समय तक यह सूचना ग्राहकों को उपलब्ध नहीं होती। इन इकाइयों द्वारा फ्रंट-रनिंग तीन साल से अधिक समय तक जारी रही। सेबी ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश के जरिये सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया और उनके द्वारा अर्जित अवैध लाभ को जब्त कर लिया। सेबी ने कुछ इकाइयों द्वारा बड़े ग्राहकों के पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लेन-देन में संदिग्ध 'फ्रंट रनिंग' की जांच की थी। जांच का मकसद यह पता लगाना था कि क्या संदिग्ध इकाईयों ने डीलरों और/या कोष प्रबंधकों सहित सहित अन्य लोगों के साथ मिलीभगत करके बड़े ग्राहकों के लेन-देन में फ्रंट रनिंग की थी। इस तरह इन लोगों ने सेबी के पीएफयूटीपी (धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध) नियमों और सेबी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया था। जांच की अवधि एक जनवरी, 2021 से 19 जुलाई, 2024 तक थी। अपनी जांच में सेबी ने पाया कि पीएनबी मेटलाइफ में अधिकांश लेन-देन से संबंधित निर्णय निष्पादन के लिए सचिन दगली को सौंपे गए थे। नियामक ने पाया कि सचिन बकुल दगली (इक्विटी डीलर, पीएनबी मेटलाइफ) और उनके भाई तेजस दगली (इक्विटी सेल्स ट्रेडर, इन्वेस्टेक) ने पीएनबी मेटलाइफ और इन्वेस्टेक के संस्थागत ग्राहकों के आगामी ऑर्डर के बारे में गोपनीय, गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस जानकारी का उपयोग लेन-देन के लिए किया और इसे संदीप शंभरकर के साथ साझा किया, जिसने धनमाता रियल्टी प्राइवेट लि.(डीआरपीएल), वर्थी डिस्ट्रिब्यूटर्स प्राइवेट लिमिटेड (डब्ल्यूडीपीएल) और प्रग्नेश संघवी के खातों के जरिये फ्रंट रनिंग लेन-देन का क्रियान्वयन किया। डीआरपीएल और डब्ल्यूडीपीएल के निदेशक, जिनमें अर्पण कीर्तिकुमार शाह, कविता साहा और जिग्नेश निकुलभाई दभी शामिल हैं, ने भी इस योजना को फायदा उठाया। इस लोगों ने सेबी अधिनियम और धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार (पीएफयूटीपी) विनियमों का उल्लंघन करते हुए एक धोखाधड़ी वाली फ्रंट-रनिंग योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने के लिए मिलीभगत की और इसके जरिये अवैध लाभ कमाया।

विदेशी मुद्रा भंडार 1.99 अरब डॉलर घटकर 652.9 अरब डॉलर पर

एजेंसी

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में आई गिरावट से 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.99 अरब डॉलर घटकर 652.9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.24 अरब डॉलर लुढ़ककर 654.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.1 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 562.6 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.12 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 68.1 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 3.5 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 2.7 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 4.2 अरब डॉलर पर आ गई।

फ़ेड के निर्णय का बाजार पर रहेगा असर, एफआईआई की भूमिका रहेगी अहम

एजेंसी

मुंबई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फ़ेडरल रिजर्व के अगले वर्ष ब्याज दर में कटौती के पूर्वानुमान को वापस लेने से पूरी दुनिया के बाजार में मचे हाहाकार से बीते सप्ताह करीब पांच फीसदी लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह भी फ़ेड के निर्णय का असर रहेगा तथा सेंसेक्स और निफ्टी को दिशा देने में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख की भी अहम भूमिका रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 4091.53 अंक अर्थात 4.98 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 78041.59 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1180.8 अंक यानी 4.8 प्रतिशत की गिरावट लेकर 23587.50 अंक रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 1550.12 अंक अर्थात 3.2 प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 46226.50 अंक और स्मॉलकैप 1808.24 अंक यानी 3.2 प्रतिशत कमजोर रहकर 55149.22 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के संभावित निर्णय को लेकर जारी अटकलें और अंततः फ़ेड के अगले वर्ष ब्याज दर में कटौती के पूर्वानुमान को वापस लेने के फैसले से बीते सप्ताह हताश निवेशकों ने जमकर बिकवाली की। फ़ेड रिजर्व ने वर्ष 2025 में केवल दो तिमाही में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद जताई है, जो निवेशकें की तीन या चार कटौतियों से कम है। फ़ेड के इस निर्णय का बाजार पर अगले सप्ताह भी असर रहेगा। इसके साथ ही अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में एफआईआई के रुख की भी अहम भूमिका रहेगी। एफआईआई ने दिसंबर में अबतक बाजार में कुल 254,908.23 करोड़ रुपये की लिवाली जबकि कुल 259,029.45 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। इससे वे 4,121.22 करोड़ रुपये के शुद्ध बिकवाल रहे हैं। बीते सप्ताह बाजार में पांचों कारोबारी दिवस गिरावट रही। चीन और यूरोप के कमजोर आर्थिक आंकड़ों तथा बॉन्ड के बढ़ते प्रतिफल से इक्विटी मूल्यांकन को मिल रही चुनौती के बीच फ़ेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दर पर होने वाले निर्णय को लेकर आशंकित विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, धातु, तेल एवं गैस और टेक समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 384.55 अंक का गोता लगाकर 81,748.57 अंक और निफ्टी 100.05 अंक की गिरावट लेकर 24,668.25 अंक रह गया। दुनिया के केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक से पहले विश्व बाजार में आई भारी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 1064.12 अंक का गोता लगाकर 80,684.45 अंक और निफ्टी 332.25 अंक कमजोर रहकर 24,336.00 अंक रह गया। फ़ेड रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजे आने से पहले विश्व बाजार में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स 502.25 अंक लुढ़ककर 80,182.20 अंक और निफ्टी 137.15 अंक की गिरावट लेकर 24,198.85 अंक पर बंद हुआ। फ़ेड रिजर्व के अगले वर्ष ब्याज दर में केवल दो ही बार कटौती करने के संकेत से निराश विश्व बाजार में आई भारी गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 964.15 अंक का गोता लगाकर 79,218.05 अंक और निफ्टी 247.15 अंक टूटकर 23,951.70 अंक पर आ गया। इसी तरह शुक्रवार को सेंसेक्स 1176.46 अंक कमजोर होकर एक माह के निचले स्तर 78,041.59 अंक पर आ गया।

शेयर समीक्षा

बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4.95 लाख करोड़ रुपये घटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 4,95,061 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में मंदड़ियां रुख के बीच टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 4,091.53 अंक या 4.98 प्रतिशत नीचे आया। भारतीय शेयर बाजार में यह जून, 2022 के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। सप्ताह की शुरुआत अमेरिकी केंद्रीय बैंक फ़ेडरल रिजर्व की नीतिगत घोषणा के साथ हुई, जिससे बाजार की धारणा में बदलाव आया। फ़ेडरल रिजर्व ने 2025 में ब्याज दरों में सिर्फ दो बार कटौती का संकेत दिया है। इससे बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीते सप्ताह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 1,10,550.66 करोड़ रुपये घटकर 15,08,036.97 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मूल्यांकन में 91,140.53 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 16,32,004.17 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 76,448.71 करोड़ रुपये घटकर 13,54,709.35 करोड़ रुपये पर और भारती एयरटेल की 59,055.42 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 8,98,786.98 करोड़ रुपये पर आ गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 43,909.13 करोड़ रुपये घटकर 7,25,125.38 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 41,857.33 रुपये घटकर 9,07,449.04 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस के मूल्यांकन में 32,300.2 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 7,98,086.90 करोड़ रुपये रह गया।

मकान दिलाएंगे, इलाज भी कराएंगे : सीएम योगी

एजेंसी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं।

रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने पक्के मकान की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान की सुविधा दी जाएगी। सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति के पास पक्का मकान हो। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। इस दौरान सीएम ने यह निर्देश भी दिए कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड है, उन्हें इलाज में किसी तरह की दिक्कत न होने आए। साथ ही जो पात्र लोग किन्हीं कारणों से वंचित हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। कुशीनगर की एक महिला ने गंभीर बीमारी के इलाज के लिए मदद का अनुरोध किया तो मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान कार्ड होने के बाद यदि इलाज में किसी तरह की आर्थिक दिक्कत आएगी तो भी उसकी व्यवस्था करने में मदद उपलब्ध कराई जाएगी। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

राष्ट्र भूभाग नहीं सनातन मूल्य से जुड़ा विचार और संस्कृति : बागड़े

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा है कि राष्ट्र कोई भूभाग भर नहीं होता है, यह संस्कृति और सनातन मूल्य से जुड़ा विचार है। श्री बागडे रविवार को एक होटल में ''नवोत्कर्ष विक्रम संवत 2081'' कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम है और बाद में सब है, इस मानसिकता का प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल में जो संस्कार मिलते हैं, उसी से भविष्य का विचार बनता है। उन्होंने देश में मैकाले द्वारा प्रारंभ शिक्षा पद्धति की चर्चा करते हुए कहा कि इसके जरिए भारतीय संस्कृति को जड़ों से उखाड़ने के निरंतर प्रयास हुए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को कभी कोई मिटा नहीं सकता क्योंकि यह हमारे रक्त में घुला है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को मिटाने का निरंतर प्रयोग होता रहा, पर यह जीवंत संस्कृति है। उन्होंने प्राचीन भारतीय आविष्कारों की चर्चा करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने आजादी से पहले गजट में लिखा है कि भारत में जितने गुरुकुल हैं, उतने ब्रिटेन में भी नहीं है। उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत, दशमलव के प्रयोग आदि की चर्चा करते हुए कहा कि वैदिक काल से हमने उन सिद्धांतों को स्थापित कर दिया जो बाद में पश्चिम ने अपने नाम किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का गौरवमय इतिहास शिक्षा पद्धति से ही पता चलता है। भारतीयता के विचार से ही देश में नई शिक्षा नीति बनाकर लागू की गई है। इसे सभी प्रभावी रूप में क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस देश के लोग अपने इतिहास को भूल जाते हैं, उनका भूगोल भी कम होता जाता है। इसलिए सनातन भारतीय मूल्यों के लिए सभी मिलकर कार्य करें। भारत को विकसित राष्ट्र बनाएं। राज्यपाल ने आरंभ में नवोत्कर्ष फाउंडेशन द्वारा प्राचीन भारत के गौरवमय शासकों, सनातन संस्कृति से जुड़ी चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

भाजपा सरकार पूरी तरह तानाशाही पर उतर आई: अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के सांसदों, विधायकों, जिलाध्यक्षों, पदाधिकारियों ने संसद में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में पूरे प्रदेश के सभी जिलों में डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें अमित शाह से माफी मांगने और उनके इस्तीफ़े की मांग की गई है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आई है। सरकार का रवैया अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है। भाजपा लगातार संविधान विरोधी काम कर रही है। भाजपा द्वारा बाबा साहब के साथ ही भारत के संविधान और संसदीय प्रजातंत्र का भी अपमान किया जा रहा है।

सपा की ओर से कहा गया है कि शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन देने जाते समय पुलिस प्रशासन ने कई जिलों में कार्यकर्ताओं और नेताओं रोका गया और हाउस अरेस्ट किया गया। इस सबके बावजूद ज्ञापन सौंपने में कार्यकर्ता सफल रहे। सपा मुख्यालय की ओर दी गई जानकारी के अनुसार पीलीभीत और संतकबीर नगर में पुलिस ने जबरिया रोका। पीलीभीत में कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया। बरेली में समाजवादी पार्टी कार्यालय को घेर लिया गया। इसके बावजूद पूरे प्रदेश के सभी जिलों में कलक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन दिया गया। कन्नौज में पूर्व विधायक अरविंद यादव, कल्याण सिंह दोहरे आदि ने ज्ञापन दिया। इटावा में सांसद जितेंद्र सिंह दोहरे, देवेंद्र शाक्य, गोपाल यादव, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू आदि ने ज्ञापन दिया। मैनपुरी में जिलाध्यक्ष आलोक कुमार शाक्य, एमएलसी मुकुल यादव, ब्रिजेश कठेरिया, मानिक चंद यादव आदि ने ज्ञापन दिया। फिरोजाबाद में जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, पूर्व विधायक अजीम भाई, राम प्रकाश यादव आदि ने ज्ञापन दिया। बदायूं में जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक आशीष यादव, आमिर सुल्तानी, अर्जुन पाल, लक्ष्मण प्रसाद आदि ने ज्ञापन दिया।

न्यायतंत्र को बहुसंख्यवादी बनाकर लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश हो रही है : अपूर्वानंद

यूपी माइनॉरिटी कांग्रेस ने दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में पूजा स्थल अधिनियम 1991 पर किया परिचर्चा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश माइनॉरिटी कांग्रेस ने रविवार 22 दिसंबर 2024 को दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में पूजा स्थल अधिनियम की अवमानना और अदालतों के रवैय्ये पर परिचर्चा का आयोजन किया। इस परिचर्चा में पार्टी के पदाधिकारी, बुद्धिजीवी और विधि विशेषज्ञों ने इस कानून के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर अपूर्वानंद ने कई उदाहरण देते हुए न्यायिक तंत्र पर न्यायालयों द्वारा ही प्रहार किए जाने के प्रमाण दिए। उन्होंने कहा कि क़ानून का दुरुपयोग किसी के साथ नहीं होना चाहिए। लेकिन हम देख रहे हैं कि न्याय के तरीकों और तर्कों को बहुसंख्यकवादी आधार देने की कोशिश हो रही है। इससे न्यायपालिका अपनी संवैधानिक भूमिका से भटक रही है जिससे लोकतंत्र कमज़ोर होता जा रहा है। अपूर्वानंद ने कहा कि सवाल यह नहीं है कि पूजा स्थल अधिनियम की अवमानना करते हुए याचिकाएं दाखिल की जा रही हैं बल्कि सवाल ये है कि इसे लेकर समाज में और राजनैतिक पार्टियों में शून्यता देखी जा रही है जो कि चिंता का विषय है। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता शारिक़ अहमद अब्बासी ने बताया कि कैसे अदालतों का एक हिस्सा सत्ता के एजेंडे को सूट करने वाले निर्देश दे रहा है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के नि. अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने कहा कि जो काम सरकार खुद नहीं कर सकती उसे न्यायपालिका के एक हिस्से के सहयोग से करवा रही हैं। इसलिए लोगों को न्यायपालिका और जजों के फैसलों और निर्देशों की समीक्षा करनी होगी। उन्होंने कहा कि न्यायालय जानवरों की संख्या के कम या अधिक होने को लेकर स्वतः संज्ञान लेता है लेकिन इस देश की सबसे बड़ी माइनॉरिटी को निशाना बनाने के मकसद से कोर्ट की अवमानना करते हुए जब याचिकाएं दाखिल की जाती हैं तो जज और कोर्ट ख़ामोश रहते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने कहा कि अगर दलित समाज भी अपने प्राचीन बौद्ध विहार और स्तूप खोजने की मांग करने लगे तो पूरा देश ही खोदना पड़ेगा। इसलिए सरकार और भाजपा को चाहिए कि पूजा स्थल अधिनियम का सम्मान करे और बेरोजगारी और विकास के मुद्दों को हल करे। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने कहा कि कांग्रेस पूजा स्थल अधिनियम की रक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने दूसरे दलों से भी इस क़ानून की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की। सम्मेलन को यूपी कांग्रेस के महासचिव अहमद हमीद, यूपी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव शोऐब खान, ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव हेमंत प्रधान, हसन आतिफ और इंडिया टुमारो के संपादक मसीहुज़्ज़मा अंसारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन यूपी अल्पसंख्यक कांग्रेस के उपाध्यक्ष अखलाक अहमद और डॉ. खालिद मोहम्मद ख़ान ने किया। कार्यक्रम के अंत में विवेकानंद पाठक ने धन्यवाद भाषण दिया।

राम मंदिर की प्रतिष्ठा द्वादशी पर 11 से 13 जनवरी तक होंगे कई अनुष्ठान और बहुरंगी कार्यक्रम

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ भारतीय काल गणना के अनुसार मनाई जाएगी। उक्त जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने कारसेवक पुरम में रविवार को दी। ट्रस्ट के महामंत्री राय ने आज पत्रकार वार्ता में बताया कि वर्ष 2025 में जनवरी मास में पौष शुक्ल द्वादशी 11 जनवरी को दोपहर समय 12: 20 बजे मंदिर गर्भगृह में आरती और विशेष पूजा होगी। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा पौष शुक्ल द्वादशी 22 जनवरी 2024 को की गई थी, वर्ष 2025 में जनवरी मास में पौष शुक्ल द्वादशी 11 जनवरी को है। इसे 'प्रतिष्ठा द्वादशी' नाम दिया गया है। इस अवसर पर तीन दिवसीय (11,12 व 13 जनवरी) आयोजन होगा। व्यवस्था के दृष्टिगत पांच स्थानों को आयोजन स्थल बनाया गया है। राय ने बताया कि शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिनी शाखा के 40 अध्यायों के 1975 मंत्रो से अग्नि देवता को आहुति प्रदान की जाएगी, 11 वैदिक मन्त्रोच्चार करेंगे। होम का यह कार्य प्रातः काल 8 से 11 बजे तक और अपराह्न 2 से 5 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि श्रीराममंत्र का जप यज्ञ भी इसी कालखंड में दो सत्रों में होगा, छह लाख मंत्र जप किया जाएगा। इसके साथ राम रक्षा स्त्रोत, हनुमान चालीसा, पुरुष सूक्त, श्री सूक्त, आदित्य हृदय स्तोत्र, अथर्वशीर्ष आदि के पारायण भी होंगे।

पेज एक का शेष

मोदी को मिला कुवैत...

अमरीकी डॉलर का रहा। कुवैत भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है, जो देश की ऊर्ज़ा जरूरतों का 3 प्रतिशत हिस्से को पूरा करता है। कुवैत में भारतीय निर्यात पहली बार 2 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है, जबकि भारत में कुवैत निवेश प्राधिकरण द्वारा 10 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है।

संभल में एएसआई टीम ...

बने कुएं की कार्बन डेटिंग के लिए नमूने भी लिए। एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया था कि टीम मंदिर और कुएं के काल का पता लगाने का प्रयास कर रही है। निरीक्षण के दौरान टीम के विशेषज्ञों ने गुंबद और अन्य संरचनाओं की फोटो और वीडियोग्राफी की, ताकि उनकी ऐतिहासिकता का पता चल सके। गौरतलब है कि संभल का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व काफी अधिक है। इसका संबंध कल्कि अवतार से है। कृष्ण कूप और कल्कि विष्णु मंदिर जैसे स्थान यहां की प्राचीन धरोहरों में शामिल हैं। एएसआई की रिपोर्ट के आधार पर इन स्थलों के संरक्षण और पुनर्निर्माण की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा। इससे न सिर्फ इन स्थलों का ऐतिहासिक महत्व उजागर होगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

चुनाव नियम बदलना...

उन्होंने कहा, 'इससे यह फिर साबित होता है कि चुनाव आयोग अर्ध-न्यायिक निकाय होने के बावजूद स्वतंत्र रूप से व्यवहार नहीं कर रहा है। खरगे ने कहा, 'मोदी सरकार द्वारा चुनाव आयोग की शुचिता को जानबूझकर नष्ट करना संविधान और लोकतंत्र पर सीधा हमला है और हम उनकी सुरक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे।

सांसद सोचे की...

विपणन, मूल्य संवर्धन और हर जगह उद्योग संकुल बनाने में शामिल हो, जिससे आत्मनिर्भरता आए। हमारे पास सबसे बड़ा कृषि उपज बाजार है, फिर भी कृषक समुदाय इससे शायद ही जुड़े हों। कृषि क्षेत्र को सरकारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि यह आर्थिक विकास का इंजन बन सके। उपराष्ट्रपति ने लोकतंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि अभिव्यक्ति और संवाद लोकतंत्र को परिभाषित करते हैं। एक राष्ट्र कितना लोकतांत्रिक है, यह उसके व्यक्तियों और संगठनों की अभिव्यक्ति की स्थिति से परिभाषित होता है।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

आगामी कुम्भ मेला–2025 के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी:-

02417/02418 सूबेदारगंज - दिल्ली जं. - सूबेदारगंज सुपरफास्ट कुम्भ विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 34 फेरे

रेलगाड़ी सं. 02417		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 02418	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	21:35	सूबेदारगंज	19:40	---
08:55	---	दिल्ली जं.	---	09:30

चलने के दिन: **02417 सूबेदारगंज** से प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को दिनांक 03.01.2025 से 28.02.2025 तक और **02418 दिल्ली जं.** से प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को 04.01.2025 से 01.03.2025 तक

सीान: प्रथम वाता सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन

04145/04146 सूबेदारगंज - दिल्ली जं. - सूबेदारगंज सुपरफास्ट कुम्भ विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

Train No. 04145		↓ स्टेशन ↑	Train No. 04146	
ARR.	DEP.		ARR.	DEP.
---	21:35	सूबेदारगंज	19:40	---
08:55	---	दिल्ली जं.	---	09:30

चलने के दिन: **04145 सूबेदारगंज** से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 02.01.2025 से 27.02.2025 तक और **04146 दिल्ली जं.** से प्रत्येक शुक्रवार को 03.01.2025 से 28.02.2025 तक

सीान: प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन

04111/04112 प्रयागराज जं.-प्रयागराज जं. अनारक्षित कुम्भ विशेष रिंग रेल — 94 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04111		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04112	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	06:00	प्रयागराज जं.	21:00	---
11:15	11:20	जौनपुर	13:50	13:55
18:50	---	प्रयागराज जं.	---	06:30

चलने के दिन: **04111/04112 प्रयागराज जं. से** दिनांक 10.01.2025 से 28.02.2025 (28, 29 एवं 30.01.2025 को छोड़कर) तक।

ठहराव: प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन।

04113/04114 प्रयागराज जं.-प्रयागराज जं. अनारक्षित कुम्भ विशेष रिंग रेल — 94 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04113		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04114	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	17:30	प्रयागराज जं.	08:00	---
22:55	23:00	जौनपुर	01:05	01:10
07:45	---	प्रयागराज जं.	---	17:45

चलने के दिन: **04113/04114 प्रयागराज जं. से** दिनांक 10.01.2025 से 28.02.2025 (28, 29 एवं 30.01.2025 को छोड़कर) तक।

ठहराव: प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन।

04210/04209 प्रयागराज संगम-जौनपुर-प्रयागराज संगम अनारक्षित कुम्भ विशेष रिंग रेल — 66 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04210		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04209	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	11:15	प्रयागराज संगम	17:15	---
14:00	---	जौनपुर	---	14:15

चलने के दिन: **04210 प्रयागराज संगम** से और **04209 जौनपुर** से दिनांक 01.01.2025 से 10.01.2025, 17.01.2025 से 26.01.2025, 06.02.2025 से 09.02.2025 एवं 15.02.2025 से 23.02.2025 तक

ठहराव: प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ, स्टेशन

08251/08252 रायगढ़ जं.-वाराणसी-रायगढ़ जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं. 8251		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 08252	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	14:00	रायगढ़ जं.	05:25	---
10:00	---	वाराणसी	---	10:50

चलने के दिन: **08251 रायगढ़ जं. से** दिनांक 25.01.2025 (शनिवार) को **और 08252 वाराणसी से** दिनांक 27.01.2025 (सोमवार) को

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: चाँपा जं., बिलासपुर जं., पैन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल जं., उमरिया, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार जंक्शन स्टेशन।

09031/09032 उधना - गाजीपुर सिटी - उधना कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09031		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 09032	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	06:40	उधना	12:45	---
14:05	14:15	वाराणसी जं.	06:00	06:10
18:05	---	गाजीपुर सिटी	---	00:30

चलने के दिन: **09031 उधना** से दिनांक 17.01.2025 एवं 16.02.2025 को और **09032 गाजीपुर सिटी** से दिनांक 19.01.2025 एवं 18.02.2025 को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: भरूच, विश्वामित्री, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, चुनार, जौनपुर और औंड़िहार जं. स्टेशन

09403/09404 अहमदाबाद जं. - जंघई - अहमदाबाद जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09403		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 09404	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	21:15	अहमदाबाद जं.	18:00	---
03:00	---	जंघई	---	08:30

चलने के दिन: **09403 अहमदाबाद जं.** से दिनांक 09, 16, 21.01.2025 एवं 05, 14, 15, 18, 19, 26.02.2025 को और **09404 जंघई** से दिनांक 11, 18, 23.01.2025 एवं 07, 16, 17, 20, 21, 28.02.2025 को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: आणंद, छायापुरी, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा किला, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर और प्रयागराज स्टेशन

01455/01456 पुणे-मऊ जं.-पुणे कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01455		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 01456	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	10:10	पुणे	15:45	---
17:10	17:20	वाराणसी	05:25	05:35
22:00	---	मऊ जं.	---	23:50

चलने के दिन: **01455 पुणे से** दिनांक 08, 16, 24.01.2025 एवं 06, 08, 21.02.2025 को और **01456 मऊ जं. से** दिनांक 09, 17, 25.01.2025 एवं 07, 09, 22.02.2025 को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन।

09371/09372 डॉ० अम्बेडकर नगर-बलिया-डॉ० अम्बेडकर नगर कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 08 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09371		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 09372	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	13:45	डॉ० अम्बेडकर नगर	05:30	---
14:05	14:15	वाराणसी	06:00	06:10
19:15	---	बलिया	---	23:45

चलने के दिन: **09371 डॉ० अम्बेडकर नगर से** दिनांक 22.01.2025, 25.01.2025, 08.02.2025 एवं 22.02.2025 और **09372 बलिया से** दिनांक 23.01.2025, 26.01.2025, 09.02.2025 एवं 23.02.2025 को

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: इंदौर जं., उज्जैन जं., शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. और गाजीपुर सिटी स्टेशन।

01033/01034 छत्रपति शिवाजी महाराज(टर्मि.)-मऊ जं.-छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01033		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 01034	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	11:30	छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.)	14:30	---
17:10	17:20	वाराणसी	05:25	05:35
22:00	---	मऊ जं.	---	23:50

चलने के दिन: **01033 छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) से** दिनांक 09, 17, 22, 25.01.2025 एवं 05, 22, 26.02.2025 को और **01034 मऊ जं. से** दिनांक 10, 18, 23, 26.01.2025 एवं 06, 23, 27.02.2025 को

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जं. , कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन।

09029/09030 विश्वामित्री-बलिया-विश्वामित्री विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09029		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 09030	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	08:35	विश्वामित्री	10:05	---
14:05	14:15	वाराणसी	06:00	06:10
19:00	---	बलिया	---	23:30

चलने के दिन: **09029 विश्वामित्री से** दिनांक 17.02.2025 (सोमवार) को और **09030 बलिया से** दिनांक 18.02.2025 (मंगलवार) को

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: वडोदरा जं., गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. और गाजीपुर सिटी स्टेशन।

03409/03410 मालदा टाउन-प्रयागराज रामबाग-मालदा टाउन कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 22 फेरे

रेलगाड़ी सं. 03409		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 03410	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	20:45	मालदा टाउन	14:30	---
13:45	13:50	वाराणसी	22:00	22:10
17:15	---	प्रयागराज रामबाग	---	19:15

चलने के दिन: **03409 मालदा टाउन से** प्रत्येक गुरूवार एवं शनिवार को दिनांक 02.01.2025 से 22.02.2025 तक और **03410 प्रयागराज रामबाग से** प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 03.01.2025 से 23.02.2025 तक

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, और बनारस स्टेशन

08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं. 08791		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 08792	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	13:50	दुर्ग	05:30	---
10:00	---	वाराणसी	---	10:50

चलने के दिन: **08791 दुर्ग से** दिनांक 08.02.2025 (शनिवार) को **और 08792 वाराणसी से** दिनांक 10.02.2025 (सोमवार) को

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: रायपुर जं., भाटापारा, उस्लापुर, पैन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल जं., उमरिया, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन।

08253/08254 बिलासपुर - वाराणसी-बिलासपुर कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं. 08253		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 08254	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	08:15	बिलासपुर जं.	10:40	---
10:00	---	वाराणसी	---	10:50

चलने के दिन: **08253 बिलासपुर जं. से** दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) को **और 08254 वाराणसी से** दिनांक 24.02.2025 (सोमवार) को

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: रायपुर जं., दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES** ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें **www.nr.indianrailways.gov.in** पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मुख्यमंत्री ने किया 188.07 करोड़ की 74 योजनाओं का लोकर्पण और शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कनक चौक, देहरादून में 188.07 करोड़ की कुल 74 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 111.22 करोड़ की लागत के 36 लोकर्पण कार्य और 76.85 करोड़ के 38 शिलान्यास के कार्य शामिल हैं। इसके तहत देहरादून के चार स्थानों पर इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन का लोकार्पण, लगभग 11 करोड़ की लागत से बनने वाली 2 ऑटोमेटेड पार्किंग और एक भूतल पार्किंग का शिलान्यास कार्य भी शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बाल-भिक्षावृत्ति निवारण प्रयासों के अंतर्गत 3 रेस्क्यू एवं पुनर्वास वाहनों का फ्लैग ऑफ एवं जिलाधिकारी देहरादून कार्यालय में पत्र प्रबंधन डेस्क का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य,

सड़क, पेयजल, सिंचाई, बाढ़ सुरक्षा एवं नगर विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जिन योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। इन विकास योजनाओं से देहरादून और आस -पास के क्षेत्रों में लोगों को काफी सुविधा होगी। देहरादून शहर में भीड़-भाड़ वाले स्थानों के लिए लगभग 11 करोड़ की लागत से बनने वाली 2 ऑटोमेटेड पार्किंग और एक भूतल पार्किंग बनने से ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत मिलेगी व समय और संसाधनों की भी बचत होगी। बाल-भिक्षावृत्ति निवारण प्रयासों के अंतर्गत आज से प्रारंभ किए जा रहे 3 रेस्क्यू एवं पुनर्वास वाहन शहर में भीख मांगने वाले बच्चों के पुनर्वास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। देहरादून जिलाधिकारी कार्यालय में पत्र प्रबंधन डेस्क शुरू होने से जिलाधिकारी कार्यालय में आने वाले पत्रों की ट्रैकिंग और प्रबंधन प्रक्रिया सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और सहयोग से राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत स्मार्ट टॉयलेट्स बनाने के साथ ही स्मार्ट वाटर मैनेजमेंट की शुरुआत की गई है। स्मार्ट स्कूलों की स्थापना करने के साथ ही लैंसडाउन चौक पर 650 पाठकों की क्षमता वाली अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। शहर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 30 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है।

जालंधर में चार ड्रग तस्करों की 84.52 लाख की संपत्ति जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के चार मामलों में शामिल अपराधियों से जुड़ी 84,52,750 रुपए की संपत्ति को जब्त और फ्रीच कर लिया है। नयी दिल्ली के सक्षम प्राधिकारी ने पुलिस द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के बाद पिछले चार महीनों में इन संपत्तियों को जब्त करने की पुष्टि की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरकमल प्रीत सिंह खख ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पुलिस ने पिछले चार महीनों में सख्त कार्रवाई करते हुए आपराधिक तत्वों पर लगातार शिकंजा कसा है। उन्होंने कहा कि जब्त की गई संपत्तियां अब केंद्र सरकार के नाम पर हैं, और नीलामी सहित आगे की

कानूनी कार्यवाही स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार की जाएगी। जब्त की गई संपत्तियों में कपूरथला निवासी हरीश कुमार उर्फ मोनू की मारुति स्विफ्ट डिजायर (जिसकी कीमत 3,50,000 रुपए है) को 15 मार्च, 2020 को शाहकोट थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जब्त किया गया था। एक अन्य मामले में, होशियारपुर निवासी लखवीर चंद के संबंध में 09 मरला का प्लॉट (जिसकी कीमत 52,00,000 रुपए है) को फ्रीज किया गया, जो 26 मई, 2020 को भोगपुर थाने में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा है। इसी तरह, मेहतपुर निवासी प्रेम सिंह का 11 कनाल और एक मरला का प्लॉट फ्रीज किया गया है। इस संपत्ति, जिसकी कीमत 8,28,750 रुपए है, को 19 जुलाई, 2013 को मेहतपुर थाने में दर्ज एक एफआईआर से जोड़ा गया है। इसके अलावा, मकसूदां निवासी सोनू कुमार के पास 05 मरला का एक आवासीय , जिसकी कीमत 20,74,000 रुपए है, जिसे 16 सितंबर, 2005, 15 मार्च, 2009 और 19 सितंबर, 2008 को आदमपुर थाना और नूरमहल थाना में दर्ज एफआईआर के संबंध में फ्रीज किया गया है।

मसूरी में नए साल की तैयारियां चरम पर, पर्यटकों का स्वागत करने को तैयार 'क्वीन ऑफ हिल्स'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। नए साल का जश्न मनाने के लिए पहाड़ों की रानी मसूरी पर्यटकों का स्वागत करने को पूरी तरह तैयार है। होटल, कैफ़े और पर्यटन स्थल रोशनी और सजावट से जगमगा रहे हैं। जिला प्रशासन, स्थानीय व्यापारी और होटल व्यवसायी पर्यटकों को एक यादगार अनुभव देने के लिए विशेष इंतजाम कर रहे हैं। मसूरी इस बार भी अपने मेहमानों के लिए खास यादें लेकर तैयार है। नए साल के इस खास मौके पर यहां का हर कोना उत्साह और उमंग से भरा नजर आएगा। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि मसूरी में नए साल के जश्न को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। पर्यटकों से अनुरोध है कि यातायात और स्वच्छता के नियमों का पालन करें। पर्यटकों का बढ़ता उत्साह मसूरी में हर साल नए साल के मौके पर हजारों पर्यटक आते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में लोग बर्फबारी का आनंद लेने और नए साल का जश्न मनाने की उम्मीद में मसूरी का रुख कर रहे हैं। होटल और गेस्ट हाउस लगभग पूरी तरह से बुक हो चुके हैं। कैम्पटी फॉल, गन हिल और माल रोड जैसे लोकप्रिय स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ देखी जा रही है। सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध जिला प्रशासन ने पर्यटकों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल और होमगार्ड की अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। माल रोड और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में वाहन पार्किंग के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों ने पर्यटकों से अपील की है कि वे वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें और शहर की स्वच्छता बनाए रखें। होटल और रेस्तरां की तैयारियांमसूरी के होटल और रेस्तरां ने पर्यटकों को लुभाने के लिए विशेष ऑफर और कार्यक्रम तैयार किए हैं। कई होटलों में नए साल की रात लाइव म्यूजिक और थीम पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। कैफ़े और रेस्तरां में उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजन और कॉन्टिनेंटल डिशेस का खास इंतजाम किया गया है। बर्फबारी का इंतजारपर्यटक इस समय मसूरी में संभावित बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, नए साल के आसपास हल्की बर्फबारी हो सकती है, जिससे जश्न का मजा दोगुना होने की संभावना है।

शौर्य और बलिदान की मिसाल : साहिबजादों की याद में गुरुद्वारों में शहीदी सप्ताह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। सिक्ख समाज के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादे, माता गुजर कौर और समूह शहीदों को समर्पित सफर-ए-शहादत पंचपुरी के समस्त गुरुद्वारों में मनाया जा रहा है। निर्मल संतपुरा आश्रम गुरुद्वारे के परमाध्यक्ष संत जगजीत सिंह शास्त्री ने बताया कि 21 से 28 दिसंबर तक चार साहिबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह माता गुजर कौर के साथ समूह शहीदों की याद में शहीदी सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरुद्वारों में रोजाना श्रीसुखमणि साहिब पाठ और इतिहास कथा सुनाकर संगत को निहाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सप्ताह सिक्खों के लिए बहुत पवित्र सप्ताह होता है। दशम

पिता गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों ने युवा काल में ही देश और कौम के लिए अपना बलिदान दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऋषिकेश स्थित हेमकुंट साहिब गुरुद्वारे में शनिवार देर रात तक शबद-कीर्तन, कथा का श्रवण संगत ने किया, जिसमें हरिद्वार से भी सैकड़ों की संख्या में संगत शामिल हुई। उन्होंने कहा कि इसके बाद गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव आ रहा है जिसकी तैयारी की जा रही है। प्रतिवर्ष की भांति प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर संत बलजिंदर सिंह शास्त्री, संत तरलोचन सिंह, संत मंजीत सिंह, सरबजीत कौर, हरजीत सिंह, इंदरजीत सिंह बिट्टू, हरविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, हर्पिदर सिंह, अमरजीत सिंह, सुमन शर्मा, बादल, अंकुर, हरमन आदि उपस्थित थे।

अमृतसर में 10 किलो हेरोइन बरामद, दो गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और पाक-आधारित तस्करों से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी पाक-आधारित तस्करों के संपर्क में थे और 2015 में, दो पाकिस्तानी नागरिक 19.5 किलोग्राम हेरोइन के साथ सीमा पार कर गए थे और उन्हें उपरोक्त आरोपियों के साथ 2.5 किलोग्राम हेरोइन, 65 लाख ड्रग मनी, एक पिस्तौल और एक राइफल के साथ गिरफ्तार किया गया था। उन्होनें कहा कि आरोपी सुखदेव सिंह पिछले साल जेल से बाहर आया था और दूसरा आरोपी अवतार सिंह सितंबर के महीने में जमानत पर बाहर आया था। डीजीपी यादव ने कहा कि अमृतसर के गेट हकीमा थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

मोहाली में रातभर चला रेस्क्यू ऑपरेशन, 2 शव निकाले 3 अभी भी लापता, बिल्डिंग का मालिक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के मोहाली में शनिवार शाम गिरी मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के मलबे से रविवार सुबह दो शव बरामद किए गए। एनडीआरएफ व सेना की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। पुलिस ने ढही इमारत के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दिए बयान में जिम ट्रेनर ने बताया कि बिल्डिंग के तीन फ्लोर में जिम थे, बाकी 2 में लोग किराए पर रहते थे। एनडीआरएफ और सेना के जवान रातभर मोर्चे पर डटे रहे और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा। देर रात बचाव दल ने एक लड़की को मलबे से निकाला। उसे घायल अवस्था मे अस्पताल

पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान दृष्टि वर्मा (20) के रूप में हुई है। वह हिमाचल प्रदेश में ठियोग के रहने वाले दिवंगत भगत वर्मा की पुत्री थी। उसे सोहाना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बचाव दल ने रविवार सुबह एक युवक का शव बाहर निकाला। मृतक अम्बाला निवासी अभिषेक मोहाली की आईटी कंपनी में काम करता था। वह जिम में आया था। कल शाम को ही उसका परिवार यहां पहुंच गया था। आज अभिषेक का शव मिलने के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने परिजनों को संभाला और शव को अस्पताल ले गए। मोहाली के कार्यवाहक उपायुक्त विराज एस तिड़के ने बताया कि अभी तीन और लोगों के दबे होने की आशंका है। एनडीआरएफ की टीमें अपना काम कर रही हैं। एसएसपी दीपक पारीक ने बताया है कि साहिबजादा अजीत सिंह नगर पुलिस ने चाओ माजरा के रहने वाले बिल्डिंग मालिक परविंदर सिंह और गगनदीप सिंह के खिलाफ शनिवार रात को पुलिस स्टेशन सोहाना में मामला दर्ज कर लिया है।

मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने राष्ट्रीय गणित दिवस पर अध्यापकों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। राष्ट्रीय गणित दिवस पर क्षेत्रीय विधायक व मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने रविवार को तीर्थनगरी में गणित विषय के अध्यापकों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को याद किया गया। रविवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय पर राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंत्री अग्रवाल ने गणित विषय के अध्यापकों भाष्कर बिजल्वाण, संजीव चौधरी, श्रीमान सिंह चौहान, लखविंदर सिंह, पंकज जोशी, प्रवेश कुमार को सम्मानित किया। इस मौके पर मंत्री अग्रवाल ने कहा कि भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को ही राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्रीनिवास रामानुजन, एक अनुकरणीय भारतीय गणितज्ञ थे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष वीरभद्र सुरेंद्र कुमार, अध्यापक राकेश भंडारी, प्रताप सिंह राणा, रविंद्र कुमार, अरविंद चौधरी आदि उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर झूलता मिला युवक का शव, दो दिन बाद होनी थी सगाई

हरिद्वार। एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला लक्सर कोतवाली क्षेत्र का है। दरअसल, लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भोगपुर स्थित श्रीबालाजी स्टोन क्रेशर में जॉनी (22) पुत्र धीर सिंह निवासी पंडितपुरी लक्सर मुंशी के पद पर कार्य करता था। जॉनी रात-दिन स्टोन क्रेशर पर ही रहता था। पुलिस के अनुसार बीती देर रात जॉनी का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने स्टोन क्रेशर की सीसीटीवी की डीवीआर अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक के परिजनों का आरोप है कि जॉनी की हत्या की गई है। पुलिस मामले की जांच कर में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि दो दिन बाद मृतक की सगाई होनी थी।

दून पुस्तकालय में बच्चों ने बुनीं रचनात्मकता की रंगोली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। इस सप्ताहांत, दून पुस्तकालय एक रंगीन उत्सव का केंद्र बन गया। शनिवार को आयोजित क्रिसमस शिल्प कार्यशाला और रविवार को कहानी वाचन व लेखन सत्र ने बच्चों की कल्पनाशीलता को नई उड़ान दी। रंगीन कागजों और चमकदार सजावट से सजे पुस्तकालय में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का जादू बिखेरा। उन्होंने खूबसूरत क्रिसमस कार्ड और सजावट बनाई। रविवार को, अमेरिका से आई कहानीकार उपासना काकरू ने अपनी मनमोहक कहानियों से बच्चों को एक नए संसार में ले गई। लगभग 100 बच्चों ने सांसें थामकर इन कहानियों को सुना और अपनी कल्पनाओं की दुनिया में खो गए। इतना ही नहीं, आसरा ट्रस्ट और विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को शब्दों में पिरोते हुए विभिन्न विषयों पर कहानियां लिखीं। इन कहानियों में प्रकृति, दोस्ती, सपने

आदि जैसे विषय प्रमुख रहे। सर्वश्रेष्ठ कहानी को उपासना की पत्रिका ''बेंटो'' में प्रकाशित किया जाएगा। दून पुस्तकालय के बाल अनुभाग की प्रभारी मेघा ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के लिए केवल मनोरंजन का नहीं, बल्कि उनकी कल्पनाओं और अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने का माध्यम है। हम चाहते हैं कि हर बच्चा यहां आकर कुछ नया सीखे और अपने सपनों को आकार दे। क्रिसमस शिल्प कार्यशाला में दीपाक्षी गुसाईं, कल्पना बहुगुणा और ज़ोहरा निज़ामी जैसी कुशल कलाकारों ने 30 से अधिक बच्चों को सिखाया कि कैसे साधारण चीजों को अपनी कल्पना के पंखों से सुंदर क्रिसमस कार्ड्स और सजावट में बदला जा सकता है।

बच्चों की रचनात्मकता ने ऐसा जादू बिखेरा कि हर कोई उनकी कृतियों की तारीफ करता नज़र आया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ आए अभिभावकों ने भी इन आयोजनों की सराहना की और पुस्तकालय के इस प्रयास को बच्चों की छुट्टियों को खास बनाने वाला कदम बताया।



चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063